# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 22 मई 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 5 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1420 : ऑस्ट्रिया और सीरिया से यहूदियों को निकाला गया।

1774 : धार्मिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सबसे अग्रणी राजा राममोहन राय का जन्म हुआ।

1915 : प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली ने आस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1972 : पाकिस्तान द्वारा राष्ट्रमंडल की सदस्यता से त्यागपत्र।

2001 : दलाई लामा ने तिब्बत की आजादी की मांग छोड़ी।

2003 : अल्जीरिया में आये विनाशकारी भूकम्प में हजारों से भी अधिक लोग मारे गये।

## आदिवासी बहुल इलाकों में खुलेंगे होटल, रेस्टोरेंट और बार

### हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित टीएसी की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल यानी टीएसी की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुई। झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक में भाजपा के दो विधायक बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन के अलावा अन्य सभी 17 सदस्य बैठक में मौजूद थे। करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और इसे मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीएसी के सुझाव पर सरकार निर्णय लेगी और आदेश जारी होगा। उन्होंने कहा कि टीएसी की बैठक में आदिवासी हितों पर चर्चा हुई है और इस विषय पर संबंधित विभागों को मसौदा तैयार करने को कहा गया है। दस्तावेज आने के उपरांत इस पर पूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन के द्वारा बैठक का



बहिष्कार किए जाने पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब-जब यह विपक्ष में रहेंगे तब तब सरकार का विरोध करते रहेंगे। ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में मेसा बिल 2021 के संशोधन पर चर्चा नहीं हो सकी। हालांकि कई अहम विषयों पर निर्णय लिए गए। बैठक की जानकारी देते हुए स्टीफन मरांडी ने कहा कि बैठक में वैसे ग्राम पंचायत क्षेत्र जहां 50% से अधिक आदिवासी की आबादी है, जिसे सरकार ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय राजकीय तथा स्थानीय महत्व का पर्यटन क्षेत्र घोषित किया है उनमें पर्यटन एवं राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती की स्वीकृति पर सहमति जताई है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट और बार खोलने की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा पश्चिम सिंहभूम में खरकाई नदी पर प्रस्तावित ईचा डैम के निर्माण को पुनर्बहाल करने पर भी चर्चा हुई है। स्टीफन मरांडी ने कहा कि राजस्व थाना क्षेत्र और पुलिस थाना क्षेत्र को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई है और इस संबंध में विभाग से रिपोर्ट मांगा गया है। 16 नवंबर 2023 को हुई पिछली बैठक की समीक्षा करते हुए टीएसी ने कई अहम प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की है। गौरतलब है कि वर्तमान में टीएसी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा उपाध्यक्ष हैं। इसका अलावा बाबूलाल मरांडी, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, संजीव सरदार, चंपाई सोरेन, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, राम सूर्या मुंडा, राजेश कच्छप, जिगा सुसारन होरो, नमन विक्सल कोंगारी और रामचंद्र सिंह विधायक के रूप में टीएसी के सदस्य और जोसाई मार्डी और नारायण उरांव मनोनीत सदस्य हैं।

## सुधा डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अमूल दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब सुधा डेयरी ने भी दूध की कीमतें बढ़ा दी हैं। फुल क्रीम मिल्क (गोल्ड) के लिए अब प्रति लीटर 65 रुपए देने होंगे। वहीं सुधा शक्ति दूध अब 55 रुपए के बजाय 57 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। गाय के दूध की कीमत भी 52 रुपए से बढ़कर 54 रुपए हो गई है। नई दरें 22 मई से लागू होंगी, जो बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में प्रभावी रहेंगी। यह बढ़ोतरी उत्पादन लागत, पशु चारे की बढ़ती कीमतों और वितरण खर्च में वृद्धि के कारण की गई है। फिलहाल सुधा के अन्य प्रोडक्ट जैसे घी, पेड़ा, लस्सी आदि की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। इससे पहले 1 मई से अमूल ने भी देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी की है। अमूल स्टैंडर्ड, अमूल बफैलो मिल्क, अमूल गोल्ड, अमूल स्लिम एंड ट्रिम, अमूल चाय मजा, अमूल ताजा और अमूल काऊ मिल्क की कीमतों में 2 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। सुधा दूध बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कॉम्फ़ेड) के तहत संचालित होता है। इसकी शुरुआत 1983 में हुई थी। यह बिहार में सहकारी दुग्ध योजना के रूप में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य किसानों को दूध के उचित दाम दिलाना और दूध माफिया के शोषण को खत्म करना था।

## झारखंड की बेटी कनिष्का ने इंटरनेशनल बॉक्सिंग रिंग में लहराया भारत का परचम

### पहले ही प्रयास में जीता ब्रांज मेडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में हमेशा से ही खेल और खिलाड़ियों का बोलबाला रहा है। क्रिकेट, हॉकी से लेकर बॉक्सिंग तक यहां के खिलाड़ी विदेश जाकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मूल रूप से चाईबासा की रहने वाली और वर्तमान में खेलगांव स्थित जेएसएसपीएस की कैडर कनिष्का कुमारी गोराई ने झारखंड के साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है। इस खिलाड़ी ने जॉर्डन में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता है। कनिष्का को सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सम्मानित भी किया है। दरअसल इस खिलाड़ी ने जॉर्डन के ओमान में आयोजित एशियाई अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि कुछ गलतियों के कारण वह गोल्ड मेडल से चूक गईं, फिर भी उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी। इस प्रतियोगिता में रूस, कतर, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ओमान, इंडोनेशिया, थाईलैंड, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मुक्केबाजों ने भाग लिया था। जिसमें इस खिलाड़ी ने अंडर-15 वर्ग में कांस्य पदक जीता है। कनिष्का को कजाकिस्तान की खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि कनिष्का का ट्रैक रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। वह लगातार सभी प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल राउंड तक पहुंची। लेकिन सेमीफाइल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों को जमकर मजा चखाया।

## डेढ़ करोड़ के इनामी बसवा राजू समेत 27 नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सुरक्षाबलों की तरफ से ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक इस अभियान के दौरान नक्सलियों के शीर्ष नेता बसवा राजू समेत कुल 27 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। अनुमान है कि अभियान के दौरान कई माओवादी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुठभेड़ के दौरान नक्सली हमले का बहादुरी से मुकाबला करते हुए डीआरजी का एक जवान का बलिदान हो गया। मुठभेड़ में कुछ अन्य जवानों को इस ऑपरेशन के दौरान चोटें आई हैं। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। सर्च अभियान लगातार जारी है। नक्सलियों के खिलाफ इस एक्शन में नक्सिलयों का शीर्ष नेता बसवा राजू भी मारा गया है। बसवा राजू कुख्यात नक्सली रहा है उसके ऊपर डेढ़ करोड़ का इनाम है। जानकारी के मुताबिक 2018 में बसवा राजू को नक्सल संगठन की कमान सौंपी गई थी। बसवा राजू का असली नाम नंबाला केशव राव है। उसे गगन्ना, प्रकाश और बीआर के नाम से भी जाना जाता है। वसवा राजू खूंखार नक्सली था वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का सीनियर कैडर था और दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी का चीफ था। राजू छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर आंध्र प्रदेश की सीमाओं पर सक्रिय था। सुरक्षाबलों की इस सफलता पर पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के पराक्रम की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवा राजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए बहादुर सुरक्षाबलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ।

**■ पीएम नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों को सराहा**

## पाकिस्तान हाईकमीशन के अफसर को निकाला

**नई दिल्ली। (नबिटा ब्यूरो)।** भारत ने बुधवार शाम को पाकिस्तान हाई कमीशन के एक और अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। ऐसा 8 दिनों में दूसरी बार किया है। इससे पहले 13 मई को एक अफसर को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर भारत से जाने को कहा था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह अफसर अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक निष्कासित अफसर पर भारत के खिलाफ जासूसी जैसे गंभीर आरोप हैं।

## टीएसपीसी सब जोनल कमांडर गौतम यादव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मुठभेड़ में घायल हुए सब जोनल कमांडर गौतम यादव को पलामू पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बनारस में गिरफ्तार किया है। दरअसल प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के सब जोनल कमांडर के पेट में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लगी थी। पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि गौतम यादव, उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपना नाम बदलकर इलाज करवा रहा है। इसी सूचना के आलोक में एएसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का सत्यापन किया। जानकारी के मुताबिक पालमू पुलिस ने गौतम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उसे वाराणसी की कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौतम यादव का पुलिस अभिरक्षा में ही इलाज किया जाएगा। गौतम यादव की हालत में सुधार होने के बाद पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा।



बनारस में नाम बदल करवा रहा था इलाज

### मुठभेड़ के बाद रिश्तेदार के साथ भागा था वाराणसी

15 मई को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के होटवाग में पुलिस और टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद, पुलिस ने एके-47 की गोली समेत कई सामग्री को बरामद किया था। इसी दौरान गौतम यादव को पेट में गोली लगी थी। गौतम यादव अपने करीबी रिश्तेदार के साथ उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इलाज कराने के लिए भाग गया था। जानकारी के मुताबिक गौतम यादव वाराणसी में मिथिलेश यादव के नाम से अस्पताल में भर्ती था और इलाज करवा रहा था। दरअसल 15 मई को हुए मुठभेड़ में गौतम यादव को गोली लगी थी। टीएसपीसी का दस्ता 10 लाख के इनामी शशिकांत गंझू के नेतृत्व में ही रुका था। गोली लगने के बाद शशिकांत गंझू ने ही सभी तरह का इंतजाम किया था और गौतम के करीबी रिश्तेदार को बुलाया था। बाद में एक प्राइवेट गाड़ी से गौतम को वाराणसी भेजा गया था। गौतम यादव पर पलामू और चतरा में एक दर्जन से भी अधिक नक्सल घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

## सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य को 32 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में रोहतास जिले से एक और घूसखोर को पकड़ा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने बुधवार को सासाराम के केंद्रीय विद्यालय में छापेमारी की। इस दौरान प्राचार्य मयंक कुमार श्रीवास्तव को 32 हजार रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की इस कार्रवाई से स्कूल में हड़कंप मच गया। बीते 24 घंटे के भीतर बिहार में घूसखोरों के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई है। प्राचार्य ने माही इंटरप्राइजेज के सप्लायर प्रिंस कुमार से 1 लाख 92 हजार रुपये का बिल पास कराने की एवज में रिश्वत ली। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे के आस-पास केंद्रीय विद्यालय में पहुंची। सबसे पहले मेन गेट पर तैनात गार्ड से टीम ने चाबी मांगी। चाबी नहीं देने पर उसे भी फटकार लगाते हुए गेट में तालाबंदी की और गार्ड का मोबाइल फोन जब्त कर लिया। प्राचार्य के कार्यालय से लेकर आवास तक घंटों छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि छापेमारी की कार्रवाई करीब चार घंटे तक जारी रही। सीबीआई के वरीय अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा रिश्वत मांगी जा रही थी। उनके खिलाफ काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थी। इसके बाद छापेमारी की कार्रवाई की गयी है।

## कोयला खदान में लंबे समय से धधक रही आग, जिंदा समा गया मजदूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचुंगडीह में भैरवी नदी के किनारे अवैध सुरंगनुमा कोयला खदान में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के दौरान एक मजदूर देर रात इसमें जिंदा समा गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीसीएल और रजरप्पा पुलिस मौके पर पहुंची और गिरे मजदूर की खोजबीन शुरू की। माइंस रेस्क्यू की टीम भी मौके पर मौजूद है। प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन द्वारा पिछले सात घंटे से बचाव कार्य जारी है। हालांकि लापता रविन्द्र महतो का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दरअसल, रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचुंगडीह में भैरवी नदी के किनारे अवैध कोयले खादान में पिछले एक महीने से आग धधक रही है। जिला प्रशासन, वन विभाग और सीसीएल द्वारा आग बुझाने का काम किया जा रहा है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं रामगढ़ विधायक ममता देवी ने भी इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और आग पर हर हाल में काबू पाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे। जिसके बाद एक ट्रेंच काटा गया था ताकि फ्लाई ऐश और डस्ट डालकर आग पर काबू पाया जा सके। इस बीच, आग बुझाने के



मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी और विधायक

समय एक मजदूर उसमें गिर गया। लापता मजदूर की पहचान गोला थाना क्षेत्र के खोखा (बंदा) का रहने वाला रविंद्र महतो के रूप में हुई है। इधर, घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी गांधी महतो ने बताया कि रविंद्र पाइप लेकर आग बुझा रहा था। इस दौरान अचानक जमीन धंस गई और रविंद्र उसमें समा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन आग इतनी तेज थी कि वे उसे बचा नहीं सके। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध खदान में आग लगने की सूचना मिले एक महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन अब तक आग बुझाने के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। प्रबंधन की ओर से भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। आग बुझाने के कार्य में कोई सुरक्षा इंतजाम भी नहीं था। घटना की सूचना मिलने के बाद रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद समेत कई अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उन्हें स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, रामगढ़ विधायक ममता देवी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार लिखित रूप से मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। वहीं, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध कोयला खदान में लगी आग को बुझाने में मजूदर जुटे थे। इसी दौरान एक मजदूर खदान में गिर गया। मजदूर को बाहर निकालने के लिए रात से ही बचाव कार्य जारी है। घटना में परिजनों को हर संभव मदद की जाएगी।

## रिश्वत लेते शास्त्री नगर थाना का एएसआइ गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में घूसखोर एएसआई गिरफ्तार हुआ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शास्त्री नगर थाने में पदस्थापित एएसआई अजीत कुमार सिंह को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। महुआ बाग स्थित शिव मंदिर के पास से उसे पकड़ा गया है। निगरानी विभाग के मुताबिक एएसआई अजीत कुमार सिंह ने पटना के राजा बाजार की रहने वाली नूरजहां से किसी मामले में 50 हजार की रिश्वत की मांग की थी। आरोपी एएसआई ने उसे साफ-साफ कहा कि अगर यह रकम नहीं दी गई तो वह उसकी कोई मदद नहीं करेंगे।


एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते — स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

**अंतिम तिथि: 31 मई 2025!**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए
अनिवार्य वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए
(केवल FSSAI के FOSCOS पोर्टल के माध्यम से)

**सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त निर्माता, आयातक और खाद्य निर्माता-निर्यातक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न जमा करेंगे**

- एफएसएस (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंसिंग और पंजीकरण) विनियम, 2011 के खंड 2.1.13 और लाइसेंस 05 की शर्तें देखें
- **वार्षिक रिटर्न कैसे दाखिल करें :**
- चरण 1: FoSCOS पोर्टल में लॉग इन करें
- चरण 2: बांए मेनू पर जाएं > वार्षिक रिटर्न > वार्षिक रिटर्न भरें

वार्षिक रिटर्न दाखिल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें:

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन के लिए भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान लाइसेंस समाप्त होने या सरेंडर होने पर भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- 31 मार्च 2025 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- रीपैकर और रीलेबेलर को भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।




**गैर-अनुपालन के परिणाम :**

- जुर्माना: 1 जून 2025 से प्रतिदिन 100 रुपये
- FSS अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है

**अधिक जानकारी के लिए :**

- FOSCOS [https://foscos.fssai.gov.in पर जाएं
- FSSAI की हेल्पलाइन @1800112100 पर सुबह 7:00 बजे से रात
- 11:00 बजे तक कॉल करें
helpdesk-foscos@fssai.gov.in पर लिखें

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526

# माइक्रोफाइनेंस कर्मी से लूट, बालक की हत्या मामले में एक दोषी करार

**एक ओर अपराधियों ने हथियार के बल पर की नकदी व मोबाइल से ट्रांसफर की रकम की लूट, तो दूसरी ओर अदालत ने मासूम की हत्या में सुनाया फैसला**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले में अपराध की दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं–हिलसा थाना क्षेत्र में लुटेरों ने माइक्रोफाइनेंस कंपनी के फील्ड अफसर से करीब एक लाख से अधिक की लूट की, वहीं सरमेरा थाना क्षेत्र में मासूम की हत्या मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार दिया है।

पहली घटना हिलसा के अकबरपुर गांव की है, जहां मंगलवार की शाम आईआई सेवा इंडिया माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत फील्ड अफसर ओमप्रकाश से बदमाशों ने 90 हजार रुपये नकद और मोबाइल से 14,500 रुपये जबरन ट्रांसफर करवा लिए। हथियारबंद छह की संख्या में रहे युवकों ने उनकी कार रोककर चाबी छीनी, मारपीट की और लूट के बाद धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद डरे-सहमे अफसर ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी और बुधवार को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दूसरी ओर, सरमेरा थाना क्षेत्र के काजीचक गांव में 2021 में 10 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार की हत्या मामले में कोर्ट ने जीतू पासवान को दोषी करार दिया है। विशेष अनुसूचित जाति/जनजाति न्यायालय के एडीजे-6 धीरज कुमार भास्कर 31 मई को सजा सुनाएंगे। मृतक के पिता बसंत पासवान के अनुसार, बच्चा खेत की रखवाली करने गया था और तीन दिन बाद उसकी लाश जदुवाने पैन से बरामद हुई थी। अभियोजन की ओर से नौ गवाहों की गवाही कराई गई, वहीं डीएलएसए की ओर से अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने बचाव में बहस की।

## 59 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक आभिनव धीमान ने बताया कि 20 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में 1, साइबर क्राईम में 4, मद्य निषेध में 9 एवं अन्य गिरफ्तारी 45 कुल 59 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 180 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-38 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-02 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 105 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 22 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01, मोबाईल 09, लैपटॉप 1 एवं टैब 1 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** स्थानीय बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली सड़क पर मंगलवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में हुआ, जिससे तीनों सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ओड़ो गांव निवासी भोला मांझी (पुत्रीः दूलो देवी, उम्र 17) ने नवादा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे घायल कमलेश कुमार (पुत्रः दिनेश रविदास, उम्र 18) की मौत बुधवार सुबह गया में इलाज के दौरान हो गई। तीसरा घायल युवक राहुल कुमार (पुत्रः उदय साव) की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज बिहारशरीफ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद भाजपा नेता व ओड़ो गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, किसान नेता विजय कुमार सिंह, 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य प्रिय रंजन सिंह, चंदन सिंह सहित कई समाजसेवियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना दी और जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सीआरसी स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के सभी 23 कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) में मशाल 2024 के तहत तीन दिवसीय संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 22 से 24 मई तक आयोजित की जा रही है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता सुबह 7:00 बजे से 9:30 बजे तक होगी। सीआरसी महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संकुल संचालक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, साइक्लिंग, कबड्डी और फुटबॉल (बालक व बालिका वर्ग) शामिल हैं। 22 मई को एथलेटिक्स और साइक्लिंग, 23 मई को कबड्डी और फुटबॉल (बालक), तथा 24 मई को कबड्डी और फुटबॉल (बालिका) के मुकाबले होंगे। सीआरसी खड़तरी मध्य के संकुल संचालक राकेश रंजन ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए ओआरएस, नींबू-पानी, ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। सभी शिक्षकों को सहयोग के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधन कार्य समिति की बैठक

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड सभागार में मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधन कार्य समिति की बैठक मंत्री राजू मुखिया की अध्यक्षता में हुई। बिसीवो प्रशांत रंजन ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैठक में पूर्व प्रस्तावों और निर्गत पटा व रसीद की समीक्षा की गई। अगली बैठक में नए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। अध्यक्ष विजय मुखिया अनुपस्थित रहे। बैठक में प्रमिला देवी, सुखिया देवी, राजपति देवी, अनीता देवी, रमाशंकर शाह, विनेज साहनी, मोहन मुखिया सहित अन्य सदस्य और समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने समिति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## स्वामी विवेकानंद के नाम पर हो राजगीर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** विधानसभा चुनाव के पहले बिहार के क्रिकेट प्रेमियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। मगध की प्राचीन राजधानी राजगीर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बनाये जा रहे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन होना है। उद्घाटन की तिथि 12 अगस्त को लगभग तय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इस स्टेडियम का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन की तिथि तय होने के साथ ही स्टेडियम के नामाकरण की भी चर्चा होने लगी है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने राजगीर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कहै अथवा राजगीर के खेल परिसर का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखने का सुझाव सरकार को दिया है। उनका कहना है कि स्वामी जी खेल प्रेमी थे। उनका कहना था कि श्अगर तुम गीता को समझ नहीं सकते, तो पहले फुटबॉल खेलो। यह कथन अपने आप में गहरी अर्थवत्ता रखता है। इसका उद्देश्य यह नहीं है कि श्रीमद्भागवत गीता का महत्व कम किया जाय। बल्कि यह दर्शाना है कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास से पहले शारीरिक बल और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि एक कमजोर शरीर में न तो आत्मबल



होता है, और न ही वह उच्च विचारों को आत्मसात कर सकता है। गीता जैसे गूढ़ ग्रंथ को समझने के लिए व्यक्ति में मन की स्थिरता, आत्मबल और विवेक होना जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ और मजबूत होगा तभी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। फुटबॉल जैसे खेल शरीर को ताकतवर बनाते हैं। टीम भावना सिखाते हैं। अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करते हैं। उनका यह कथन भारत के युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य की अनदेखी न करने की प्रेरणा देता है। स्वामी जी चाहते थे कि युवा केवल पुस्तकों में डूबे न रहें, बल्कि खेलों के माध्यम से अपने शरीर को भी मजबूत बनायें। ताकि वे जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना कर सकें।

## नर्तकी के डांस पर हथियार लहराना पड़ा महंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** भतीजी की शादी में नर्तकी के साथ हथियार लहराना चाचा को महंगा पड गया और पुलिस ने लहराये गये हथियार के साथ चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला बंजरिया थाना क्षेत्र के सेमरहिया गांव का था, जहां एक शादी समारोह में लड़की के चाचा ने नर्तकी के डांस के साथ हथियार लहरा रहा था। जिसका वीडियो खुब तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर बंजरिया थाना पुलिस ने लहराये गये हथियार के साथ चाचा जटाशंकर यादव उर्फ दमकल को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि उक्त मामले में एसपी ने दो चौकीदार सुधांशु राज व प्रेम राय को सूचना संकलन कर थाना को सूचित नही करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। गिरफ्तारी में बंजरिया थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## अजहर हुसैन अंसारी और नीलम देवी बने जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** बिहार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मोतिहारी नगर के समाजसेवी अजहर हुसैन अंसारी और नीलम देवी को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद, पूर्वी चंपारण का सदस्य नामित किया है। विभाग द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। दोनों के मनोनयन की सूचना मिलते ही नगर में हर्ष का माहौल बन गया। परिजनों, शुभचिंतकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में अधिवक्ता अनिल कुमार, अधिवक्ता पंकज कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, योगेंद्र कनौजिया, अशोक वर्मा, नंदलाल प्रसाद, रत्नेश्वर, फरहत, चंद्रशेखर गुप्ता, शेख मोहम्मद हाशिम, प्रमोद स्टीफन और तारकेश्वर प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हैं। गौरतलब है कि अजहर हुसैन अंसारी पूर्व में भी जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य रह चुके हैं और उपभोक्ता हितों की रक्षा में उनकी भूमिका सराहनीय रही है वहीं नीलम देवी का सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान रहा है। दोनों के मनोनयन से परिषद की कार्यक्षमता में मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रकृति के महान चितेरे और मानवतावादी कवि थे सुमित्रानन्दन पंत

**पत्रिका 'दूसरा मत' के गजल विशेषांक का हुआ लोकार्पण तथा कवि-गोष्ठी का आयोजन**

डा.बिन्देश्वरत प्रसाद गुप्ता




हिन्दी काव्य-साहित्य में छायावाद-युग के प्रमुख स्तंभ के रूप में परिगणित महकवि सुमित्रानन्दन पंत प्रकृति के महान चितेरे और मानवतावादी कवि थे। उनकी रचनाओं के विराट विस्तार में प्रकृति का चित्ताकर्षक चित्रण तो है ही, समाज की पीड़ा के साथ मानवतावादी समाजवाद भी है, जो प्रगतिवाद के रास्ते से अध्यात्म-वाद पर संपन्न और संपूर्ण होता है। यह बातें विगत 20 मई को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पंत-जयंती और कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, पंत जी की रचना-प्रक्रिया को समझने के लिए, उनके जीवन के चार काल-खंडों का अलग-अलग अध्ययन करना आवश्यक है। कवि अपने यौवन में प्रेम और प्रकृति तथा उनके उदात्त सौंदर्य के चितेरे के रूप में दिखाई देते हैं। इसके पश्चात उन पर, साम्यवाद के जनक मार्क्स और प्रगतिवाद का प्रभाव दिखता है। फिर वे महात्मा-गाँधी से प्रभावित होकर सेवा और मानवता-वादी दृष्टिकोण के ध्वज-वाहक दिखते हैं। और, जीवन के चौथेपन में उन पर महर्षि अरविन्दो का प्रभाव पड़ता है, जिसमें उनकी आध्यात्मिक-चेतना उर्द्धगामी होती दिखाई देती है। उन्हें भारत सरकार के पद्म-भूषण अलंकरण, साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वे साहित्य सम्मेलन की सर्वोच्च मानद उपाधि 'विद्या-वाचस्पति' से भी विभूषित हुए थे। अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए सम्मेलन के साहित्यमंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि यों तो हिन्दी काव्य के इतिहास में अनेक आन्दोलन हुए, किंतु छायावाद को हिन्दी काव्य का स्वर्ण युग कहा जाता है। इस युग ने काव्य की दिशा बदल दी। पंत जी इस युग के गौरव स्तम्भ हैं। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा. शंकर प्रसाद, डा. मधु वर्मा, प्रो. रत्नेश्वर सिंह, बच्चा ठाकुर तथा विभा रानी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पाक्षिक पत्रिका 'दूसरा मत' के विशेष ग़ज़ल-अंक का लोकार्पण भी किया गया। पत्रिका के संपादक और शायर ए.आर. आज़ाद ने पत्रिका के साहित्यिक अवदानों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का शुभारंभ चंदा मिश्र ने वीणावादिनी सरस्वती-वंदना से किया। सम्मेलन अध्यक्ष डा.अनिल सुलभ ने - 'मैं मरुथल-सा चिर प्यासा, तू प्रेम सुधा की अविरल धारा/ मैं स्वाति का एक बूंद तू प्रेम सुधा की अविरल धारा', पत्रकार डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता ने - 'यह कैसी घड़ी आई है / आज नींद नहीं आई है...' क्रमशः श्रृंगारिक एवं मार्मिक व कारूणिक भावाभिव्यिक्त से सराबोर ग़ज़ल तथा मंच के संचालक ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने 'कैसी लगन लगी मेरे मीत ...' सस्वर श्रृंगारिक गीत सुनाकर पूरे सभागार में उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। इनके अतिरिक्त, अन्य कवियों - कवयित्रियों ने भी जो अपने काव्य-पाठ के द्वारा अपेक्षित प्रभाव डालने में सफल रहें, वे थें -वरिष्ठ शायर आर.पी. घायल, गीतिधारा के चर्चित कवि आचार्य विजय गुंजन, ओमप्रकाश पाण्डेय 'प्रकाश', कुमार अनुपम, चंद्रिका ठाकुर 'देशदीप', राजेश दूबे, प्रो. सुनील कुमार उपाध्याय, कुमार अनुपम, शायरा शमा कौसर 'शमा', डा. वीणा, डा. प्रतिभा रानी, सुधा पाण्डेय, उत्तरा सिंह, सदानन्द प्रसाद, ईं. अशोक कुमार, रौली कुमारी, सुनीता रंजन, शंकर शरण आर्य, प्रेम प्रकाश, श्रुत कीर्ति अग्रवाल, अर्चना भारती नागेन्द्र, भास्कर त्रिपाठी आदि कवियों और कवयित्रियों ने भी काव्य-पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर, वरिष्ठ व्यंग्यकार बांके बिहारी साव, प्रवीर कुमार पंकज, इंदु भूषण सहाय, डा.चन्द्रशेखर आज़ाद, दुःख दमन सिंह, नन्दन कुमार मीत तथा सुमन कुमार सहित कई कविगण, साहित्यकार और सुधी श्रोता उपस्थित थे। कहना न होगा कि देर संध्या तक बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, पटना (बिहार) द्वारा आयोजित इस साहित्यिक समारोह के माध्यम से जहां छायावाद के प्रखर स्तंभ महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, वहीं दूसरी ओर सभागार में उपस्थित नई पीढ़ी के लोगों को श्री पंत के साहित्यिक अवदानों से संबंधित बातों से अवगत होकर लाभान्वित होने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस दृष्टि से यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा , यदि कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## शहीद के परिजनों को सौंपा एक लाख का चेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** कौआकोल प्रखंड (गोविन्दपुर विधानसभा) के पांडेयगंगौट के सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत के पश्चात उनके आवास पर जा कर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं जिला परिषद सदस्य बिनीता मेहता ने अपनी संवेदनाएँ व्यक्त किया एवं भाजपा परिवार की ओर से 1 लाख रुपये का एक छोटा सा सहयोग राशि चेक के माध्यम से उनके परिवार को दिया। अनिल मेहता ने कहा की हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले भी भाजपा परिवार द्वारा वारिसलीगंज के ग्राम नारोमुरार एवं गोविंदपुर के ग्राम कटनी में शहीद जवान के परिवार को भी सहयोग राशि दी गई थी। उन्होंने कहा कि हम पूरी पार्टी की ओर से शाहिद जवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार अपने शहीद के परिवार के साथ है। मौक़े पर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, गोविंदपुर विधानसभा संयोजक कुंदन प्रभाकर, तरुण राजवंशी, अशोक सिंह, चंदन चंद्रवंशी सहित ग्रामीण और परिवार जन उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **नीलामी की कैटेगरीः** एमआईएससी. स्टैटिक सर्विसेस (एमएसएस)। **ई–नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमएसएस–04–06, स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः (i) मेडिकल स्टोर** :अंडाल और सिउड़ी स्टेशन में, **(ii) सलोन सर्विसेसः** पानागढ़ स्टेशन में, **(iii) रिलैक्सेशन चेयर** : आसनसोल स्टेशन में। **कुल 04 परिसंपत्तियाँः** मेडिकल स्टोरः 02, रिलैक्सेशन चेयरः 01, सलोन सर्विसेसः 01, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 04.06.2025 को 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई–नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ASN-54/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहादत दिवस में मनाया राजीव गांधी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम बिहारशरीफ में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई गई। बिहार कांग्रेस के कद्दावर एवं वरिष्ठ नेता स्व. सदानंद सिंह की 82वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्व. राजीव एवं स्व. सदानंद सिंह के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा के बाद उनके जीवनी पर वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति ने कहा कि स्व. राजीव गांधी सिर्फ हमारे कांग्रेस पार्टी के ही पहचान नहीं बल्कि वह देश के भी कर्णधार थे।

## कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति साइकिल वितरण योजना, कब्रिस्तान/सरना मसना घेराबंदी, आदि आदर्श ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, पीएम जन मन योजना समेत अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति भुगतान का निर्देश दिया। बैठक में एनआरईपी के तहत भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। आदि आदर्श ग्राम विकास योजना के अंतर्गत पीसीसी सड़क एवं सोकपिट निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल), एनआरईपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं., ई–निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैः **1. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–23, दिनांक 21.05.2025,** आरओएच/बोकारो स्टील सिटी में आयरनाइट फ्लोरिंग, स्क्रैप यार्ड, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रावधान एवं अन्य नवीनीकरण कार्य के लिए विद्युत कार्य । **निविदा मूल्य :** रु. 27,09,860/– **2. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–24, दिनांक 21.05.2025,** भोजुडीह में आरओएच सुविधाओं के विकास के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 68,79,538/–, **3. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–25, दिनांक 21.05.2025,** आद्रा मंडल के 15 स्टेशनों पर स्टेशन के विकास एवं दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं (टेलीकम को छोड़कर) से संबंधित साइनेज के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,34,34,000/–, ई–निविदाओं की अंतिम तिथि और समय दिनांक 16.06.2025 को 12.00 बजे है और दिनांक 16.06.2025 को 12.30 बजे के बाद निविदाएँ खोली जाएंगी। उक्त ई–निविदा के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। (PR-184)

**विज्ञापन संख्या : 45/2025**

भारत सरकार

लोक उद्यम चयन बोर्ड

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (एचआर)**

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि

**09 जून, 2025 (15:00 बजे तक) है।**

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि

**18 जून, 2025 (17:00 बजे तक) है।**

जानकारी के लिए वेबसाइट

**https://pesb.gov.in**

में लॉग इन करें।

CBC 03111/12/0003/2526

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) के अंतर्गत मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल और वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के प्रावधान हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है:–

**नीलामी कैटलॉग सं. सीएटीजी–जीएमयू–25–6**

**क्रम सं. : एए/1, लॉट सं./कैटेगरीः सीएटीजी–एएसएन–एसएनक्यू–जीएमयू–98–25–1, कार्य का विवरणः** शंकरपुर रेलवे स्टेशन पर 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म शेड के नीचे प्रतीक्षालय के सामने डाउन प्लेटफॉम पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (साइज 10' X 6'=60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **ई–नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 02.06.2025 को 12.30 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन–डब्ल्यूवीएम–25–4**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण, ई–नीलामी की तिथि और समय** निम्नानुसार हैं : **एए/1, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–डब्ल्यूवीएम–47–25–1,** बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन पर 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म शेड के नीचे ट्रैक्शन पोल नं. 49/3 और 49/4 के बीच प्लेटफॉर्म नं. 01 पर स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, दिनांक 05.06.2025 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–डब्ल्यूवीएम–52–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर 05 वर्ष की अवधि के लिए फुट ओवर ब्रिज के पास प्लेटफॉर्म नं. 2–3, हावड़ा सिरे की ओर स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, दिनांक 05.06.2025 को 12.40 बजे। **एए/3, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–डब्ल्यूवीएम–48–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर 05 वर्ष की अवधि के लिए द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय/आरक्षण कार्यालय के सामने दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, दिनांक 05.06.2025 को 12.50 बजे।

ASN-53/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## झारखंड के 3 अमृत स्टेशन




राजमहल



शंकर पुर



गोविन्दपुर रोड

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल , झारखंड

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री , झारखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

## भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें

www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें /RailMinIndia

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 21-05-2025 22:20 Page 1



# दस वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार

## खुफिया इनपुट पर हुई कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 साल से फरार चल रहे मोस्ट वांटेड हार्डकोर नक्सली शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर मदनपुर प्रखंड कार्यालय और अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर विस्फोट कर हमला करने समेत करीब आधा दर्जन मामलों में संलिप्तता का आरोप है। गिरफ्तार नक्सली औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के नीमीडीह गांव का निवासी है। औरंगाबाद सदर के एसडीपीओ-2 अमित कुमार ने को बताया कि अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले को अपराध और नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान लगातार जारी हैं। इसी अभियान के तहत 10 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि औरंगाबाद जिले में नक्सली वारदातों में शामिल फरार हार्डकोर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष संयुक्त टीम पहले से ही सक्रिय है। तकनीकी और ह्यूमन इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जानकारी मिली कि शिवकुमार सिंह अपने गांव नीमीडीह में आया हुआ है और उसे गांव में घूमते हुए देखा गया है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गांव की घेराबंदी कर छापेमारी की और शिवकुमार सिंह को धर दबोचा। पूछताछ में नक्सली ने कई मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उस पर वर्ष 2014 में मदनपुर प्रखंड कार्यालय और अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर दस्ते के साथ हमला कर आगजनी, तोड़फोड़ और विस्फोट करने का आरोप है।

## वज्रपात से छात्रा की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। स्कूल से लौट रही चार छात्राओं पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्राएं बाल-बाल बच गईं। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मृत छात्रा की पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी रमेश राय की 13 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब सभी छात्राएं स्कूल से पढ़ाई खत्म कर घर लौट रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर में अचानक मौसम खराब हुआ और तेज बारिश शुरू हो गई। चारों छात्राएं पास की पगडंडी से होकर गांव की ओर लौट रही थीं। उसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में नंदनी आ गई। वह सबसे आगे चल रही थी, इसी कारण बिजली सीधे उसी पर गिरी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक नंदनी दम तोड़ चुकी थी।

# कोचिंग से लौट रहे दो छात्रों का अपहरण

- थाने से कुछ ही दूरी पर घटी घटना
- अपहृत ने अपने भाई को दी सूचना
- मोबाइल का लोकेशन बनारस का
- परिजनों में अनहोनी की आशंका
- पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। लूट, छिनतई, हत्या और अब अपहरण जैसी घटनाओं ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे थाना परिसर के पास भी वारदात को अंजाम देने से नहीं हिचक रहे।

ताजा मामला पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना क्षेत्र का है, जहां कनपा पुल के पास कोचिंग से लौट रहे दो छात्रों का अपहरण कर लिया गया। यह स्थान थाने से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने रानीतालाब थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पालीगंज अनुमंडल के लहलादपुर गांव निवासी शेखराम का 16 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार और जितेंद्र राम का 15 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार, मंगलवार (20 मई) को कनपा बाजार स्थित मूनलाइट कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के लिए गए थे। लेकिन देर शाम तक जब दोनों छात्र घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उन्हें फोन कर संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन दोनों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ बताने लगे। इसके बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की, लेकिन दोनों छात्रों का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच रात लगभग 1 बजकर 18 मिनट पर राकेश कुमार ने मौका पाकर अपने मोबाइल से अपने बड़े भाई सुकेश कुमार को कॉल किया। फोन पर राकेश ने बताया कि उसे और सुजीत को किसी ने कनपा पुल के पास एक चाउमिन की दुकान के नजदीक से अगवा कर लिया है। उन्होंने दोनों को एक अंधेरे कमरे में बंद कर रखा है। राकेश ने यह भी कहा कि उसे नहीं पता कि वह किस जगह पर है। उसने जैसे ही यह बात बताई, तभी किसी के आने की आहट सुनकर उसने कॉल काट दिया।

इस फोन कॉल के बाद परिजनों ने तत्काल रानीतालाब थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दी और अपहरण की आशंका जताई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन में जुट गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों छात्रों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई है, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी (बनारस) शहर में पाई गई है। इसके बाद पटना पुलिस की एक टीम संभावित लोकेशन की ओर रवाना हो गई है। वहां की स्थानीय पुलिस से भी संपर्क किया गया है और जल्द ही दोनों छात्रों की सकुशल बरामदगी की उम्मीद जताई जा रही है।

फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले पर खुलकर कुछ भी बोलने से बच रही है। अपहरण की पुष्टि अभी तक नहीं की गई है, लेकिन परिजनों की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला अपहरण का हो सकता है या इसके पीछे कोई और वजह भी हो सकती है। फिलहाल सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना की सच्चाई सामने आ सकती है।

# शराब तस्करों ने पुलिस वाहन में मारी ठोकर

## तीन पुलिसकर्मी सहित पांच जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** झारखंड से आ रही शराब की एक बड़ी खेप को पकड़ने गई पुलिस टीम पर शराब तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। स्कॉर्पियो सवार तस्करों ने पहले मुफस्सिल थाना की गाड़ी को टक्कर मारी और फिर सामने से डिवाइस इंटेलिजेंस यूनिट की गाड़ी में जोरदार टक्कर दे दी। इस घटना में डीआईयू प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, वहीं दो तस्कर भी जख्मी हुए हैं।

एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से एक स्कॉर्पियो वाहन में भारी मात्रा में विदेशी शराब मुंगेर लाई जा रही है। इस सूचना के आधार पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में डीआईयू टीम का गठन किया गया और छापेमारी के लिए सीताकुंड डीह के पास घेराबंदी की गई। जैसे ही संदिग्ध स्कॉर्पियो वहां पहुंची, वाहन में बैठे तस्करों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और पहले मुफस्सिल थाना की गाड़ी में टक्कर मारी। इसके बाद उक्त टीम की गाड़ी में सामने से जोरदार टक्कर दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे में डीआईयू प्रभारी चंदन कुमार, सिपाही अमृत तिग्गा और रौशन कुमार घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं, स्कॉर्पियो में सवार दो तस्कर राहुल कुमार और रवि महतो निवासी गोड्डा, झारखंड भी घायल हो गए। राहुल के हाथ और रवि के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का इलाज पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में चल रहा है।

स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें से 119 लीटर विदेशी शराब, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और चार अलग-अलग नंबर प्लेट बरामद हुईं। इससे तस्करों के नेटवर्क के सुनियोजित और पेशेवर होने के संकेत मिलते हैं। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर निवासी सावंत कुमार और असरगंज थाना क्षेत्र के ममई निवासी अमरेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

# अपहरण मामले में मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** सुपौल के रतनपुर थाने की पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में मुखिया संघ के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड अध्यक्ष सतीश पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 34 वर्षीय सतीश पांडेय मूल रूप से भपटियाही थाना क्षेत्र के शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत के रामनगर वार्ड 12 के निवासी हैं। वे वर्तमान में लगातार दूसरी बार शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत के मुखिया पद पर कार्यरत हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, 2 मई को 14 वर्षीय नाबालिग लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट रतनपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। लड़की के पिता के आवेदन के आधार पर पुलिस ने थाना कांड संख्या 43/25 दर्ज कर जांच शुरू की। प्राथमिकी में पिता ने बताया कि उनकी पुत्री 29 अप्रैल की दोपहर लगभग 2:30 बजे पढ़ाई के लिए कोचिंग गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद 2 मई को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

सोमवार की दोपहर रतनपुर पुलिस ने लड़की को मुखिया सतीश पांडेय के आवास से बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने सतीश पांडेय को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। रतनपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह की लंबी पूछताछ के बाद सतीश को हिरासत में लिया गया। मुखिया की गिरफ्तारी की खबर से थाना परिसर में समर्थकों की भीड़ जुट गई, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। इस बीच लड़की का मेडिकल कराया गया और फिर बयान के लिए वीरपुर व्यवहार न्यायालय भेजा गया। मंगलवार की देर शाम सतीश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रतनपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान मुखिया सतीश पांडेय को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। पूछताछ में प्राप्त 180 एवं 183 बीएनएस के बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पिता द्वारा 2 मई को केस दर्ज कराया गया था। जांच में पता चला कि लड़की अपने प्रेमी के साथ गांव से चली गई थी। सीडीआर और मोबाइल ट्रैकिंग से जानकारी मिली कि लड़की चंडीगढ़ गई थी।

# लाखों खर्च के बाद भी तालाब की हालत बदतर

**बक्सर।** स्थानीय प्रखंड के ओझाबरांव गांव में ऐतिहासिक बौद्धनाथ शिव मंदिर के समीप स्थित तालाब आज सरकारी उदासीनता और योजनाओं की कमी का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है।

मनरेगा के तहत लगभग नौ लाख रुपये की लागत से तालाब के चारों ओर पेवर्ड ब्लाक और बेंच लगाई गईं। इसके बाद सांसद निधि से भी लगभग पांच लाख की लागत से घाट का निर्माण हुआ था।


इसका मुख्य उद्देश्य था जल संरक्षण को बढ़ावा देना और गांव की भव्यता में चार चांद लगाना, लेकिन वर्तमान में यह तालाब पूरी तरह से सूख गया है। धूल और घास ने पानी की जगह ले ली है।

जिस तालाब में कभी श्रद्धालु स्नान कर भगवान शिव को जल अर्पण करते थे, अब वहां वीरानी पसरी है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना जल संचयन की ठोस व्यवस्था के यह सारी कोशिशें व्यर्थ हो रही है।

अब गांव के लोग यह सवाल कर रहे हैं कि योजनाएं केवल दिखावे के लिए बनी थीं या उनका कोई धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए आधार भी था।

# चना, मसूर और सरसों की भी होगी सरकारी खरीद

## सहकारिता मंत्री ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के किसानों से सरकारी स्तर पर चना, मसूर और सरसों की खरीद की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित है। 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से चना, 6700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से मसूर और 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की अधिप्राप्ति होगी।

इस बाबत सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय एजेंसी नेफेड और एनसीसीएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन मौसम 2025-26 में किसानों से दलहन/तिलहन की अधिप्राप्ति हेतु केंद्र सरकार ने नेफेड और एनसीसीएफ को अधिकृत किया है, जबकि राज्य में दलहन/तिलहन अधिप्राप्ति कार्यक्रम का नोडल डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को दी गई है। बिहार राज्य खाद्य निगम राज्य स्तरीय एजेंसी है।

दलहन/तिलहन अधिप्राप्ति के पूर्व किसानों का निबंधन, गोदाम की उपलब्धता एवं सर्वेयर की नियुक्ति आदि कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, निबंधक और सहयोग समितियां इनायत खान समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# प्रतिभा सम्मान तथा स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज द्वारा अपने प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जो सीमांचल के शैक्षिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज, संस्थान के निदेशक मंडल एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत 'शुभ स्वागत नृत्य' प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही एमडीएमएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें ₹जीते हैं चलो₹ और ₹ये जमीं रुक जाए₹ जैसे प्रेरणादायक गीतों पर भावनात्मक एवं प्रभावशाली नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि, रामकृष्ण मिशन, कटिहार के सचिव स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहाः ₹शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविकास और समाज निर्माण की आधारशिला है। सीमांचल जैसे क्षेत्र में रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज जैसे संस्थान की स्थापना युवाओं के लिए नई आशा लेकर आई है।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अजीताभ, प्राचार्य डॉ. रशीद हुसैन, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान एवं प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी उपस्थित रहे। इन्होंने संस्थान की आगामी योजनाओं, छात्रवृत्ति कार्यक्रमों एवं आधुनिक बुनियादी संरचना के विकास पर विस्तृत प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गौतम कुमार साह, उपाध्यक्ष, नगर निगम अररिया ने कहाः रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज जैसी संस्था का सीमांचल में उभरना यहाँ के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।अन्य सम्मानित अतिथियों में ली एकेडमी, फारबिसगंज की प्राचार्या नगमा रूही, वाहिद अंसारी एवं राशिद जुनैद भी शामिल रहे।

# बस स्टैंड में लगी भीषण आग, चार बसें हुई खाक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत महारानी बस स्टैंड में खड़ी 4 बस में मंगलवार की देर रात अचानक आग लग गई। एक-एक कर आग आसपास की बसों में फैल गई, जिसकी वजह से 4 बस जलकर खाक हो गईं।

आग लगने की घटना में 4 बस जलकर बुरी तरह जलकर राख हो गईं। आग लगने की घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना डॉयल 112 और अग्निशमन के कर्मी घटनास्थल पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सिविल लाइन थाना अध्यक्ष शमीम मोहम्मद ने बताया कि मंगलवार की देर रात करीब 2:00 बजे उन्हें महारानी बस स्टैंड में खड़ी बस में आग लगने की जानकारी मिली थी। घटनास्थल पर तुरंत थाना की गश्ती दल और अग्निशमन दल को भेजा गया। अग्निशमन की मदद से आज पर काबू पाया गया।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि सभी बस महारानी कंपनी की है, लेकिन पीड़ित व्यक्ति ने थाने में अभी तक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आपको बता दें कि गयाजी से दूसरे जिले और प्रदेश में महारानी की बसें चलती हैं। इसी बस स्टैंड से महारानी की सभी बसें खुलती हैं। घटनास्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर पेट्रोल टंकी ,है लेकिन समय रहते हैं आग पर काबू पा लिया गया। समीप में संचालित पेट्रोल टंकी और आसपास के लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। पीड़ित द्वारा थाने में आवेदन देने के बाद यह स्पष्ट होगा कि आग लगने की घटना में कितने रुपये का नुकसान हुआ है।

# राजगीर से चलेगी अजीमाबाद एक्सप्रेस

## टूरिस्ट स्पॉट कनेक्टिविटी में दिख रहा बदलाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** इंटरनेशनल टूरिस्ट स्पॉट राजगीर की रेल कनेक्टिविटी में इजाफा अब साफ दिख रहा है। इस दौरान पटना से अहमदाबाद तक जाने वाली अजीमाबाद एक्सप्रेस को, बहुप्रतीक्षित राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन के रूप में बुधवार की शाम से परिचालन का शुभारंभ कर दिया गया है।

जो बतौर (गाड़ी) संख्या 03203/4 राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन बनकर पटना तक तो जाएगी ही, वहीं पटना पहुंचने के बाद यह ट्रेन अजीमाबाद एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12947/48 बनकर अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी। बतौर प्रयोग इस ट्रेन का परिचालन 30 जुलाई 2025 तक की जाएगी।

इस दौरान इस बात की तस्दीक हो जाने पर कि रेलयात्रियों की दिलचस्पी इस ट्रेन में है कि नहीं और रेलयात्रियों की संख्या अच्छी रहने पर इसे आगे के दिनों के लिए विस्तारित किए जाने की संभावना है।

राजगीर से यह ट्रेन बिहार शरीफ, बख्तियारपुर, फतुहा होते पटना पहुंचेगी, जबकि पटना से चलकर यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, दीनदयाल उपाध्याय, विंध्याचल, प्रयागराज, कानपुर, टूंडला, आगरा फोर्ट, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, छायापुरी, नडियाल जंक्शन होते हुए अहमदाबाद तक जाएगी।

सप्ताह में दो दिन प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को इसका परिचालन होगा। इसका प्राइमरी मेंटेनेंस अहमदाबाद में किया जाएगा।

राजगीर रेलवे स्टेशन से 08 बजे यह ट्रेन चलकर रात्रि 11 बजकर 10 मिनट पर पटना जंक्शन पहुंचेगी। फिर वहां से रात्रि 11 बजकर 45 मिनट पर अहमदाबाद के लिए गाड़ी संख्या 12947/48 बनकर प्रस्थान करेगी। जो अगली सुबह 03 बजकर 50 मिनट पर अहमदाबाद पहुंचेगी।

यह विशेष ट्रेन में कुल 22 कोच से लैस हैं। जिसमें सेकंड एसी के 02 कोच, थर्ड एसी के 04 कोच, थर्ड एसी इकोनामी के 02 कोच, स्लीपर के 08 कोच, सामान्य (जनरल) के 04 कोच और गार्ड व पावर कार का एक-एक कोच जोड़ा गया हैं।

इस ट्रेन के परिचालन से अब अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक नगरी राजगीर इस रेल कनेक्टिविटी से गुजरात के अहमदाबाद से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। इस प्रकार के रेल कनेक्टिविटी का राजगीर के लोग काफी समय इन्तजार में थे। और लगातार ऐसी ट्रेन की मांगों का सिलसिला भी काफी समय से जारी था।

जिसमें राजगीर सहित नालंदा, नवादा ,शेखपुरा, वारसलीगंज, गया जिला के दक्षिणी क्षेत्र सहित नालंदा जिला के निकटवर्ती क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।

# एयरपोर्ट की तरह विकसित होगा पटना जंक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय रेलवे पटना जंक्शन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करेगा। यहां पर विश्वस्तरीय सुविधाएं यात्रियों को मुहैया कराई जाएंगी। वेटिंग हॉल से लेकर यातायात के अत्याधुनिक सुविधाएं यात्रियों को मुहैया कराने की तैयारी चल रही है। यात्रियों को समान ले जाने और लाने के लिए ट्रॉली की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

पटना जंक्शन से उतरने वाले यात्री ट्रॉली के माध्यम से अपने समान को लेकर मल्टी मॉडल हब तक जा सकते हैं। वहां पर उन्हें टोकन की भी सुविधा रहेगी। इसके अलावा, पटना जंक्शन पर दो नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। दोनों फुट ओवर ब्रिज 40 फीट चौड़ा होगा। दोनों फुटओवर ब्रिज पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से लेकर दस तक लंबे होंगे। अगर कोई यात्री मल्टी मॉडल हब से पटना जंक्शन पहुंचता है और गया लाइन की ट्रेन पकड़ना है तो वह सीधे पार्सल के पास बनने वाले फुटओवर ब्रिज से गया लाइन पहुंच सकता है। उसी तरह मीठापुर फुटओवर ब्रिज के पास भी 40 फीट चौड़ा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

राजधानी एवं पटना जंक्शन के समीप यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दानापुर मंडल के एडीआरएम आधार राज, नगर विकास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के एमडी शीर्षत कपिल अशोक ने पटना जंक्शन पर संयुक्त बैठक की।

पटना जंक्शन का प्रसिद्ध टिकट घर अब टूट जाएगा। उसके बदले दो नये भवन बनाये जाएंगे। दोनों भवन, दो नये फुटओवर ब्रिज के पास बनाये जाएंगे। एक नया भवन वर्तमान पार्सल के पास बनेगा, तो दूसरा नये पार्किंग के पास बनाया जाएगा।

# दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** दो बाइक की सीधी टक्कर में जख्मी हुए बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। एक युवक की मौत शाम इलाज के लिए नवादा लेकर जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। वही दूसरे युवक की गयाजी में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई।इस घटना में तीसरा युवक गंभीर रुप से जख्मी हालत में इलाजरत हैं।

ग्रामीण ने मृतक युवकों की पहचान ओड़ो निवासी दिनेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार व दुलो देवी के 17 वर्षीय पुत्र भोला कुमार के रुप में की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के आश्रितों को सौंप दिया।

गंभीर रुप से जख्मी युवक उदय साव का पुत्र राहुल कुमार बताया गया है। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। दो युवकों की मौत के बाद स्वजन व शुभचिंतकों को रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। घटना की सूचना पर काफी संख्या में पहुंचे लोग मृतकों के परिजनों से मिलकर ढांढस बढ़ाने में लगे हैं।इस दौरान भाजपा नेता सह ओड़ो निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह,पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, किसान श्री विजय कुमार सिंह, 20 सूत्री सदस्य प्रिय रंजन सिंह, चन्दन सिंह,चंचल सिंह समेत अन्य लोगों ने शोक संतप्त से मिलकर ढांढस बंधाया और आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। इधर, मृतक के स्वजन के करुण क्रंदन से सारा वातावरण गमगीन हो रहा है। महिलाओं व बच्चों रोने की आवाज से वहां पर उपस्थित लोगों के आंखों में अनवरत अश्रुधारा बह रही थी। एक टोले में एक साथ दो युवक की असामयिक मौत से हर कोई स्तब्ध थे।

दोनों युवक घर के कमाऊ सदस्य थे। यह घटना बस्ती बिगहा सैदपुर सड़क मार्ग में ओड़ो गांव स्थित आरा मशीन के आसपास मंगलवार की शाम में दो बाइक की आमने सामने टक्कर हुई थी। इसमें तीन लोग जख्मी हो गए थे। जख्मी की पहचान ओड़ो निवासी राहुल कुमार, कमलेश कुमार व भोला कुमार के रूप में की गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।

मृतक कमलेश कुमार दो भाई में छोटा और अविवाहित था। वहीं, तीन बहनों में एक बहन अविवाहित है। वहीं, मृतक भोला कुमार दो भाई हैं, वह बड़ा भाई था।मृतक के स्वजन मजदूरी कर बाल बच्चों का भरण पोषण करते हैं।

## युवक का शव बरामद

**मधुबनी।** जिले के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र की मदना पंचायत स्थित चांद ईंट भट्ठा के दक्षिणी भाग में एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की पहचान मदना गांव निवासी मोहम्मद वली के पुत्र अबुल हसन (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक के पिता मोहम्मद वली ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार की रात से लापता था। बुधवार की सुबह इलाके में घूम रहे लोगों ने शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मोहम्मद वली ने पुलिस को आवेदन देते हुए अपने गांव के ही मोहम्मद साजिद और मोहम्मद कासिम के खिलाफ तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

# हुकुमनामा को ले पंच-प्यारे व संगतों में विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** अकाल तख्त की ओर से बुधवार को जारी हुकुमनामा में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के बर्खास्त व तनखैया घोषित पूर्व जत्थेदार रंजीत सिंह की सेवा बहाल करने के फैसला की सूचना मिलते ही पंच-प्यारे व संगतों में आक्रोश गहरा गया।

लगभग चार घंटों तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। तख्त श्री हरिमंदिर परिसर में हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गई। तनावपूर्ण स्थिति देख प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही ने गृह मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व पटना के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अनहोनी की आशंका जता त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई।तख्त साहिब में तनावपूर्ण माहौल देख एसडीओ सत्यम सहाय, डीएसपी-2 डा. गौरव कुमार, वीआईपी सुरक्षा के सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार, चौक थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, मालसलामी थानाध्यक्ष सुनील कुमार, बाईपास थानाध्यक्ष राजेश झा दो दर्जन पुलिस बल के साथ पहुंचे।

तख्त श्री हरिमंदिर के वीआइपी कमरे में एसडीओ व डीएसपी ने पूर्व बर्खास्त जत्थेदार रंजीत सिंह व तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह व पंच प्यारों के साथ बैठक की। बैठक में प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही, सदस्य महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन और हरपाल सिंह जौहल, समाजसेवी अमरजीत सिंह शम्मी, सरदार दमनजीत सिंह रानू, मंजीत सिंह, सेवादार कल्याण समिति के पदाधिकारी तेजेंद्र सिंह बंटी व दीपक सिंह समेत अन्य थे।

बैठक के दौरान तख्त श्री हरिमंदिर के पंच प्यारों ने अधिकारियों को बताया कि अकाल तख्त से निर्गत हुकुमनामा को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया है। ऐसे में पूर्व बर्खास्त तनखैया जत्थेदार के संबंध में दिया गया हुकुमनामा तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की मयार्दा के अनुसार मान्य नहीं होगा।

# बिहार में कांग्रेस ने दी 'माई बहिन मान योजना' से हर महीने 2500 देने की गारंटी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में महिलाओं को सशक्त करने के बाद कांग्रेस ने अब आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सूबे में भी महिलाओं को सशक्त करने के लिये कैंपेन लांच किया है। आज पटना प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने 'माई बहिन मान योजना' कैंपेन की औपचारिक शुरुआत की। इसका विधिवत पोस्टर भी आज जारी किया गया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय कैंपेन के तहत कांग्रेस राज्य की सभी महिलाओं से गारंटी फॉर्म भरवायेगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हर जरूरतमंद महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अभियान से जुड़ने के लिये कांग्रेस संगठन ने एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया है जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके भी इस योजना से जुड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक बिहार में करीब 5.36 करोड़ महिलायें हैं, इसलिये कांग्रेस नेतृत्व को भरोसा है कि हर महिला को सशक्त बनाने की इस महत्वपूर्ण योजना को घर-घर ले जाने से बड़ी संख्या में आधी आबादी कांग्रेस के साथ जुड़ेगी। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी इस योजना से महिलाओं को जोड़ने के साथ यह भी बतायेंगे कि बिहार की वर्तमान सरकार ने किस प्रकार महिलाओं को मूलभूत अवसरों और सुविधाओं से वंचित रखा है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी राज्य के हर घर जाकर महिलाओं को इससे जोड़ेंगे और फॉर्म भरवायेंगे, सभी पंचायतों में इस योजना से महिलाओं को अवगत कराने के लिए महिला चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बिहार कांग्रेस महिलाओं, छात्रों, युवाओं और किसानों की हक के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसलिए महिलाओं के लिए सम्मान राशि के लिए आवेदन की शुरुआत भी हमने आज किया है। इस योजना की शुरुआत महिला कांग्रेस के द्वारा जमीनी सर्वे के बाद महिलाओं की आशाओं को हकीकत में बदलने के लिए की जा रही है। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उन्होंने कांग्रेस संगठन के एक एक कार्यकर्ताओं को जुटकर काम करने की बात भी कही। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महिला अध्यक्ष सरवत जहां फातमा, संगीता पाल, मोनी पासवान, अनिता राम, विनीता भगत, कुमारी माला, साधना रजक, रीता सिंह मौजूद थीं।

## पटना में ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा उद्योग विभाग बिहार सरकार, एपीडा एवं ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया की साझेदारी से पहली बार बिहार के पटना स्थित ज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह दो दिन का कार्यक्रम बिहार के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि रहा जिसमें राज्य के छोटे और मध्यम उद्योगों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को विदेशी खरीदारों से सीधे जुड़ने का मौका मिला। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के संबोधन से हुई। उन्होंने इस सम्मेलन को बिहार की आर्थिक प्रगति में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और बिहार के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार का ज्ञान, आत्मबल और नेतृत्व अब वैश्विक कृषि-खाद्य क्षेत्र में उसकी मजबूत भूमिका तय कर रहा है। उनका विश्वास था कि ''विकसित बिहार'' का सपना 'विकसित भारत' की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। इस सम्मेलन में 20 देशों के 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हुए जिनमें यूएई, सिंगापुर, जापान, घाना, स्पेन, जर्मनी और यूके के प्रतिनिधि शामिल थे। साथ ही 50 से ज्यादा देशी और 20 संस्थागत खरीदारों ने भी भाग लिया। सम्मेलन के दौरान 500 से अधिक बी2बी (व्यवसाय से व्यवसाय) बैठकें हुईं जिससे बिहार के प्रमुख उत्पाद जैसे कि जीआई टैग वाले मखाना, शाही लीची, जर्दालु आम और कटारनी चावल के लिए नए निर्यात अवसर बने। इन बैठकों से कई स्थानीय उत्पादकों को सीधे बाजार से जुड़ने का मौका मिला जिससे वे अब अपने व्यापार को बढ़ा सकेंगे और वैश्विक बाजारों में पहुंच बना सकेंगे। सम्मेलन के दौरान कुछ प्रमुख उत्पादों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला। पश्चिम अफ्रीका के खरीदारों ने सत्तू में रुचि दिखाई जो एक पारंपरिक और प्रोटीनयुक्त उत्पाद है। सिंगापुर की कंपनियों ने लीची और आम की व्यावसायिक आपूर्ति को लेकर बातचीत शुरू की। एयरलाइंस और रेलवे कैटरिंग सेवाओं ने मखाना, चावल, दाल और मसालों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में शामिल करने की संभावना जताई। सम्मेलन की एक प्रमुख उपलब्धि एपीडा, बिहार सरकार और यूएई की लुलु ग्रुप के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर थी। इस समझौते का उद्देश्य बिहार की प्रसिद्ध लीची की शेल्फ लाइफ बढ़ाना और उसका निर्यात बढ़ाना है जिससे राज्य के बागवानी उत्पादों को नया बाजार मिल सके।

## लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले योद्धा पत्रकार थे के. विक्रम राव : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि डॉ के. विक्रम राव लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले एक योद्धा पत्रकार थे। उनके द्वारा किए हुए कार्य न सिर्फ पत्रकारिता के क्षेत्र में बल्कि अन्य सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को भी निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। वे बुधवार को विधान परिषद सभागार में वरिष्ठ पत्रकार व इंडियन फेडरेशन वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि विक्रम राव आईपीएस में चयनित होने के बावजूद उन्होंने पत्रकारिता को महत्व दिया और अखबार में रिपोर्टर बनना स्वीकार किया। उन्होंने पत्रकारिता को प्राथमिकता दी और पत्रकारों की एकता और पत्रकारिता के हितों में निरंतर संघर्ष करते रहे। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विक्रम राव के साथ उनकी पहली मुलाकात लखनऊ के तीस हजारी कोर्ट में उस वक्त हुई थी जब वह एक प्रशिक्षु वकील के तौर पर वहां काम कर रहे थे और विक्रम राव आपातकाल के दौरान बड़ौदा डायनामाइट केस में जॉर्ज फर्नांडिस के साथ अभियुक्त बनाया गया था।


# सहकारिता से समृद्धि की ओर बढ़ रहा बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सहरसा।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को सहरसा जिले के बीजलपुर स्थित सहकारिता बैंक शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के बीच ऋण, पासबुक और परिपक्व राशि का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से सहकारिता बैंक से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 80.81% तक पूरा कर लिया गया है। साथ ही राज्य में 23 स्थानों पर गोदाम निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिनमें से पांच गोदामों का उद्घाटन किया गया। बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत सहरसा जिले में 22,589 किसानों को लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त 72 पैक्स के 8,353 किसानों को 452 कृषि यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। 83 पैक्स को कंप्यूटरीकृत किया गया है। डॉ. कुमार ने मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता समिति गठित करने का निर्देश जिला रजिस्ट्रार, सहकारिता सहरसा को दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों और ग्रामीण समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। सब्जी उत्पादकों के लिए प्रखंड स्तर पर समूह बनाए जा चुके हैं। अब प्रमंडल और राज्य स्तर पर यूनियन गठन की प्रक्रिया जारी है जिससे सब्जियों का उचित मूल्य सुनिश्चित हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। डॉ. कुमार ने सहकारिता चौपाल की चर्चा करते हुए बताया कि इसके जरिए किसानों में जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र संघ वर्ष 2025 को 'विश्व सहकारिता वर्ष' के रूप में मना रहा है जो इस क्षेत्र की वैश्विक मान्यता का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज देश आर्थिक और सामरिक दृष्टि से पहले से अधिक सशक्त स्थिति में है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों से भारत की सैन्य ताकत का प्रदर्शन हुआ है जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता को और अधिक मजबूती देता है। डॉ. कुमार ने अंत में आमजन से सहकारिता आंदोलन का हिस्सा बनने और सहकारिता बैंक से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की अपील की।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मुख्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर व्याख्यान का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मुख्यालय के बाबा साहेब अम्बेदकर सभागार में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने व्याख्यान प्रस्तुत किए और इससे संबंधित अनेक फायदे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन भारत में अवस्थित सभी 57 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों द्वारा सीधा प्रसारित किया गया जिसमें क्षेत्रीय केन्द्रों एवं शिक्षार्थी सहायता केन्द्र के हजारों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इसी अवलोक में क्षेत्रीय केन्द्र पटना में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मो. सफदरे आजम के साथ अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षार्थियों ने भी भाग लिए एवं इस संवाद के माध्यम से छात्रों के जिज्ञासाओं को भी पूरा किया गया।

## राजद ने पोस्टर के जरिए चिराग पर किया तीखा वार

### पोस्टर में तेजस्वी यादव को 'शुद्ध देसी बिहारी' बताते हुए चिराग पासवान को 'बाहरी' करार दिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के प्रमुख चौक-चौराहों को एकबार फिर से पोस्टरों से पाट दिया गया है। इस बार राजद की ओर से लगाए गए पोस्टर में तेजस्वी यादव को 'शुद्ध देसी बिहारी' बताते हुए चिराग पासवान को 'बाहरी' बताया गया है। इतना ही नहीं, पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी तंज कसा गया है। राजद ने इस पोस्टर के जरिए नीतीश सरकार पर अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा है। साथ ही चिराग पासवान को 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' देखने वाला बताया है। इस पोस्टर को राजद की महिला नेत्री संजु कोहली पासवान की ओर से लगाया गया है। बुधवार को पटना स्थित राजद के प्रदेश कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया गया है। राजद के पोस्टर में लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान को सोते हुए दिखाया गया है। कैप्शन में लिखा है, 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने'। इस पोस्टर में दावा किया गया है कि चिराग मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, लेकिन उनकी ये चाहत पूरी नहीं होने वाली है। चिराग पासवान के साथ-साथ राजद ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी हमला बोला है। पोस्टर में सम्राट और चिराग को 'मुकुट' पहने हुए दिखाया गया है। कैप्शन में लिखा है ये लोग आपको धोखा देते आए हैं, बुझ जाइये चाचा। चौधरी जी के मन में भी सीएम वाला लड्डू फुट रहा है। इसके अलावा पोस्टर में जलते हुए दीप को फूंक मारकर बुझाते हुए दिखाया गया है। बताने की कोशिश की गई है कि चिराग पासवान मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। पोस्टर के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ताकत क्या है, उसे बताई गई है।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) श्री राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्षों में निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में पीपीटी के माध्यम से निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक द्वारा मुजफ्फरपुर-सगौली, सगौली-बाल्मिकीनगर, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल, अस्थावां-बरबीघा, कोडरमा-तिलैया नई लाइन परियोजना, टोरी-शिवपुर तीसरी लाइन, गोमो फ्लाई ओवर, सिन्द्री यार्ड रिमॉडलिंग सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सके।

## सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार बीजेएएनए के कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बजाना) की स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के लिए सुप्रसिद्ध शिक्षक और सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार को आमंत्रित किया गया है। बीजेएएनए की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह भव्य समारोह 24 और 25 मई को हयात रीजेंसी, न्यू ब्रंसविक, न्यू जर्सी में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दुनियाभर में बसे बिहार-झारखंड मूल के प्रवासियों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जिसमें अमेरिका और अन्य देशों से बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। इस संबंध में बजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि आनंद कुमार जैसे एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् का समारोह में उपस्थित होना इस स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होगा। उन्होंने कहा कि सुपर 30 के माध्यम से आनंद कुमार की प्रेरणादायक यात्रा बिहार की असली आत्मा को दर्शाती है। संघर्ष, बुद्धिमत्ता और सामाजिक उत्थान के प्रति गहरी प्रतिबद्धता। बजाना भी इसी सोच को शेयर करता है। संजीव सिंह ने बताया कि आनंद कुमार की लोकप्रियता उनके वंचित वर्ग के छात्रों के प्रति समर्पण और उनके जीवन पर आधारित फिल्म 'सुपर 30' की भारी सफलता के कारण अमेरिका में भी बहुत अधिक है।

# राजीव गांधी प्रेम और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदानन्द सिंह की 82वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिये एवं इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना एवं संचार-क्रांति की शुरूआत की। सत्ता के विकेन्द्रीकरण के लिये पंचायती राज का प्रारूप बनाया जो बाद में पूर्व प्रधानमंत्री पी0वी0 नरसिंहा राव के कार्यकाल में पंचायती राज संविधान संशोधन बिल के रूप में आया और आज सारे देश में यह पंचायती राज कायम है जिसमें महिलाओं के लिये एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। राजेश राम ने कहा कि आज कृतज्ञ राष्ट्र देश के नव निर्माण में राजीव गांधी के योगदान को स्मरण कर उनकी स्मृति को बार-बार नमन करती है। इस अवसर पर सदाकत आश्रम स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर नेताओं ने माल्यार्पण किया। राजेश राम ने कहा ने कहा कि सदानन्द बाबू कांग्रेस पार्टी के मूर्धन्य नेता थे। कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंत्री के रूप में उल्लेखनीय कार्य किये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अलका लाम्बा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चंदन वागची, प्रो0 राम जतन सिन्हा, विधान पार्षद डा0 समीर कुमार सिंह, विधायक, डा0 अजय सिंह, मोती लाल शर्मा, पूर्व विधायक डा0 अशोक कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा नरेन्द्र कुमार, वीणा शाही, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राज कुमार राजन, अजय चौधरी, राजेश राठौड़, जमाल अहमद भल्लू, गरीब दास, गुंजन पटेल, उमैर खान, सरवत जहां फातिमा, अनुराग चन्दन, ज्ञान रंजन डा0 संजय यादव, राजेश कुमार सिन्हा, पुनम देवी, चन्द्र प्रकाश सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, ललन यादव, शशि कुमार सिंह, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, मनोज शर्मा, मो0 शाहनवाज, अरविन्द लाल रजक, अशोक गनन कैलाश पाल, संतोष श्रीवास्तव, वसी अख्तर, कमलदेव नारायण शुक्ला, राम शंकर कुमार, रिया कुमारी उपस्थित थे।

## एमवाई भारत राष्ट्रीय मिशन में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल एमवाई भारत देशभर के युवाओं को एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय आपातकालीन स्थितियों व संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पहल का लक्ष्य एक प्रशिक्षित, सतर्क और लचीला स्वयंसेवक बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिस्थितियों और उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए एक मजबूत और समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक स्थानीय प्रशासन को अनेक सेवाओं में सहयोग प्रदान करते हैं–जैसे कि बचाव व निकासी अभियान, प्राथमिक उपचार व आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास प्रयासों में सहायता और एमवाई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। एमवाई भारत अपने ऊर्जावान स्वयंसेवकों के साथ-साथ अन्य इच्छुक युवाओं से भी आग्रह करता है कि वे आगे आएं और एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कर देश सेवा में सहभागी बनें।

## निषाद समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार : मुकेश सहनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी ने बुधवार को कहा कि इस बार निषाद समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने को पूरी तरह से तैयार है। मुकेश सहनी ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल को जवाब देते हुए कहा कि मुंबई से आने वाले लोगों का निषाद समाज झोला नहीं ढोएगा। कोई समाज अपने आने वाले पीढ़ी और समाज के लिए लड़ाई लड़ता है उसको झोला उठाने वाले नहीं बोलते हैं। दरअसल, दिलीप जायसवाल ने कहा था कि मुंबई से आए लोगों का झोला सहनी समाज नहीं उठाएगा। वह भाजपा के साथ है। मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा में जो निषाद समाज के लोग हैं, वह जरुर भाजपा का झोला उठाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज निषाद आयोग गठन करने की बात करते हैं। बिहार में 20 सालों से एनडीए की सरकार है, लेकिन आयोग का गठन नहीं हुआ। भाजपा ने निषाद समाज के लिए जो वादा किया है पहले उसे पूरा करे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था कि निषाद समाज को मंत्री एमएलसी देंगे। भाजपा को बिहार के 6 जिले में रैली करना है। इसलिए भाजपा निषाद समाज को गुमराह करना चाहती है। मुकेश सहनी ने कहा कि वीआईपी पार्टी निषाद समाज के लिए संघर्ष करके बिहार में आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ रही है। भाजपा निषाद समाज को आरक्षण दे तब निषाद समाज उनके साथ खड़ा होगा। नहीं तो निषाद समाज अपने आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई लड़ेगा। निषाद समाज जग चुका है, किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है।

## राज्य की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था कई स्तर पर श्रेष्ठ : मंगल पांडेय

### 32 जिलों के कुल 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला उच्च गुणवत्ता का सर्टिफिकेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आमजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवाएं दी जा रही है। ये संस्थाएं कई मानकों पर श्रेष्ठ साबित हो रहा है। इसकी गुणवत्ता श्रेष्ठ है, वो अब प्रमाणित भी हो रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर आधारभूत संरचनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से बेहतर इलाज पर जोर दिया जा रहा है। मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वास बढ़ता जा रहा है। प्रमाणरुवरुप राज्य के 32 जिलों के 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) को राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में कई सेवाओं की जांच की जाती है।

## 25 को हड्डी रोगों की होगी निःशुल्क जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी रोड नंबर 7 राजेन्द्रनगर पटना की ओर से आगामी रविवार 25 मई को निःशुल्क हड्डी रोग जांच एवं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसमें प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव मरीजों की जांच करेंगे। पंजीकरण सुबह 9 से 10 बजे तक होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर खासकर बुजुर्गों के लिए बेहद लाभकारी होगा जिन्हें घुटनों, पीठ और जोड़ों के दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होती हैं। समय रहते जांच और इलाज न होने पर ये समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं। इस शिविर में डॉक्टर द्वारा सुझाई गई सभी जांच, एक्स-रे और दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क दी जाएंगी। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अनिल रिटोलिया ने नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों और किशोरियों के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का भरपूर लाभ उठाएं और समय पर पंजीकरण कराएं।

**सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण**

इसी दिन सुबह 9:00 बजे से 9 से 14 वर्ष की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। यह टीकाकरण प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. श्रवण कुमार, डॉ.उषा अग्रवाल, डॉ. चारू मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल की निगरानी में किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारी है जिससे बचाव के लिए किशोरावस्था में टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है।

## संपादकीय

# सैनिक मोर्चे के बाद अब कूटनीतिक वार

पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सच दुनिया के सामने उजागर करने के मकसद से सरकार ने संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख देशों की यात्रा पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। इसके लिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं, जिनमें सभी दलों के नेता शामिल हैं। ये प्रतिनिधि प्रमुख देशों के सामने पाकिस्तान का असली चेहरा दिखाने का प्रयास करेंगे। हालांकि पाकिस्तान की सच्चाई किसी से छिपी नहीं है, दुनिया के ज्यादातर देश उसे आतंकवाद का गढ़ मानते हैं। विश्व आतंकवाद की ताजा सूची में भी उसे शीर्ष पर रखा गया है। फिर भी भारत के साथ हुए सैन्य संघर्ष में कुछ देश उसके साथ खड़े नजर आए।यह तब है, जब भारत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उसका सैन्य अभियान आतंकवाद को समाप्त करने के मकसद से चलाया गया। इसके प्रमाण भी दुनिया के सामने पेश कर दिए गए कि हवाई हमले में भारत ने केवल उन नौ ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकी शिविर चल रहे थे। दुनिया के तमाम देश आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध का समर्थन करते हैं, फिर भी पाकिस्तानी दहशतगर्दों के खिलाफ भारत के अभियान पर कुछ देशों ने अपने स्वार्थ ऊपर रखे। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान को पूरी दुनिया से अलग-थलग करने का यही कारगर तरीका हो सकता है कि जमीन पर तो उसकी आतंकी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब दिया ही जाए, सारे विश्व को बताया-दिखाया जाए कि वह किस तरह दहशतगर्दों को पालता-पोसता रहा है। भारत के पास इसके पुख्ता सबूत हैं। हवाई हमले में मारे गए एक दहशतगर्द के जनाजे में जब वहां की सेना के अधिकारी और राजनेता शरीक हुए, तो वे तस्वीरें पूरी दुनिया ने देखीं। फिर भी ऐसे दस्तावेज जब भारतीय संसद के प्रतिनिधि खुद पेश करेंगे, तो उसका असर कई गुना बढ़ जाएगा। सैन्य संघर्ष के दौरान भी भारत के विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को कर्ज दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन हमेशा अपनी वीटो शक्ति का उपयोग कर पाकिस्तान को बचाता रहता है। अमेरिका भी पाकिस्तान की हकीकत से वाकिफ है। विश्व व्यापार संगठन की इमारत पर हमला और फिर उस हमले के सरगना ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान में छिपे होने का तथ्य उसी का उजागर किया हुआ है। इसके बावजूद अमेरिका का रुख पाकिस्तान की तरफ नरमी का ही देखा जा रहा है। ऐसे में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के जरिए पाकिस्तान के रवैये का सच दुनिया को बताना कारगर साबित हो सकता है। यह भी अच्छी बात है कि इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों ने सकारात्मक रुख दिखाया और सहयोग किया है। सरकार के इस फैसले पर सभी दलों ने उत्साह दिखाया है। हालांकि प्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर कुछ राजनीतिक हलचलें दिखीं, पर अच्छी बात है कि इसे किसी दल ने तूल नहीं दिया है और सहयोग का ही रुख अपनाए रखा है। इससे दुनिया भर में सकारात्मक संदेश जाएगा। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का विश्व राजनीति में विशेष महत्त्व होता है। जब ये प्रतिनिधिमंडल निर्धारित देशों में जाएंगे और पाकिस्तान प्रायोजित दहशतगर्दी के तथ्य पेश करेंगे, तो उसका दस्तावेजी और कूटनीतिक महत्त्व होगा। निस्संदेह इस पर वे देश पाकिस्तान के बारे में नए ढंग से सोचने का प्रयास कर सकते हैं। इसके बाद जब भी विश्व बिरादरी में पाकिस्तान को लेकर कोई प्रस्ताव पेश होगा, तो यह पहल प्रभावकारी साबित होगी।

**राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि थरूर की सहानुभूति से केरल भाजपा और चिदंबरम की दरियादिली से तमिलनाडु भाजपा को आशातीत बढ़त मिल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के जो वफादार पुराने प्रहरी हैं उनमें से चिदंबरम-थरूर का नाम राजनीतिक हलकों में बड़ी ही साफगोई पूर्वक लिया जाता है। इसके एक नहीं, बल्कि सैकड़ों वजहें हैं। आखिर तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जमाने से ही चिदंबरम कांग्रेस का झंडा मजबूती से पकड़े हुए हैं। हालाँकि कई बार उनके बयानों में भी कांग्रेस को कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ जाता है।**

# क्या कद्दावर कांग्रेसी नेता चिदंबरम और थरूर की परिवर्तित सियासी निष्ठा से भाजपा बनेगी अजेय?

(कमलेश पांडे)

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि थरूर की सहानुभूति से केरल भाजपा और चिदंबरम की दरियादिली से तमिलनाडु भाजपा को आशातीत बढ़त मिल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के जो वफादार पुराने प्रहरी हैं उनमें से चिदंबरम-थरूर का नाम राजनीतिक हलकों में बड़ी ही साफगोई पूर्वक लिया जाता है।

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा भले ही अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में असमंजस के दौर से गुजर रही हो, लेकिन भारत राष्ट्र के प्रति उसके समर्पण का ही यह तकाजा है कि अब वह अजेय पार्टी बनने जा रही है, खासकर आम चुनाव 2029 में! और यदि ऐसा हुआ तो फिर भाजपा को हराना भारतीय विपक्षी पार्टियों और उनके तथाकथित इण्डिया गठबंधन के लिए बेहद मुश्किल हो जायेगा। दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि दिग्गज कांग्रेस रणनीतिकार रहे पी चिदंबरम ने खुद कहा है। इसलिए सियासी हल्के में यह सवाल उठाया जा रहा कि क्या एक और कांग्रेस दिग्गज भी एक अन्य कांग्रेस दिग्गज शशि थरूर की राह पर चल रहे हैं, जो पहले से ही कांग्रेस लाइन से बे-लाइन चल रहे थे। क्योंकि उनके बयानों से तो यही जाहिर होता है कि वे कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता नहीं बल्कि बीजेपी के वरिष्ठ राजनेता हैं। ऐसा इसलिए कि अब चिदंबरम ने भी कुछ शशि थरूर जैसे ही बयान देने शुरू कर दिए हैं!

ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस नेताओं के लिए यह महज संयोग है या फिर वैचारिक भूलभुलैय्या वाला कोई अभिनव प्रयोग! समझा जाता है कि सत्ता जाने के बाद बड़े नेताओं द्वारा इधर उधर गुंजाइश तलाशना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन जब गाँधी परिवार के विश्वासपात्र नेता ही ऐसा करने लगें तो राहुल-प्रियंका गाँधी का चिंतित होना स्वाभाविक है, जबकि वे दोनों बेफिक्र लग रहे हैं और इन बडबोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस में हो रहे पीढ़ी परिवर्तन से ये नेता अनफिट घोषित किए जा चुके हैं, इसलिए वो अपने-अपने बयानों से भाजपा को पटाने में जुटे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि थरूर की सहानुभूति से केरल भाजपा और चिदंबरम की दरियादिली से तमिलनाडु भाजपा को आशातीत बढ़त मिल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के जो वफादार पुराने प्रहरी हैं उनमें से चिदंबरम-थरूर का नाम राजनीतिक हलकों में बड़ी ही साफगोई पूर्वक लिया जाता है। इसके एक नहीं, बल्कि सैकड़ों वजहें हैं। आखिर तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जमाने से ही चिदंबरम कांग्रेस का झंडा मजबूती से पकड़े हुए हैं। हालाँकि कई बार उनके बयानों में भी कांग्रेस को कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ जाता है। वो भी बिलकुल वैसे ही कुछ करते हुए दिखाई दे जाते हैं, जैसे शशि थरूर करते रहते हैं। हालाँकि कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं की फितरत भी यही रहती है, लेकिन वो उतने बड़े और प्रभावी नहीं हैं, जितने कि ये दोनों।

अब ताजा मामला ही देखिए कि चिदम्बरम ने पाकिस्तान वाले ऑपरेशन सिंदूर के मसले पर भारत सरकार की पहले ही तारीफ की थी और अब इंडिया गठबंधन को भी जो सही आइना दिखाते हुए खरी खोटी सुना दी है, उसके अपने सियासी मायने हैं जिन्हें भुनाने में भाजपा और उसका राजग गठबंधन कतई पीछे नहीं रहेगी। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद चिदंबरम सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की किताब 'कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट' के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। इस किताब में, सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय यादव ने पिछले साल के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के पुनरुद्धार के प्रयासों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया है कि कैसे कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा और विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया ब्लॉक का गठन किया, जिससे भारत में लोकतंत्र को बचाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक से जुड़े कुछ मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए।





वहीं, इसी ऐन मौके पर चिदंबरम ने भी इंडिया गठबंधन को आईना दिखा दिया और साफ-साफ कह दिया कि ऐसा नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन अब भी पूरी तरह से एकजुट है। यह लगभग बिखरता हुआ दिखाई देता है और इसका भविष्य उज्ज्वल नहीं दिखता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इंडिया ब्लॉक का भविष्य उतना उज्जवल नहीं है, जैसा कि मृत्युंजय यादव ने कहा। उन्हें लगता है कि गठबंधन अभी भी बरकरार है, लेकिन मुझे यकीन नहीं है। इसका उत्तर केवल सलमान खुर्शीद ही दे सकते हैं, क्योंकि वे इंडिया ब्लॉक के लिए वार्ता करने वाली टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अगर गठबंधन पूरी तरह बरकरार रहता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। लेकिन आए दिन उजागर होने वाली कमजोरियों से पता चलता है कि गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि गठबंधन अभी भी बच सकता है। अभी भी समय है। वहीं, चतुर सियासी खिलाड़ी रहे चिदंबरम ने आखिरी में यह उम्मीद भी जता दी कि इंडिया गठबंधन को अब भी जोड़ा जा सकता है। अगर समय रहते इस पार काम हुआ तो कुछ हो सकता है।

समझा जा रहा है कि यह राहुल गाँधी की नेतृत्व क्षमता पर तो सवाल है ही, कांग्रेस के सहयोगी दलों के नेताओं की निष्ठा पर उससे भी बड़ा सवाल पैदा कर जाता है। इसलिए यह शब्द सुनकर शायद ही कांग्रेस आलाकमान और इस गठबंधन में मौजूद पार्टियों को अच्छा लगेगा। बता दें कि इससे पहले भी चिदंबरम ने एक अंग्रेजी दैनिक में अपने एक लेख में पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा और कहा कि सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। भारत ने जो कार्रवाई की वो बेहद सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। वहीं उन्होंने इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया है।

यही वजह है कि उनके इस परिवर्तित दृष्टिकोण ने कांग्रेस आलाकमान को सकते में डाल दिया है। कहने का तात्पर्य यह कि चिदंबरम ने महज एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार कांग्रेस की कोर टीम को अपने बयानों से बेचैन कर दिया है। लिहाजा राजनीतिक जानकार उनके बयान को बड़ी ही करीबी से देख रहे हैं, क्योंकि इससे पहले कांग्रेस के बड़े नेताओं में शशि थरूर ऐसा करते हुए पाए गए हैं। जो लंबे समय से पीएम मोदी के अंदाज के मुरीद रहे हैं। इसलिए अब देखना यह होगा कि चिदंबरम के बयानों के मायने क्या निकलकर आते हैं! हालाँकि फ़िलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि क्योंकि चिदंबरम कई बार अपने बयानों से चौंकाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया है7 ऐसा करके वो शायद अपने बेटे के लिए कोई बड़ी जिम्मेदारी चाहते हों। तमिलनाडु भाजपा को अभी ऐसे ही नेताओं के नेटवर्क की जरूरत भी है, ताकि दक्षिण भारत में भाजपा की पैर जमे!

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम का भाजपा को लेकर यह कहना कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने भाजपा को लेकर भी विपक्षी गठबंधन को चेतावनी दी और साफगोई पूर्वक कहा कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है, जिसे सभी मोर्चों पर लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव और इतिहास के मेरे अध्ययन में, भाजपा जितनी मजबूत संगठित कोई राजनीतिक पार्टी नहीं रही है। यह सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि एक मशीनरी की तरह है, और इस मशीन के पीछे एक और मशीन है, जो चुनाव आयोग से लेकर देश के सबसे निचले पुलिस स्टेशन तक को नियंत्रित करती है और कभी-कभी उन पर कब्जा करने में सक्षम है। यह एक दुर्जेय मशीनरी है।

केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा कि चुनाव परिणामों ने दिखाया है कि कोई भी भारत में चुनावों को कमजोर नहीं कर सकता, जो अभी भी एक चुनावी लोकतंत्र है। आप भारत में चुनावों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आप उनमें छेड़छाड़ कर सकते हैं, लेकिन आप चुनावों से बच नहीं सकते। आप ऐसे चुनाव नहीं कर सकते जहां सत्ताधारी पार्टी 98 फीसदी वोट ले जाए। भारत में ऐसा संभव नहीं है। इसलिए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने चेताया कि अगर 2029 का आम चुनाव भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से चला गया, तो फिर शायद लोकतंत्र को बचाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसलिए 2029 के चुनाव महत्वपूर्ण हैं और हमें पूर्ण लोकतंत्र में वापस लाना चाहिए।

वहीं दिलचस्प बात तो यह भी है कि एक अन्य कांग्रेसी दिग्गज सलमान खुर्शीद ने चिदंबरम की बात पर सहमति जताई और स्पष्ट कहा कि हमें 2029 में एक बहुत बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। इस बात पर विचार करना होगा कि गठबंधन के सहयोगियों को कैसे एक साथ लाया जाए। अगर विपक्षी दलों को चुनावी रुझानों में बड़ा उलटफेर करना है, तो उन्हें बड़े पैमाने पर सोचना होगा। केवल यह सोचने से बात नहीं बनेगी कि कौनसी पार्टी कितनी सीटों पर लड़ेगी और नतीजे आने के बाद क्या होगा। अगर हम ऐसा करते हैं तो हम देश में चुनावी रुझानों में बड़ा उलटफेर करने से चूक जाएंगे।

भाजपा के लिए यह शुभ घड़ी है कि अब विपक्षी नेता ही उसकी रणनीति को सराह रहे हैं। ऐसे में पार्टी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अब तो उसके नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन से ही पता चलेगा कि आत्ममुग्ध भाजपा का भविष्य का दांव-प्रतिदाव कैसा और कितना सार्थक होगा। शायद इसलिए कद्दावर कांग्रेसी नेता पी. चिदंबरम और शशि थरूर की परिवर्तित सियासी निष्ठा से भाजपा के अजेय होने की चर्चा जोर पकड़ चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उसकी जनसाख भी बढ़ी है। मिशन 2029 में वह अभी से जुट गई है। जबकि बिहार विधानसभा चुनाव 2025, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 और उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कथित इंडिया गठबंधन भाजपा नीत एनडीए को टक्कर दे पाएगा या नहीं! (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जीत के साये में उपजे सवाल

(शशि शेखर)।

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद सीमावर्ती इलाकों में अमन की वापसी हो चुकी है। यही वह वक्त है, जब हमें जीत के जोश और जज्बे के पीछे दुबकी परछाइयों पर ध्यान देना होगा। इनके सीने में गौरतलब सवाल कसमसा रहे हैं।

भारतीय इतिहास के हाशियों में दर्ज पुरागाथाएं गवाह हैं कि उनकी शताब्दियों तक अनदेखी की गई। ईसा पूर्व 326 से 1962 तक विदेशी आक्रमणकारी इसीलिए हमारे जान-माल की कीमत पर जीत का जश्न मनाते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति-नीति के आलोक में हमें अब पराक्रम और सामरिक सफलता के फर्क को सदा-सर्वदा के लिए मिटाने की कोशिशें शुरू कर देनी चाहिए। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं?

याद करें। वर्ष 1971 में हमने पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांटने में सफलता अर्जित की। इस महाविजय के 28 साल बाद भारत ने नया कीर्तिमान रचा। इस बार कारगिल की प्राणलेवा ऊंचाइयों पर पाक फौज को परास्त कर पर्वतीय युद्ध के नए कौशल ने दुनिया को अचरज में डाल दिया था। इसके बावजूद न दहशतगर्द रुके और न दहशत। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये नए सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। अब हर आतंकवादी हमला युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और हम कार्रवाई करते वक्त किसी परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेंगे। भारत-पाकिस्तान के जन्मजात रिश्तों में यह अहम मुकाम है।

यहां अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समूचा देश नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा था, तब कुछ विघ्न संतोषी बाज नहीं आ रहे थे। अपनी बात समझाने के लिए एक पुराने अनुभव का हवाला देना चाहूंगा।

वह ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा दिन था। अपने प्रांतीय संपादकों से रोजमर्रा की कामकाजी चर्चा के दौरान मैंने उन्हें सलाह दी कि वे हर स्टेशन पर पता करें कि जिन ट्रेनों में हमारे फौजी सीमा की ओर कूच कर रहे हैं, उनके प्रति आम आदमी की भावना क्या है, मगर इसकी नौबत नहीं आई। साथियों का जवाब था कि अब अगर विशेष ट्रेनें चल भी रही हैं, तो उन्हें सिर्फ जरूरत पड़ने पर स्टेशन पर रोका जाता है। उस समय किसी सामान्य व्यक्ति का उस प्लेटफॉर्म पर प्रवेश वर्जित होता है। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा और अभियान की गोपनीयता के लिए किया जा रहा है।

मेरी स्मृतियों में 1965 और 1971 का जंगी माहौल समूचे रोमांच के साथ सरसब्ज हो उठा। उन दिनों मेरे माता-पिता मिर्जापुर या इलाहाबाद के स्टेशनों पर बड़ी मात्रा में भोजन और पानी लेकर पहुंचते। हम उसे कृतज्ञतापूर्वक जवानों को सौंप खुद को धन्य महसूस करते। सैकड़ों लोग वहां उमड़ पड़ते थे। मैंने महिलाओं को उन जवानों को राखी बांधते और रो-रोकर दुआएं देते देखा है। मेरे पिता घर छोड़ने से पहले हर बार ताकीद करते, हाथ जोड़कर प्रणाम बोलना और जोर से 'जय हिंद' कहना मत भूलना। स्टेशन और उसके आस-पास उस समय गर्जना थिरक रही होती, आगे-आगे तुम बढ़ो, पीछे तुम्हारे साथ हैं।

वह कोरी भावुकता नहीं थी। देशवासियों का वह जज्बा हमारे पराक्रमियों को पराजय के ऐतिहासिक सिलसिले से बाहर निकालने के लिए प्रेरित कर रहा था। आज क्या हाल है?

क्या यह बदले वक्त का तकाजा है कि हमारी खोखली भावुकता अब सिर्फ की-बोर्ड पर थिरकती उंगलियों तक सीमित रह गई है?? सोशल मीडिया पर बजबजाते हुए तमाम भारतवंशी भूल जाते हैं कि हमारे कुछ हमवतन उनके शब्दबाणों से आहत हो रहे हैं। खुद को सेलिब्रिटी मानने और संविधान की शपथ लेकर मंत्री पद तक पहुंचने वाले भी इस उन्माद के शिकार हैं।

**कुछ शर्मनाक उदाहरण** - संघर्ष के 'सस्पेंस' भरे दिनों में कर्नल सोफिया कुरैशी प्रतिदिन सैन्य कार्रवाई की जानकारी दिया करती थीं। यह मोदी सरकार का समझदारी भरा फैसला था। इसके जरिये समूची दुनिया को संदेश जा रहा था कि भारत के 140 करोड़ लोग मुट्ठी बांधे एक साथ खड़े हैं। इसी दौरान मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का लिजलिजा बयान मीडिया में उभरा। उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर कर्नल कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी की थी। उनकी इस हरकत से न केवल देश आहत हुआ, बल्कि यह आशंका भी उत्पन्न हो गई कि भारत के दुश्मन इसका नाजायज उपयोग कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के आला नेतृत्व के हस्तक्षेप से उन्हें क्षमा मांगनी पड़ी, लेकिन उनका करा-धरा यहीं समाप्त नहीं हुआ। जबलपुर उच्च न्यायालय ने स्वत-संज्ञान लेते हुए उनके ऊपर मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया। इंदौर पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। देश की आला अदालत ने भी उनकी लानत-मलामत की है।

इसी तरह, खुद को राष्ट्रभक्तों का अगुआ बताकर सीना ठोकने वाले एक अवकाश प्राप्त मेजर साहब की करतूत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमें रक्षात्मक बनने के लिए विवश कर गई। उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री के महत्वपूर्ण भारतीय दौरे के अवसर पर उनके लिए एक ऐसा शब्द कह डाला, जो अनुचित और अनैतिक था। ईरान ने इसका तत्काल संज्ञान लिया, लेकिन भारतीय विदेश मंत्रालय ने तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए मामले को बिगड़ने से बचा लिया।

और तो और, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी सोशल मीडिया के इन आतताइयों के शिकार हुए। वह ऐसे अधिकारी हैं, जिन पर देश की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कायम रखने की जिम्मेदारी है। खुद को देशभक्त बताने वाले लोग खुल्लमखुल्ला उनको सपरिवार लांछित कर रहे थे। पहलगाम के नरमेध में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल भी इस वैचारिक बर्बरता की शिकार बनीं। उन्होंने सिर्फ यही तो कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों से है, मुसलमानों से नहीं। उस समय तक हिमांशी का दुख और हाथों की मेंहदी ताजा थी। दुर्भाग्य से सोफिया कुरैशी, विक्रम मिसरी और हिमांशी नरवाल जैसे हजारों हमवतन इस नफरती फौज के शिकार बने।

अब एक बार फिर सीमाओं की ओर लौटते हैं। पाकिस्तान ने इस दौरान कई ऐसे हथियारों का प्रयोग किया, जो चीन में बने थे। उनकी सफलता के दावे यकीनन अतिरंजित हैं, लेकिन तमाम प्रतिरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन द्वारा उपलब्ध कराया गया साजो-सामान नई चुनौती खड़ी करता है। वह भी तब, जब चीन अगली पीढ़ी की जंगी सामग्री पाक को देने की तैयारी कर रहा है। संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के साथ खुल्लमखुल्ला खड़े होकर उसने हमारे देश की सामरिक संवेदनशीलता को और बढ़ा दिया है। पूर्वोत्तर सीमा पर उसके सैनिक हैं और पश्चिमी सीमा पर उसके हथियार। दोनों देशों के बीच संघर्ष-विराम के ऐन बाद यह खबर भी आई कि उसने अरुणाचल प्रदेश के कई गांवों, कस्बों और शहरों के नाम बदल दिए हैं। बीजिंग का सत्ता-सदन 2017 से ऐसी अनाधिकार हरकतें करता आया है, पर भारत-पाक तनाव के बीच ऐसा करने की जरूरत क्या थी?

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

**शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था।**

(ललित गर्ग)

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है।

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है।

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे।

सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा।

ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा प्रबंधन ने बच्चों को सिखाई तैराकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बैनर तले बाढ़ के राणा बीघा पंचायत अंतर्गत सूर्य मंदिर तालाब में सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन के द्वारा यह बताया गया कि मानसून आने वाला है और बाढ़ के समय में हर गांव इलाके में लोगों के डूबने की घटना सामने आती है इसके बचाव के लिए ग्रामीण बच्चों को



तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाना बेहद जरूरी है। इसके लिए दर्जनों बच्चों ने अपना नामांकन करते हुए 15 दिनों तक चलने वाला तैराकी प्रशिक्षण में दिलचस्पी दिखाते हुए तैराकी सीखा कार्यक्रम का उद्घाटन बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी शुभम कुमार ने किया। इस दौरान अंचलाधिकारी एवं पंचायत के मुखिया शिवदयाल सिंह उर्फ नागा सिंह उपस्थित रहे साथ ही प्रखंड और अंचल कार्यालय के कई कर्मी भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुखिया शिवदयाल सिंह ने बताया कि यह सौभाग्य है कि हमारे पंचायत से इसकी शुरूआत हुई है बच्चे यदि तैराकी सीख लेते हैं तो भविष्य में बहुत काम आएगा और घटना दुर्घटना नहीं घटेगी बेहतर तरह की सिखाने वाले बच्चे दूसरे के भी जान बचाएंगे।

### विशेष अभियान के तहत 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चला कर 10 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एससी एसटी एक्ट में खंजाहाचक निवासी अंगद चौहान, लाल चौहान, दलिसमनचक से दीपक कुमार ,एक्साइज एक्ट में पछियारी मलाही से सिमरन राय, अपहरण के केस में नवादा भीम टोला से छोटू कुमार, रैली से राकेश यादव, तथा सदर बाजार के किराना व्यवसायी से एक लाख रुपए झपट कर भागने के केस में मां बेटे को गिरफ्तार किया गया है। पुरानी बाढ़ से विकास कुमार को कोर्ट के वारंट पर पकड़ा गया है। उक्त जानकारी एडिशनल एसएचओ रवि रंजन सिंह ने दिया है।

### डकैती का आरोपी नवादा से गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थानाध्यक्ष ललित विजय के नेतृत्व में पुलिस ने नवादा जिले के वारसलीगंज थाना अंतर्गत कोच गांव निवासी डकैती के फरार अभियुक्त दीपक कुमार पिता उमाशंकर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को नवादा के नवी नगर मोहल्ला से पकड़ा गया। नौ वर्ष पूर्व वारदात में पुलिस अनुसंधान के दौरान आरोपी के शामिल होने की बात सामने आई है। इस कांड में लिप्त अन्य अभियुक्त का पता लगाया जा रहा है।

### बरामद किशोरी का दोबारा कर लिया अपहरण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से अभियुक्तों ने दोबारा अपहृत किशोरी को बरामद होने के बाद अपहरण कर गायब कर दिया। इस मामले को लेकर किशोरी की मां ने थाने में केस दर्ज कराया है जिसमें भोला पासवान, राजीव पासवान, गोलू तथा बिट्टू को नामजद किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस संबंध में किशोरी की मां ने बताया कि उसकी पुत्री का पूर्व में अपहरण कर लिया गया था जिसके बाद पुलिस ने उसे बरामद किया था। फिर दोबारा आरोपियों ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया ।खोजबीन के दौरान आरोपी भोला पासवान ने उसकी पुत्री को जान मारने की धमकी दिया ।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### प्रशांत किशोर का मांझी में भव्य स्वागत

**छपरा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने 'बिहार बदलाव यात्रा' के अंतर्गत मांझी विधान सभा में पहली जनसभा की। जनसभा से पूर्व उन्होंने बलिया के जयप्रकाश नारायण स्मारक का दौरा और मांझी स्थित दुगार्पुर शिव मंदिर में दर्शन किया। जनसभा के दौरान विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए



प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार वोट लालू, नीतीश या मोदी के चेहरे पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए देना है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में अधिकारी और नेता छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी रिश्वत लेते हैं। उन्होंने वादा किया कि दिसंबर 2025 से 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। साथ ही 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में भी मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में सुधार होने तक गरीब बच्चों की फीस सरकार वहन करेगी।

### दो ट्रकों की टक्कर में चालक घायल

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी के समीप जयप्रभा सेतु के एप्रोच रोड पर दो ट्रकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में मथुरा निवासी एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल चालक को ट्रक से बाहर निकालकर टोटो के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांझी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना प्रभारी अमित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल में जुट गए। घायल चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है और वह बदहवासी की हालत में है।

### हिमालया कॉलेज ऑफ फामेर्सी को सत्र 2025-26 हेतु एम फ्रार्मा पाठ्यक्रम के लिए फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिमालया कॉलेज ऑफ फामेर्सी, चिक्सी, पलिगंज, पटना को सत्र 2025-26 से मास्टर ऑफ फामेर्सी पाठ्यक्रम संचालन हेतु फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हो गई है। यह उपलब्धि संस्थान के लिए एक बड़ी सफलता है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर हिमालया ग्रुप ऑफ





इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर ने कहा, यह मान्यता हमारे सतत प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। हिमालया कॉलेज ऑफ फामेर्सी देश के अग्रणी फामेर्सी शिक्षण संस्थानों में से एक बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। संस्थान के निदेशक रामचंद्र साव ने कहा, एम फ्रार्मा पाठ्यक्रम के आरंभ से हमारे विद्यार्थियों को शोध, नवाचार और औषधि उद्योग से जुड़ने के नए अवसर मिलेंगे। यह हमारे छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। हिमालया कॉलेज ऑफ फामेर्सी वर्षों से डिप्लोमा और ग्रेजुएट लेवल पर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। अब पोस्टग्रेजुएट स्तर की पढ़ाई की स्वीकृति मिलना संस्थान की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती को दशार्ता है।

# खेल एवं पर्यटन विकास को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खूंटी जिला अंतर्गत क्रीडा किसलय तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र तथा प्रशिक्षक की स्वीकृति निदेशक, खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड के द्वारा प्राप्त हो गया है तथा प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं को प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त ने अच्छे से प्रशिक्षण देने समेत अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला खेल पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दिया कि एस. एस. आवासीय हॉकी (बालक) प्रशिक्षण केंद्र



में वर्ष 2025-26 हेतु प्रशिक्षुओं के लिए कैटरिंग के माध्यम से भोजन आपूर्ति का कार्य सौंपा गया है। यह आपूर्ति 10.05.25 से प्रारंभ हो चुकी है। उपायुक्त ने ससमय एवं मेनू अनुसार भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मिनी स्टेडियम/हॉकी मैदान निर्माण प्रस्ताव को लेकर उपायुक्त ने प्रत्येक प्रखंड में मिनी स्टेडियम/हॉकी मैदान निर्माण के संबंध में कार्यपालक अभियंता, NREP को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया। एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम की मरम्मत को लेकर निर्देशित किया गया। ग्राम स्तर पर युवा खेल क्लब गठन को लेकर पंचायत स्तर पर युवा खेल क्लब गठन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए। वहीं पर्यटन स्थलों के साफ सफाई को लेकर आवश्यक सामग्रियों की खरीदने हेतु निर्देश दिया गया। साथ हीं विभिन्न जलप्रपात में होने वाले दुर्घटना को रोकने को लेकर सुरक्षा के उद्देश्य से चेन आदि की सहायता से घेराव करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से कार्यान्वित किया जाए ताकि जिले में खेल और पर्यटन के क्षेत्र में नव ऊर्जा का संचार हो।

## दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में सुधा मिल्क पार्लर का शुभारंभ

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चत योजना के तहत बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में सुधा मिल्क पार्लर का शुभारंभ किया. कार्यक्रम का उदघाटन अस्पताल के उपाधीक्षक डा नीभा मोहन व सुधा कंपनी के मार्केटिंग सेल्स मैनेंजर संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया. डा मोहन ने कहा कि काउंटर पर सुधा का सभी प्रोजेक्ट उपलब्ध है. लोगों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नही पडेगी .मरीजों के परिजनों पौष्टिक आहार के लिए भटकना नही पडेगा. मौके पर सुधा मिल्क पार्लर के प्रोपाराइटर रूपा कुमारी, अस्पताल प्रबंधक सीमा कुमारी, सुधा कंपनी के रंजीत कुमार, संजीव कुमार व जितेंद्र श्रीवास्तव, अस्पताल कर्मी रविंद्र कुमार, समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सड़क किनारे कब्जा किए गए निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को बिहटा प्रखंड के पैनाल गांव में न्यायालय के आदेश पर स्थानीय अंचलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व मे सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन के द्वारा बुलडोजर की कार्रवाई की गई ।पैनाल गांव के मुख्य पथ के दोनों तरफ पिछले कई दशकों से अवैध रूप से कब्जा किए गए लोगों के आशियाने और अवैध निर्माण के जगह को बुलडोजर के सहायता से तोड़ा गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की टीम भी मौजूद थी। हालांकि कई जगहों पर सरकारी जमीन पर अपने घर का खिड़की का अगला हिस्सा का निर्माण किया गया था ।जिसे लोगों ने तुड़वाने का मांग किया था। अंचलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है।न्यायालय में एक के रिट याचिका दायर की गई थी।जहां गांव के मुख पथ के दोनों तरफ अवैध रूप से कब्जा और निर्माण किया गया था। जिसके आलोक में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के मौजूदगी में बुलडोजर के जरिए अवैध कब्जा किए गए।

# आईआईटी निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने रचा इतिहास

**बने वैश्विक रैंकिंग में भारत के नंबर 1 अर्थ साइंस वैज्ञानिक, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह बने देश के सर्वश्रेष्ठ अर्थ साइंस वैज्ञानिक**

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के लिए यह अत्यंत गौरव और अपार हर्ष का क्षण है,कि संस्थान के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह को रिसर्च डॉट कॉम द्वारा जारी वैश्विक रैंकिंग की चौथी संस्करण में अर्थ साइंसेज (पृथ्वी विज्ञान) के क्षेत्र में भारत का नंबर 1 वैज्ञानिक घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग वैज्ञानिकों की अनुसंधान गुणवत्ता को उनके डी-इंडेक्स (डिसिप्लिन-एच इंडेक्स) के आधार पर आंकी जाती है, जो उनके



विशिष्ट विषय में प्रकाशित शोधपत्रों और उनके संदर्भों (साइटेशन) को ध्यान में रखती है। प्रोफेसर सिंह का डी-इंडेक्स 66 है, जिनके 326 शोध प्रकाशनों को अब तक 14,716 बार उद्धृत किया गया है।यह उपलब्धि उन्हें न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अर्थ साइंस के क्षेत्र में प्रमुख वैज्ञानिकों की श्रेणी में स्थापित करती है। यह रैंकिंग ओपनएलेक्स और क्रॉसरेफ जैसे विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है और यह प्रो. सिंह के दशकों से किए गए अग्रणी अनुसंधान, शैक्षणिक नेतृत्व और विद्वतापूर्ण योगदान का शानदार प्रमाण है।पूरे आईआईटी पटना परिवार को प्रो. टी. एन. सिंह के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व है। संस्थान के कुलसचिव एवं डीन प्रशासन प्रो. ए. के. ठाकुर, एसोसिएट डीन (रिसोर्सेज) डॉ. एन. के. तोमर , एसोसिएट डीन (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. अनुप केशरी, अन्य एसोसिएट डीन, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं कर्मचारीगणों ने संयुक्त रूप बधाई दी है।साथ ही कहा है कि हमारे निदेशक की यह महान उपलब्धि हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, और यह हमें शिक्षा एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का संबल देती है।

# पलामू के उप विकास आयुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी पलामूवासियों की समस्याएं

**समाहरणालय सभागार में हुआ जनता दरबार का आयोजन**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू समाहरणालय सभागार में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जनता दरबार में आए आमलोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं का निदान किया। आमलोगों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उन आवेदनों का निष्पादन करते हुए लोगों की समस्याएं दूर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार में आए आवेदनों को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समस्याओं की जांच कर दूर करने में तत्परता बरतने का





निर्देश दिया। जनता दरबार में 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के ओढ़नार निवासी सुभागी कुमारी ने अनुबंध आधारित कार्य उपलब्ध कराने की मांग की। नीलांबरपुर- पीतांबरपुर थाना क्षेत्र निवासी ने जमीन विवाद के संबंध में आवेदन दिया। चियांकी निवासी सोमरिया देवी ने समय निर्धारित करते हुए जमीन का सीमांकन कार्य कराने का अनुरोध किया। उंटारी रोड थाना क्षेत्र के कुटुमू निवासी सुगिया देवी व गांव के अन्य लोगों ने सामूहिक आवेदन देकर चापाकल लगवाने का अनुरोध किया है। जनता दरबार में चियांकी के योगेंद्र मुसहर ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। चैनपुर निवासी ने ग्रामीणों द्वारा रास्ता को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। उसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। इसका अवलोकन कर उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवेदन स्थानांतरित करते हुए समस्या समाधान का निर्देश दिया।

## दानापुर बिल्डर ने फर्जी जमाबंदी कर कब्रिस्तान के जमीन पर किया कब्जा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिल्डरों इन दिनों गैर मजरूआ जमीन व कब्रिस्थान के जमीन पर भी कब्जा करने में जुट गये है. इसी तरह का एक मामला अंचल द्वारा जमसौत कब्रिस्थान की जमीन की फर्जी जमाबंदी कायम करने के मामले सामने आया है.इसको कब्रिस्थान के सचिव मो इफ्तेखार अहमद ने डीएम व एसडीओ से लिखित शिकायत किया है. लिखित आवेदन में बताया गया है कि आनंद बाजार निवासी छेदी कुंजरा के पुत्र गफ्फुर कुंजरा ने 26 अक्टूबर 1962 में सर्वे प्लॉट संख्या 2125 में 67 डिसमिल और 2126 में 1 डिसमिल जमीन को मुस्लिम समाज को दान में दिया गया था. जिसका खाता संख्या 409, खेसरा संख्या 2151 रकवा 67 डिसमिल है. कब्रिस्थान का जमीन का 2013 में वक्का बोर्ड में रजिस्ट्रेशन संख्या 2921 कराया गया था. उन्होंने बताया कि कब्रिस्थान के पीछे एक बिल्डर द्वारा अपार्टमेंट का निर्माण कराया जा रहा है. बिल्डर द्वारा कब्रिस्थान के चारदिवारी तोडकर भवन निर्माण सामग्री रखकर कब्जा कर लिया है. जिसको लेकर एसडीओ , सीओ व स्थानीय पुलिस को लिखित सूचना दिया गया था. साथ ही वक्क बोर्ड द्वारा डीएम को कब्रिस्थान से अतिक्रमण हटाने के लिए लिखित आवेदन दिया गया था. डीएम के आदेश के आलोक में एसडीओ ने सीओ से कब्रिस्थान के जमीन की जांच कराया गया था. सीओ ने 12 जनवरी 24 को जांच रिपोर्ट दिया था कि 68 डिसमिल जमीन कब्रिस्थान का है. उन्होंने बताया कि गफ्फुर कुंजरा शादी नही किया था और कोई बच्चा नही था. उन्होंने बताया कि विधान पार्षद प्रो गुलाम गौस ने अपनी विकास निधि से कब्रस्थान के चारदीवारी का निर्माण कराया गया था.उन्होंने बताया कि बिल्डर ने सीओ से साठ-गांठ कर मोटी रकम देकर कब्रिस्थान के जमीन को फर्जी तरीके से बिल्डर विजेंद्र प्रसाद सिंह पिता रामफल सिंह फतुहा निवाासी के नाम 3 फरवरी 25 को जमाबंदी कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि कब्रिस्थान के 68 डिसमिल जमीन फर्जी तरीके से बिल्डर के नाम पर जमाबंदी करने की जानकारी मिलने के बाद कमिटी के सचिव इफ्तेखार अहमद व मौलवी हसन उर्फ मक्खन ने डीएम, एसडीओ , वक्क बोर्ड , सीओ व स्थानीय थाना को लिखित आवेदन देकर जांच कराने की मांग किया गया है. कब्रिस्थान के जमीन को फर्जी तरीके से बिल्डर के नाम पर सीओ द्वारा जमाबंदी कर दिया गया है. इंतेजामिया कमिटी आसोपुरके संचिव इफ्तेखार अहमद व इंतेजामिया कमिटी के तकियापर के सचिव मौलवी हसन उर्फ मौलवी हसन ने डीएम, एसडीओ , वक्क बोर्ड के कार्यपालक पदाधिकारी से मांग किया है कि कब्रिस्तान के जमीन का फर्जी जमाबंदी को रद्द करते हुए सीओ समेत संबंधित कर्मी व बिल्डर पर कानूनी कारवाई करने की मांग किया है. नही तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन व प्रशासन करने पर बाधा हो जायेगा. सीओ चंदन कुमार ने बताया कि खतियान में मो गफ्फुर कुंजरा के नाम पर है. उन्होंने बताया कि गफ्फुर कुंजरा ने 68 डिसमिल जमीन को 1941 में बजेंद्र नामक व्यक्ति के नाम से रजिस्ट्री कर दिया गया था और 1991और 1992 में जमीन का रसीद भी काट हुआ है. उसी आधार पर जमीन का जमाबंदी किया गया है. सीओ ने बताया कि उक्त जमीन का जमाबंदी रद्द करने के लिए अपर समाहर्ता के पास अनुशंसा कर भेजा गया है. अपर समाहर्ता के जांच रिपोर्ट के बाद ही आगे की कारवाई किया जाएगा. एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि अशोपुर कब्रस्थान के जमीन पर जमाबंदी का जांच करने के लिए डीसीएलआर मनीष कुमार को दिया गया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई किया जाएगा.

## अपराधियों ने बाइक सवार एक युवक की गोली मार कर की हत्या

**घटना स्थल से पुलिस ने एक पिस्तौल व बाइक बरामद की**

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल थाना क्षेत्र के मुस्ताफपुर मोड के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने बाइक सवार को ओवरटेक कर गाडी रूका कर एक युवक को गोली मार कर हत्या कर फरार हो गया. मृतक का पहचान कोथवा निवासी राकेश कुमार सिंह 19 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार के रूप में हुई है. घटना स्थल से पुलिस ने एक पिस्तौल व बाइक बरामद किया है. मृतक के दोस्त रिशु ने बताया कि बुधवार को शाम में रोशन दोस्त अंशु के साथ खगौल रोड वाटर पॉर्क में बकाया पैसे मांगने आया था. जब मैनेजर ने कहा कि बाद पैसे देंगे. इसके बाद मेरी छुट्टी होने पर उसके बाइक पर बैठकर घर कोथवा जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से बाइक सवार तीन बदमाशों ने मुस्ताफपुर मोड के पीछे ओवर टेक कर गाडी रूका रोशन को सीने में गोली मारकर फरार हो गया. गोली लगाने के बाद हमलोग ने रोशन को पास खडी एक कार में लेकर अस्पताल पहुंचे . जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. मृतक के मां ने रोते हुए बताया कि घर से शाम चार बजे फोन आने के बाद निकाला था. रोते हुए कहा कि घर के चिराग बुझा दिया है. उन्होंने बताया कि पिछले 28 जनवरी को लखनीबिगहा के पास बांहे में गोली मार कर जख्मी कर दिया था. रोते हुए बताया कि भुला नामक युवक ने उस समय गोली मारकर जख्मी कर दिया था.एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि बाइक सवार तीन अपराधियों ने रोशन को गोली मारकर हत्या कर दिया है. सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है. ताकि अपराधियों का पहचान किया जा सकेंगे.

## तपन कुमार घोष अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ झारखंड के पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची के आगमन के सभागार में अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ झारखंड की सम्मेलन में राज्य के हर जिले से पधारे कला, सांस्कृतिक, साहित्य, एवं फिल्म से जुड़े कार्यकताओं ने एकमत से झारखंड के जाने माने फिल्मकार, साहित्यकार, कलाकार व खूंटी निवासी तपन कुमार घोष को प्रदेश अध्यक्ष चुने। इसके अलावा डा. परितोष कुमार विश्वास, सुनिल कुमार सहाय, पत्रकार दीपक कुमार घोष, मदीराय नाग को उपाध्यक्ष। मार्शल बारला को महासचिव। प्रशांत कुमार, जितेन्द्र पांडे, डा. प्रवेश दुबे संगठन सचिव के पर नियुक्त किया गया। गणेश लोहरा, पंकज पांडेय, अखिलेश तिवारी को संयुक्त सचिव। विक्रांत गुप्ता, बिरसा लोहरा, विश्व नाथ गंगा को सचिव। किशोर ठाकुर को कोषाध्यक्ष के पर नियुक्त किया गया है।



इस के अलावा महावीर साहू, सत्यव्रत ठाकुर, लक्ष्मी कांत नारायण बड़ाईक, मदन गोस्वामी, जयराम महतो सहित 25 व्यक्ति को झारखंड राज्य कार्यकारी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष तपन कुमार घोष ने कहा कि सारे जिला समिति को भंग कर नया समिति का गठन बहुत जल्द शुरू किया जाएगा।

# नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति से मिले सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा कुलपति के समक्ष रखी गई मांगे

**कुलपति ने कहा कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय में बदलाव दिखेगा**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीलाम्बर- पीताम्बर यूनीवर्सिटी के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह से पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने औपचारिक मुलाकात की। ओझा ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय का सभी कार्य



सुचारू रूप से संचालित हो। कहा कि विश्वविद्यालय में 2017 से सत्र नियमित रूप से नहीं चल पा रहा है। इससे छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नामांकन, नियमित कक्षाओं का संचालन, परीक्षा व परीक्षाफल का समय से नहीं होना चिंताजनक है। ओझा ने कहा कि रिजल्ट, एडमिट कार्ड, मार्क सीट, माइग्रेशन, डिग्री इत्यादि सभी विलंब से मिलना विद्यार्थियों के कई कार्यों में रुकावट हो रही है। ये सभी समय पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाए। सत्र को नियमित करते हुए जल्द छात्र संघ का भी चुनाव होना चाहिए। सीनेट की बैठक समय पर हो। साथ ही दीक्षान्त समारोह भी विश्वविद्यालय में समय -समय पर जरुर कराया जाए। विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेज में नियमित पठन -पाठन हो। इसके लिए विश्विद्यालय का कमेटी बनाए जो समय -समय पर निगरानी के साथ पठन-पाठन पर नजर रखे। इससे छात्र - छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके। ओझा ने कहा कि उनकी सभी बातों को कुलपति ने बड़े धैर्य व गंभीरता से सुना। आस्वस्त किया कि सुचनाएं गए बातों पर गहनता से कार्य किया जाएगा। आने वाले दिनों में किए जा रहे कार्यों से विश्वविद्यालय में सुधार स्पष्ट दिखेगी।

## राशि लेकर फरार हुए शिक्षक का अभी तक आता-पता नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के अंदौली दरवेश पूरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैमा का विद्यालय भवन के लिए वर्ष 2013-14 में करीब 14 लाख रुपए भवन निर्माण के लिए आए थे। उस वक्त विद्यालय का प्रभार अशोक सिंह नामक प्रभारी के पास था । विद्यालय निर्माण की सारी राशि निकासी के बाद भवन का आधा स्ट्रक्चर खड़ा कर शिक्षक फरार हो गए। इतना ही नहीं शौचालय निर्माण की भी राशि बिना निर्माण के ही निकासी करने के बाद शिक्षक जो गायब हुए आज तक आता-पता नहीं चला। प्रभारी प्रधानाध्यापक इस दौरान विद्यालय का प्रभाव लिया और संचालन किया लेकिन भवन का कार्य पूरा नहीं हो पाया। विद्यालय के प्रभारी राम जी पासवान का कहना है कि हमने कई बार इसकी शिक्षा विभाग से शिकायत भी की लेकिन आज तक कोई निदान नहीं निकला।

# रसूलपुर की पहली ग्रामीण महिला डाकिया इंदु देवी को दी गई अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत की पहली ग्रामीण महिला डाक सेविका इंदु देवी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। हृदयगति रुकने से उनका आकस्मिक निधन हो गया था। वैदिक रीति-रिवाज के साथ श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पैतृक आवास पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व शुभचिंतक शामिल हुए। उल्लेखनीय है



कि इंदु देवी 1987 में अपने दिवंगत पति त्रिलोकी नाथ मिश्रा के स्थान पर ग्रामीण डाक सेवा में नियुक्त हुई थीं। लगभग 40 वर्षों तक वे लगातार सेवा में रही और अपने सरल स्वभाव और व्यवहार कुशलता के कारण गांव की महिलाओं और युवाओं के बीच खास पहचान बना चुकी थीं। चिट्ठी से लेकर मनीऑर्डर व नियुक्ति पत्र से लेकर राखी तक पहुंचाने वाली इंदु देवी को ग्रामीणों के बीच बेहद स्नेह व सम्मान प्राप्त था। मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने उन्हें संघर्षशील महिला बताते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, पूर्व सरपंच मुर्तजा, हरेन्द्र पांडेय सहित अन्य गणमान्यों ने उनके सेवाभाव को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। वहीं गृह मंत्रालय में कार्यरत अनिल दुबे ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे जन्म से लेकर नौकरी की नियुक्ति व पदोन्नति तक की खुशखबरी उनके हाथों ही घर पहुंचती रही। जब भी मिलती थीं, व्यस्तता के बावजूद बातों में डुबा लेती थीं। श्रद्धांजलि सभा में मृतका के पुत्र आईटी सेक्टर में कार्यरत कौशल मिश्रा, पुत्रियां पुष्पा, पूनम व करुणा सहित पूरा परिवार उपस्थित था। मौके पर भरत दुबे, अखिलेश तिवारी, शिवजी दुबे, राजेंद्र प्रसाद, उमाशंकर चौबे, संतोष दुबे समेत सैकड़ों ग्रामीणों और स्नेहीजनों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# धरा रह जाएगा ट्रंप का टैरिफ

## तेज रफ्तार से दौड़ती रहेगी भारत की इकॉनमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए हैं। हालांकि इसमें अभी 90 दिन की मोहलत दी गई है लेकिन भारत पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत टैरिफ से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के टैरिफ और दुनियाभर में व्यापार में हो रही दिक्कतों का असर भारत पर कम होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है और यहां सामान का निर्यात कम होता है। भारत पर कम असर इसलिए होगा क्योंकि भारत का अमेरिका के टैरिफ से सीधा संपर्क कम है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई तरह की चीजें दूसरे देशों को बेचता है, जिससे उसे फायदा होता है। भारत की अपनी अर्थव्यवस्था भी बहुत बड़ी है। इसलिए भारत को दूसरे देशों को सामान बेचने पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना पड़ता। इसमें भारत की कोई खास कमजोरी नहीं बताई गई है लेकिन इसमें कहा गया है कि भारत के पास खासकर बंदरगाहों के मामले में अच्छे मौके हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां चाइना-वी की रणनीति चल रही हैं। इसका मतलब है कि कंपनियां पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहती हैं बल्कि दूसरे देशों से भी अपना सामान मंगवाना चाहती हैं। इससे भारत के बंदरगाहों को फायदा हो सकता है क्योंकि कंपनियां चीन के अलावा भारत से भी सामान मंगवा सकती हैं। मूडीज का कहना है कि भारत सरकार कई योजनाएं चला रही है।

इन योजनाओं से लोगों का खर्च बढ़ेगा, देश में सामान बनाने की क्षमता बढ़ेगी और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा। इससे अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में मदद मिलेगी। महंगाई कम होने से ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं। इससे भी विकास को सहारा मिलेगा। बैंकों के पास पर्याप्त पैसा है, जिससे वे आसानी से लोन दे सकते हैं। मूडीज़ ने कहा, भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर कम निर्भरता इसे बाहरी झटकों को सहने की बेहतर स्थिति में रखती है।

रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की भी बात की गई है। मूडीज़ का कहना है कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का असर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर ज्यादा पड़ेगा। भारत के मुख्य आर्थिक केंद्र संघर्ष क्षेत्र से दूर हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार भी ज्यादा नहीं होता है। हालांकि अगर तनाव बढ़ता है तो भारत को रक्षा पर ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है।

### क्यों नहीं होगा असर

मूडीज ने यह भी माना है कि ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर टैरिफ को दिक्कत हो सकती है जो अमेरिका को निर्यात करते हैं। लेकिन भारत का सर्विस सेक्टर मजबूत है और अर्थव्यवस्था घरेलू बाजार पर ज्यादा निर्भर है। इसलिए भारत पर ज्यादा असर नहीं होगा। इस महीने की शुरुआत में मूडीज ने भारत के 2025 के विकास का अनुमान 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। लेकिन फिर भी यह त्र-20 देशों में सबसे ज्यादा है। अप्रैल में अमेरिका ने कुछ चीजों पर नए टैरिफ लगाए थे। हालांकि बाद में इसे 90 दिनों के लिए रोक दिया गया। बेस टैरिफ अभी भी 10 प्रतिशत है। लेकिन कुछ सेक्टर जैसे स्टील और एल्यूमीनियम पर अभी भी ज्यादा टैक्स लग रहा है।

व्यापार समझौता

## मंजूरी में नियामकों की देरी से विभिन्न देशों के साथ रिश्ते पर असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंजूरी में नियामकों की देरी से अनिश्चितता पैदा होने के साथ अमेरिका और यूरोप सहित विभिन्न देशों के साथ चल रहे भारत के मुक्त व्यापार सौदों पर भी असर पड़ सकता है।ऐसे में विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन होना जरूरी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 16वें वार्षिक समारोह में कहा, निवेशकों की नजर नियामकों की क्षमता और तत्परता पर होती है। जब आप उचित समय में कुछ मुक्त व्यापार समझौतों पर सहमति बनाने की बात करते हैं, तो इसका बहुत गंभीर अर्थ होता है।



इसलिए, चाहे वह मुकदमेबाजी हो या इसमें लगने वाला समय हो या जब नियामक कम पारदर्शी हों, तो बातचीत जटिल हो सकती है। प्रतिस्पर्धा प्रभावित न हो, यह भी देखना होगा वित्त मंत्री ने कहा, नियामक ढांचे में कठोर निगरानी बनाए रखने के साथ ऐसे संयोजनों के लिए तुरंत और निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी दी जाए, जिससे प्रतिस्पर्धा को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा, न सिर्फ व्यावसायिक आचरण बल्कि सरकारी नीतियों, कानूनों और विनियमों को भी प्रतिस्पर्धा को प्रभावित नहीं करना चाहिए।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार का होना आवश्यक–** सीतारमण ने कहा, भारत जैसे देश के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना महज आर्थिक ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है। किसी भी चीज की कीमतें चैरिटी के कारण नहीं गिरतीं, बल्कि इसलिए गिरती हैं क्योंकि कोई और उसी उत्पाद को कम दाम पर बेचने को तैयार है। गुणवत्ता में सुधार नैतिकता के कारण नहीं होता, बल्कि इसलिए होता है क्योंकि बाजार की ताकतें औसत दर्जे को दंडित करती हैं।

**सटीक मूल्यांकन में मिलेगी सहायता- सीसीआई प्रमुख–** सीसीआई की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा, उत्पादन लागत के नए मानदंडों से अधिक सटीक और मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। इससे प्रवर्तन परिणाम आसान हो जाएंगे। डिजिटल बाजारों में तेजी से बदलाव आ रहा है और पहले कदम उठाने का लाभ बहुत जल्दी ही ठोस रूप ले लेता है। सीसीआई डिजिटल बाजारों, वैश्वीकरण और उभरते व्यापार मॉडल की जटिलताओं का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए ढांचे को पुन: व्यवस्थित करने में सक्रिय रहा है।

## पावर प्रोजेक्ट के लिए इस कंपनी को मिला 711 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटेल इंजीनियरिंग के शेयर आज बुधवार, 21 मई को चर्चा में हैं। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर में आज 2 प्रतिशत तक चढ़कर 42.81 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। शेयरों में यह तेजी एक ऑर्डर के बाद देखी जा रही है। दरअसल, कंपनी ने कहा है कि उसे अरुणाचल प्रदेश में एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से 711.29 करोड़ रुपये के ऑर्डर के लिए अप्रूवल लेटर मिला है।

**क्या है डिटेल–** ऑर्डर के तहत 240 मेगावाट की एसइओ जलविद्युत परियोजना अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में स्थित होगी। इसे इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण के आधार पर 44 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है। ऑर्डर में सिविल और संबंधित इंफ्रा के निर्माण और हाइड्रो–मैकेनिकल प्लांट और मशीनरी का परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड की प्रबंध निदेशक कविता शिरवाइकर ने कहा, यह ऑर्डर भारत के पावर सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण इंफ्रा के निर्माण के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करता है और उत्तर–पूर्व में हमारी स्थिति को मजबूत करता है।

## ड्रोन तबाह करने वाला आकाशतीर बनाती है कंपनी, 445 रुपये तक जा सकते हैं डिफेंस कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत–पाक तनाव में तुर्की के कामिकेज समेत पाकिस्तानी ड्रोन्स को स्वदेशी आकाशतीर सिस्टम ने तबाह कर दिया। आकाशतीर को नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बनाया है। मार्केट एक्सपर्ट्स कंपनी के शेयरों पर बुलिश हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का कवरेज करने वाले ज्यादातर एनालिस्ट्स ने इसके शेयरों का प्राइस टारगेट बढ़ा दिया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बुधवार को 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 379.90 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि डिफेंस कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है।

**57000 करोड़ रुपये के मिल सकते हैं ऑर्डर–** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने हाइलाइट किया है कि क्विक रिएक्शन सरफेस–टू–एयर मिसाइल को छोड़कर नए वित्त वर्ष में ऑर्डर इनफ्लो 27,000 करोड़ रुपये पहुंच सकता है। वहीं, अगर क्विक रिएक्शन सरफेस–टू–एयर मिसाइल ऑर्डर इसी साल मिलता है तो यह आंकड़ा 57,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। नवरत्न कंपनी के मैनेजमेंट को इस साल 15 प्रतिशत रेवेन्यू ग्रोथ और 27 प्रतिशत के इबिट्डा मार्जिन की उम्मीद है।

**445 रुपये का टारगेट–** ब्रोकरेज हाउस जेपी मॉर्गन ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 445 रुपये का प्राइस टारगेट दिया है। यानी, मंगलवार के क्लोजिंग लेवल से कंपनी के शेयर 22 पर्सेंट उछल सकते हैं।

## सेल इंडिया, बाय चाइना की चर्चा पकड़ रही जोर, 1 ही दिन में 10016 करोड़ निकाल लिए विदेशी निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ दिनों से लगातार खरीदारी कर रहे विदेशी निवेशकों ने मंगलवार (20 मई) को भारतीय शेयर बाजार से 10,016 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह फरवरी के बाद से सबसे बड़ी एक दिन की निकासी है। हालांकि, घरेलू निवेशकों ने बाजार को संभालने की कोशिश की और 6,738 करोड़ रुपये लगाए।

**क्यों हुई विदेशियों की बिकवाली–** ग्लोबल मार्केट में नकारात्मक रुझान और घरेलू स्तर पर नई ट्रिगर्स की कमी के चलते विदेशी निवेशक मुनाफा वसूलने लगे। इससे पहले 1 से 16 मई के बीच उन्होंने 23,778 करोड़ रुपये लगाए थे और अप्रैल में भी 4,243 करोड़ रुपये का निवेश किया था। पर अब मूडीज ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग, से घटाकर, 1 कर दी है, जिससे वहां के बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ गया। यही नहीं, ग्लोबल ट्रेड को लेकर चिंताएं भी निवेशकों के मन में घर कर गई हैं।



**क्या चीन की ओर भाग रहे हैं निवेशक–** सेल इंडिया, बाय चाइना की चर्चा फिर जोर पकड़ रही है। अमेरिका-चीन ट्रेड ट्रूस के बाद चीन के शेयर भारत के मुकाबले सस्ते लगने लगे हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर दोनों देशों के बीच स्थायी समझौता होता है, तो विदेशी पूंजी भारत से हटकर चीन की ओर जा सकती है। चीन ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कदम बढ़ाए हैं। मंगलवार को उसने लोन प्राइम रेट 10 बेसिस पॉइंट्स काट दिया, जो अक्टूबर के बाद पहली बार हुआ है। साथ ही, बैंकों के लिए रिजर्व रिक्वायरमेंट्स भी घटाई गई हैं।

**भारतीय बाजार के लिए खतरा–** गेओजित फाइनेंशियल के डॉ वीके विजयकुमार कहते हैं, अचानक विदेशी निवेशकों का इतना बड़ा पलायन चिंताजनक है। अगर यह सिलसिला जारी रहा, तो बाजार पर दबाव पड़ सकता है।

## सरकार के पक्ष में आए फैसले को मुकेश अंबानी की रिलायंस ने दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके विदेशी साझेदारों ने सरकार के साथ गैस विवाद के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन कंपनियों ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मध्यस्थता फैसले को रद्द कर दिया गया था। यह फैसला केंद्र सरकार के 1.7 बिलियन डॉलर के उस दावे से जुड़ा है। सरकार ने आरोप लगाया गया था कि रिलायंस ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन में उसके कुएं से गैस निकाली। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिलायंस ने 14 मई को सबसे पहले याचिका दायर की। इसके बाद उसके साझेदारों यूके की बीपी पीएलसी की सहायक कंपनी बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) और कनाडाई कंपनी निको लिमिटेड ने भी अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं। हाई कोर्ट ने 14 फरवरी को रिलायंस और उसके साझेदारों के खिलाफ फैसला सुनाया था। कोर्ट ने सरकार के दावे को सही ठहराया था। कोर्ट का कहना था कि रिलायंस ने ओएनजीसी के ब्लॉक से गैस निकालकर अनुचित लाभ कमाया है। ओएनजीसी का ब्लॉक रिलायंस के केजी-डी6 फील्ड के बगल में ही है। यह मामला 2013 का है। ओएनजीसी ने दावा किया था कि उसके आइजी और केजी-डीडब्लूएन-98/2 ब्लॉक, रिलायंस के केजी-डी6 फील्ड के साथ एक कॉमन गैस पूल शेयर करते हैं। कंपनी ने हाई कोर्ट में कहा कि रिलायंस ने पहले ही केजी-डी6 को चालू कर दिया था और उस गैस को निकाल रही है जो उसके ब्लॉक से आई है। ओएनजीसी के ब्लॉक पर तब काम चल रहा था।




### सरकार की डिमांड

तेल मंत्रालय ने हाई कोर्ट का रुख तब किया जब सिंगापुर के लॉरेंस वू के नेतृत्व वाले मध्यस्थता पैनल ने उसके दावे को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने लगभग 1.6 बिलियन डॉलर की लागत (ब्याज सहित) और 175 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त लाभ पेट्रोलियम की मांग की थी। यह मांग 31 मार्च, 2016 तक रिलायंस द्वारा की गई अनुचित लाभ की वसूली के लिए थी। सरकार का कहना था कि रिलायंस ने गलत तरीके से गैस निकालकर जो पैसा कमाया है, उसे वापस किया जाए। 14 फरवरी के आदेश में, जस्टिस रेखा पल्ली और जस्टिस सौरभ बनर्जी की खंडपीठ ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसने सरकार के दावे को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने जस्टिस अनूप जयराम भंबानी के उस पहले के आदेश को भी पलट दिया, जिसमें रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के पक्ष में मध्यस्थता के फैसले को बरकरार रखा गया था। जस्टिस पल्ली और जस्टिस बनर्जी की खंडपीठ ने 9 मई, 2023 के विवादित आदेश और मध्यस्थता पंचाट के 2018 के फैसले रद्द कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि ये फैसले कानून की स्थापित स्थिति के विपरीत हैं।

देश में खाद्यान्न की महंगाई से रहेगी राहत

## आगामी महीनों में भी नहीं सताएंगे बढ़े दाम; गेहूं की बंपर फसल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के लोगों को खाद्यान्न की महंगाई नहीं सताएगी। बंपर पैदावार और मुद्रास्फीति का ऐतिहासिक रूप से 42 माह में सबसे निचले स्तर पर होना बताता है। देश खाद्यान्न के मामले में सक्षम है और भंडार भरे हैं। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में खाद्यान्न उत्पादन इस बार भी बंपर है। इसलिए निकट भविष्य में भी स्थितियां सामान्य रहने वाली है। देश में अप्रैल में कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स सबसे कम 1.78 फीसदी था। इससे पहले यह अक्तूबर 2021 में 0.85 फीसदी सबसे कम था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में खाद्यान्न की कीमतों में निकट भविष्य में कोई बड़ी बढ़ोत्तरी नहीं होगी।

इसके अलावा देश में चालू रबी मार्केटिंग सीजन में अभी तक गेहूं की सरकारी खरीद तय लक्ष्य से कम रहने वाली है। किंतु यह चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि यह तय लक्ष्य से थोड़ी ही कम है। किसानों को उनकी फसल का भरपूर दाम मिला है। निजी कंपनियों ने किसानों से खूब खरीदी की है। देश के सरकारी गोदामों में 382.22 लाख मीट्रिक टन चावल का भंडार है। अक्टूबर नवंबर से नई फसल आ जाएगी, जिसके पूर्वानुमान भी काफी अच्छे होने की उम्मीद है।



**गेहूं की अभी तक 296 लाख मीट्रिक टन खरीद–** सरकारी खरीद में गेहूं की अभी तक 296 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। चोपड़ा ने कहा कि जबकि सरकारी खरीद का लक्ष्य 312 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का रखा गया था। इसमें पंजाब में निजी कंपनियों और उत्तर प्रदेश से कम सरकारी खरीद के कारण तय लक्ष्य से कुछ कम रह गया है। सरकार ने इसमें पंजाब से 124 लाख मीट्रिक टन, हरियाणा से 75 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 80 लाख मीट्रिक टन, उत्तर प्रदेश से 30 लाख मीट्रिक टन, राजस्थान से 20 लाख मीट्रिक टन और गुजरात से 0.01 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने था।

**पंजाब–हरियाणा में 15 मई तक गेहूं की खरीद खत्म–** इसमें पंजाब और हरियाणा में 15 मई तक गेहूं की खरीद खत्म हो गई है। जबकि उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अभी यह 30 मई जारी है। इसमें मध्य प्रदेश को भी जोड़ा गया है, इसके बाद भी बहुत कम उम्मीद बची है कि सरकारी खरीद इस बार भी अपना लक्ष्य पूरा कर पाएगी।

### राजस्थान में 16.46 लाख मीट्रिक टन खरीद

राजस्थान में 16.46 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई है। जबकि गेहूं उत्पादन वाले अन्य राज्यों से कोई खरीद नहीं हो पा रही है। सरकार ने गेहूं के लिए 2425 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है, लेकिन बाजार में सभी राज्यों में यह काफी ऊपर चल रहा है। गन्ना की फसल भी अच्छी है इसलिए कह सकते हैं कि अभी खाद्यान्न के मामले में देश काफी सहज और अनुकूल हालातों में है। खाद्य सचिव ने कहा कि देश में इस बार भी बंपर फसल है, ऐसे में जनता पर खाद्यान्नों की महंगाई का बोझ नहीं पड़ेगा। जहां तक सवाल खाद्य तेलों की ऊंची कीमत का है तो यह दुनिया में हो रही महंगाई और भारत द्वारा लगाई गई आयात ड्यूटी का भी असर है।

## आ रहा है लीला होटल का आईपीओ

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में लग्जरी होटलों के मशहूर ब्रांड द लीला को तो जानते ही होंगे। इस होटल को चलाने वाली कंपनी है श्लॉस बैंगलोर । यह कंपनी अपना आईपीओ लेकर आ रही है। लीला होटल का आईपीओ आगामी सोमवार यानी 26 मई, 2025 को खुलेगा। हम बता रहे हैं इस आईपीओ के बारे में सबकुछ।

### क्या है आईपीओ का आकार

यह आईपीओ 3,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1,000 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचे जाएंगे। ओएफएस का मतलब है, जब कंपनी के मालिक या कुछ निवेशक अपने शेयर बेचते हैं।

**कब तक खुला रहेगा–** यह आईपीओ तीन दिन तक खुला रहेगा। यानी 26 मई को खुल कर 28 मई को बंद हो जाएगा। उम्मीद है कि 2 जून को बीएसइ (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसइ (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) दोनों पर शेयरों की लिस्टिंग हो जाएगी।




### क्या है प्राइस बैंड

इस आईपीओ का प्राइस बैंड 413 रुपये से 435 रुपये तय किया गया है। इसमें आवेदन करने वाले निवेशकों को कम से कम 34 शेयर के लिए बोली लगानी होगी। मतलब कि रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम 14,042 रुपये का निवेश करना होगा।

**क्या है जीएमपी–** ग्रे मार्केट में इस समय लीला होटल के एक शेयर पर 18 रुपये का प्रीमियम कोट किया जा रहा है। मतलब कि यदि प्राइस बैंड का अपर पोर्शन, 435 रुपये को इश्यू प्राइस माना जाए तो 4.14 फीसदी का प्रीमियम।

### लीड मैनेजर्स कौन हैं

इस आईपीओ को मैनेज करने की जिम्मेदारी छ्रूरू फाइनेंशियल, कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली और एसबीआई कैपिटल जैसी कंपनियों को दी गई है। केएफआई टेक्नोलॉजीज इस इश्यू के लिए रजिस्ट्रार का काम कर रही है।

**देश की सबसे बड़ी लग्जरी होटल कंपनी–** श्लॉस बैंगलोर 2019 में शुरू हुई थी। कमरों की संख्या के हिसाब से यह भारत की सबसे बड़ी लग्जरी होटल कंपनियों में से एक है। मई 2024 तक, कंपनी द लीला पैलेसेस, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के नाम से 12 होटल चला रही है, जिनमें 3,382 कमरे हैं। इनमें से पांच होटल पूरी तरह से कंपनी के हैं। ये बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली, जयपुर और उदयपुर में हैं। ये होटल भारतीय राजा–महाराजाओं के समय की वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का मिश्रण हैं। ये अमीर बिजनेस और घूमने–फिरने वाले लोगों को पसंद आते हैं। होटलों में कमरों के बिजनेस के अलावा, कंपनी 67 बढ़िया रेस्टोरेंट और बार भी चलाती है। साथ ही, 12 वेलनेस सेंटर (जहां स्वास्थ्य और आराम से जुड़ी सेवाएं मिलती हैं) भी हैं। द लीला पैलेस बेंगलुरु में कंपनी का स्पा (जहां मसाज और दूसरी आरामदायक चीजें की जाती हैं) लग्जरी वेलनेस ब्रांड सोनेवा के साथ मिलकर बनाया जा रहा है।

**क्या होगा आईपीओ से मिले पैसों का–** कंपनी आईपीओ से मिलने वाले 2,300 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने और अपनी कुछ खास सहायक कंपनियों के कर्जों को चुकाने या कम करने में करेगी। बाकी पैसे का इस्तेमाल कंपनी के सामान्य कामकाज के लिए किया जाएगा। मई 2024 में कंपनी को 36 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। लेकिन, कंपनी ने अपना नुकसान काफी कम कर लिया है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 21-05-2025 22:14 Page 1



# वज्रपात से पांच मासूम गंभीर

▶ घायलों में चार बच्चियां एवं एक बच्चा शामिल

▶ सभी घायलों का सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बुधवार की दोपहर में बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में चार मासूम बच्चियां एवं एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में कल्याणपुर गांव निवासी अंतू विश्वकर्मा की पुत्री सात वर्षीय सुमन कुमारी, सुनील विश्वकर्मा की पुत्री छह वर्षीय रूपा कुमारी, 10 वर्षीय रेणु कुमारी, 12 वर्षीय रूबी कुमारी एवं पलामू जिले के पांडू निवासी दिनेश मेहता का आठ वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के नाम शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें रेणु कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, सभी बच्चे गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक पुराने पीपल के पेड़ के नीचे खेल रहे थे। मौसम में अचानक बदलाव हुआ और तेज बारिश के साथ जोरदार गरज-चमक शुरू हो गई।

इस दौरान अचानक उस पेड़ के आसपास में ही वज्रपात हुआ, जिसके चपेट में आकर पांचों बच्चे घायल हो गए।

घटनास्थल के आसपास के लोगों ने पांचों बच्चों को बेहोशी हालत में वहां से उठाया और उनके स्वजनों को सूचना दी।

इसके बाद घायलों को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। चिकित्सक के अनुसार के अनुसार सभी बच्चों को प्राथमिक उपचार किया गया है। लेकिन उनमें रेणु कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है।

इधर, इस घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों का हालचाल लिया। इस घटना को लेकर घायल बच्चों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव के लोग भी इस घटना से आहत हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता एवं घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।

## स्कूल बस तालाब में गिरी, 22 छात्र घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक स्कूल बस तालाब में गिर गई, जिससे 22 बच्चे घायल हो गए। हादसा इचक थाना क्षेत्र के तहत आने वाले खुटरा गांव में उस समय हुआ।

हादसे के समय बच्चे स्कूल से घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार घायल बच्चों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आठ बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इचक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण वाहन तालाब में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने बच्चों को तालाब से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान कुछ लोगों ने चालक की पिटाई भी कर दी।

# सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस के यात्री झेल रहे परेशानियां

### कई सप्ताह से यात्री कर रहे शिकायतें, प्रशासन मौन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** दो घंटे से एसी नहीं चल रहा है...। बच्चा रो रहा है...। शिकायत करने पर अटेंडेंट कह रहे आइ डोंट हेल्प यू...। यह कहना है 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस के थर्ड एसी के यात्री रवि कुमार का। गर्मी शुरू होते ही अब ऐसी शिकायत हर दिन मिल रही हैं। मई माह के 19 दिनों में धनबाद से खुलने वाली ट्रेनों में एक दर्जन से अधिक ऐसी शिकायतें मिल चुकी हैं।

गर्मी में चैन की नींद लेकर रेल यात्रा का सपना टूट रहा है। लंबी दूरी की ट्रेन की एसी का बीच सफर में कूलिंग बंद हो रहा है। इससे चारों ओर से पैक डब्बे में यात्री उबल रहे हैं। नियमित ट्रेनों के साथ महंगे किराए वाली स्पेशल ट्रेनों में भी यात्रियों को ऐसी समस्या झेलनी पड़ रही है। इस असुविधा से यात्रियों में काफी नाराजगी है। उनका कहनाहै कि पूरा किराया लेकर सुविधाएं आधी दी जा रही हैं। गर्मी के दौरान पहले से एसी की जांच कर सुधार कर लेना चाहिए। इससे सफर के दौरान परेशानी नहीं होगी।शनिवार को रवाना हुई 03679 धनबाद कोयंबटूर स्पेशल के सेकेंड एसी के यात्री मोहन राव ने एसी न चलने की शिकायत की। कहना था कि दोपहर में एसी न चलने से अंदर बैठे यात्री उबल रहे हैं। इसी ट्रेन के यात्री विशाल आनंद ने भी एसी न चलने की शिकायत की।

13333 दुमका-पटना एक्सप्रेस के थर्ड एसी के यात्री अंशु कुमार ने एसी न चलने की शिकायत की। रेलकर्मी आए और ठीक होने की बात कह कर चले गए पर स्थिति जस की तस है। 03312 चंडीगढ़-धनबाद गरीब रथ स्पेशल के जी-12 के यात्री इंद्रजीत ने एसी न चलने की शिकायत की। इसके जवाब में रेलवे ने बताया कि आन बोर्ड इलेक्ट्रिकल स्टाफ भेजा गया था। उसने पाया कि नियमानुसार एसी कोच का तापमान सामान्य है।

# जिप की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को मिला अल्टीमेटम

### सीओ ने दी 24 घंटे में अतिक्रमण खाली करने की चेतावनी

#### प्रशासन के तेवर से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प की स्थिति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** रामगढ़ बाजार में जिला परिषद की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान चला रहे दुकानदारों को बुधवार को अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो ने 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

अंचलाधिकारी ने कहा कि यदि कल शाम तक अतिक्रमण नहीं हटा तो जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण की गई जमीन को खाली कराया जाएगा। अंचलाधिकारी के कड़े तेवर के बाद अतिक्रमणकारियों में एक बार फिर से हड़कंप मच गया है।

अंचलाधिकारी ने अंचल कर्मी को सभी दुकानदारों को अतिक्रमण किए गए जमीन की एरिया की लिखित जानकारी देने को कहा। कहा कि यदि कोई दुकानदार उनके अमीन से संतुष्ट नहीं हैं तो वह निजी अमीन से नापी करवा सकते हैं।

बता दें कि इससे पूर्व 12 अप्रैल को अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार महतो ने माइकिंग कराकर अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को नोटिस थमाया था। 26 अप्रैल को सभी दुकानदारों को कार्यालय में आकर जवाब देने को कहा था, लेकिन किसी भी दुकानदार ने जवाब दाखिल नहीं किया।

सीओ ने जिला परिषद की जमीन पर कई लोग अवैध ढंग से दुकान का संचालन करते हैं। मार्केट कांप्लेक्स में दुकान के बाहर दर्जनों लोग छप्पर लगाकर रखे हैं जो पूरी तरह से अवैध है।

# झारखण्ड को नशामुक्त बनाने के लिए जारी है अभियान

### युवाओं में ड्रग्स के नुकसान के बारे में जागरूकता जरूरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच है कि झारखंड को नशामुक्त बनाया जाए। इसी सोच के साथ नशा रोकने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनरों को नशे के दुष्प्रभाव समझाए जा रहे हैं ताकि वे अपने-अपने जिलों में जाकर लोगों को जागरूक कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें झारखंड के युवाओं को नशे से बाहर निकालना है। यह बातें उन्होंने डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में नशा रोकने के लिए चल रहे मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को कही। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी भी शामिल थे।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रांची के इंटेलिजेंस ऑफिसर कुमार मनोहर मंजुल ने बताया कि अफीम, कोकीन, हेरोइन, गांजा, कफ सिरप, व्हाइटनर, डेंड्राइट जैसे नशे की आदतें युवाओं की जिंदगी खराब कर रही हैं। हमें समझना होगा कि ड्रग्स का सेवन कैसे होता है और युवाओं को इसके नुकसान से अवगत कराना होगा। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में सिंथेटिक ड्रग्स जैसे कफ सिरप, नेल पेंट की खुशबू, डेंड्राइट आदि का उपयोग ज्यादा हो रहा है। खूँटी जिले में अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती गैरकानूनी है और किसानों को अन्य फसल उगाने के लिए मुफ्त बीज भी दिए जा रहे हैं। हमें भी ऐसे प्रयास करने होंगे।

रिनपास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सजल आशीष नाग ने बताया कि युवाओं का नशे की तरफ बढ़ना कई कारणों से होता है जैसे गलत संगत, तनाव और नशा आसानी से मिलने की वजह से। उन्होंने कहा कि नशा करने से पढ़ाई पर असर पड़ता है, व्यवहार बदल जाता है और अकेलापन बढ़ता है। रिनपास में नशे के आदी लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है जिससे उन्हें नशा छुड़ाने में मदद मिलती है।

सीआईपी के डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी ने नशा करने के कारण और इससे बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यूनिसेफ के मृत्युंजय नायक ने कहा कि नशा रोकने के लिए संचार और सामुदायिक सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि भारत ने दिखाया है कि मिलकर काम करने से बेहतर नतीजे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे खुलकर बात करें और उन्हें यह विश्वास हो कि प्रशासन उनकी मदद करेगा। हर वर्ग के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताना होगा।

सिनी के सुभादीप अधिकारी ने बताया कि नशा रोकने के लिए कई विभागों का सहयोग जरूरी है। शिक्षा, महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेलकूद, पुलिस, आजीविका प्रोत्साहन, वन और पर्यावरण विभाग एक साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम बनाएंगे। साथ ही लोगों को नशे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के बारे में भी बताया जाएगा।

# मंईयां सम्मान योजना का मिलेगा छह माह का आवंटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को आवंटन का टेंशन नहीं होगा। अगले महीने से नियत समय पर लाभुकों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की जाएगी। सरकार ने इसके लिए एकमुश्त छह महीनों का आवंटन जिला को उपलब्ध कराया है।

अप्रैल से लेकर सितंबर तक का भुगतान में कोई समस्या नहीं होगी। राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा शाखा को एक साथ साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का आवंटन दिया है। लाभुकों को अप्रैल का भुगतान बकाया है। दो-चार दिनों के भीतर अप्रैल महीने के बकाया का भुगतान किया जाएगा।

तत्पश्चात इस महीने के अंत या जून के पहले सप्ताह में मई का लंबित बकाया का भुगतान होगा। इसी प्रकार जून के मध्य या अंत तक उस महीने का भुगतान हो जाएगा। जिले में मईयां सम्मान योजना के लाभुकों की कुल संख्या 2,06,065 है। प्रत्येक लाभुक को हर महीने ढाई हजार रुपये दिए जाते हैं।

संख्या के अनुसार, एक महीने का आवंटन 51,51,62,500 रुपये होते हैं। इस प्रकार देखा जाए, तो छह महीनों का आवंटन 3,09,09,75,000 रुपये होते हैं, जबकि सरकार ने साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया है।

सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लाभुकों को आवंटन को लेकर अब समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने की राशि लाभुकों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने को लेकर प्रक्रिया की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही दो से चार दिनों के भीतर उनके खातों में राशि चली जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि लाभुकों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि संभव है। चूंकि सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में साधन-संपन्न परिवार के महिलाओं व बेटियों का नाम सूची से हटाया जा रहा है। ऐसे में हर महीने संख्या बल में अंतर आ सकता है। अप्रैल महीने का भुगतान 2,06,065 लाभुकों में होना है।

## कांग्रेस ने प्रखण्ड अध्यक्ष को निकाला

**घाटशिला।** बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में काम करने के आरोप में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष मो. मुस्तकीम के विरुद्ध संगठनात्मक कार्रवाई हुई।

कांग्रेस के पूर्वी सिंहभूम के कार्यकारी ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमित राय ने मो. मुस्तकीम को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया। ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने मो. मुस्तकीम को दिए पत्र में जिक्र किया कि विगत विधानसभा चुनाव में आपके क्रियाकलाप पार्टी नियमों के खिलाफ रहे हैं। आपने गठबंधन के प्रत्याशी रामदास सोरेन के विरूद्ध भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में काम किया है। यह बात प्रमाणित है। पार्टी आपको तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए निष्कासित करती है। इस पत्र की कॉपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी को भेजी गई है। बता दें कि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के विरूद्ध पार्टी के कई नेताओं ने ग्रामीण जिलाध्यक्ष से शिकायत की थी।

भाजपा प्रत्याशी के संग उनके कई फोटो साक्ष्य के तौर पर दिया गया था।

# विधायक श्वेता सिंह की बढ़ी मुश्किलें

### दो पैन कार्ड और चार वोटर आईडी कार्ड रखने का आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज रांची में चुनाव आयोग के कार्यालय जाकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई।

भाजपा का आरोप है कि विधायक श्वेता सिंह के पास दो पैन कार्ड और चार वोटर आईडी कार्ड हैं, जो चुनावी नियमों का उल्लंघन है। साथ ही, उन्होंने विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई और आवंटित क्वार्टर का नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं लगाया। भाजपा का कहना है कि यह संवैधानिक नियमों के खिलाफ है और इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

चुनाव आयोग कार्यालय में यह शिकायत भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह और विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने सौंपा। भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करें।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के अनगड़ा प्रखंड के चिलदाग गांव में एक 19 वर्षीय युवक ने आज आत्महत्या कर ली। युवक का नाम ऋत्विक महतो है, जो पिछले कुछ समय से मानसिक दबाव और डिप्रेशन से जूझ रहा था। बताया जा रहा है कि उसके डिप्रेशन का मुख्य कारण एकतरफा प्यार था।

परिवार के अनुसार, ऋत्विक को गांव की ही एक युवती से एकतरफा प्यार था, लेकिन कुछ महीने पहले उस युवती की शादी हो गई। इस कारण वह लगातार मानसिक तनाव में था और डिप्रेशन का इलाज भी करवा रहा था। आज उसने अपने कमरे में खुद को फांसी के फंदे से लटकाकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने बताया कि युवक पिछले कुछ समय से अवसाद में था और उसने एकतरफा प्यार के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पहाड़ों पर ड्रोन से लगाए जाएंगे लाखों पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण व घटते जंगल को देखते हुए जमशेदपुर वन प्रमंडल ने जंगलों में हरियाली लाने के लिए झारखंड में पहली बार हेलीकॉप्टर और ड्रोन के माध्यम से पौधरोपण करने का अनोखा प्लान तैयार किया है। इसी मानसून के दौरान जमशेदपुर वन प्रमंडल अपने क्षेत्र में हेलीकॉप्टर और ड्रोन की मदद से पांच लाख से अधिक फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पहाड़ों के समतल स्थलों जहां पौधा पेड़ का रूप धारण कर सकें वैसे स्थानों पर ही हेलीकॉप्टर और ड्रोन से सीड बॉल उपर से गिराए जाएंगे।सीड बॉल मिट्टी से बने गेंद होते हैं, जिनमें पौधों के बीज होते हैं।

हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल पौधों को लगाने के लिए एक नया तरीका है, जो खासकर उन जगहों पर उपयोगी है जहां जमीन तक पहुंचना मुश्किल है या पारंपरिक तरीकों से पौधरोपण करना संभव नहीं है।

यह तकनीक पौधों की संख्या बढ़ाने, जंगल में घनत्व को बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। खासकर ऐसे इलाकों में जहां हरियाली कम हो गई है। इस तरीके की मदद से 5 लाख से अधिक फलदार पौधे लगाए जाएंगे।

दुर्गम इलाकों में हरियाली लाने में हेलीकॉप्टर व ड्रोन से पौधरोपण करने के कई फायदे हैं। जैसे हेलीकाप्टर और ड्रोन उन जगहों तक पहुंच सकते हैं जहां पैदल जाना या अन्य तरीकों से पौधरोपण करना मुश्किल है, जैसे कि पहाड़ या ढलान। वहां इस तरीके से पौधरोपण जल्दी होता है और प्रभावी ढंग से होता है।

पौधे लगाने में ड्रोन का इस्तेमाल पारंपरिक तरीकों की तुलना में कम लागत वाला हो सकता है। जहां कम पौधे हैं या जंगल कम हो गए हैं, वैसे स्थानों को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है।

जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी कहते हैं कि कई कंपनियां जो कि ड्रोन का उपयोग करके बड़े क्षेत्रों में वनीकरण के लिए पौधे लगा रही है। इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक स्मिता पंकज से विचार विमर्श किया।

सहमति मिलते ही उन्होंने प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेज दिया।

# आदिवासी बहुल क्षेत्रों में ग्राम सभा से खुलेंगी शराब की दुकानें

### जनजातीय परामर्शदातृ समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** प्रोजेक्ट भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आदिवासी बहुत इलाकों में शराब की दुकानों को खोलने के लिए ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही शराब की दुकान अथवा बार खोलने की अनुमति जनजातीय समाज के लोगों को ही देने पर चर्चा हुई जिस मामले में महाधिवक्ता से परामर्श लेने का निर्णय किया गया।

परिषद् की बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए झामुमो के वरीय विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि एक मत से सदस्यों ने इस बात को माना कि टीएसी पूरी तरह से वैध है। उन्होंने भाजपा के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया जिसके तहत इस बैठक की वैधता पर सवाल उठाया जा रहा था।

दावा किया कि टीएसी में गवर्नर की जगह मुख्यमंत्री को अधिकार दिए जाने का निर्णय पूरी तरह से सही है और महाधिवक्ता ने भी इस पर अपने परामर्श में हामी भरी है। स्टीफन ने यह भी बताया कि मेसा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है जबकि नियमावली बनने के बाद पेसा प्रभावी होगा।

जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की बैठक में बुधवार को कई विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आदिवासी बहुल इलाकों में शराब की दुकानों और बार को लेकर यह निर्णय लिया गया कि इसके लिए ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य होगी।

इतना ही नहीं, कुछ सदस्यों ने जनजातीय समाज के लोगों को ही शराब की दुकान आवंटित करने को लेकर विचार करने का आग्रह किया, जिसपर एक बार फिर ग्राम सभा की सहमति की बात कही गई। बैठक में खरकई डैम के लेवल को नीचे करने को लेकर भी सहमति बनी।

सीएनटी एक्ट के तहत थाना क्षेत्र की बाध्यता को समाप्त करने के प्रस्ताव पर महाधिवक्ता से परामर्श लेने की बात कही गई। स्टीफन मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन हमेशा शराबबंदी की वकालत करते रहे हैं इसलिए शराब की अनुमति के लिए ग्रामसभा की सहमति लेने की बात कही गई है।

भारतीय जनता पार्टी ने पहले से ही टीएसी की बैठक के बहिष्कार का निर्णय लिया था। सो, बुधवार को आयोजित बैठक में टीएसी के सदस्यों में शामिल बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन बैठक से अनुपस्थित रहे।

## मौसम बिगड़ने की आशंका

**जमशेदपुर।** शहर के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और शाम में हवा के साथ वर्षा होने से मौसम सुहाना हो गया है।दिन में तेज धूप और शाम होते-होते आंधी के साथ वर्षा देखने को मिली। हालांकि, कुछ ही देर के बाद मौसम सामान्य हो गई। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिन इसी तरह का मौसम देखा जा सकता है। बुधवार को भी वर्षा होने की संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 25 व 26 मई को जोरदार वर्षा और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर भी मौसम विभाग अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने लोगों से वर्षा के दौरान पेड़ के नीचे खड़ा नहीं होने की अपील की है। पेड़ के नीचे और ऊंचाई वाले स्थान पर वज्रपात होने की संभावना अधिक रहती है।

37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। वहीं, 0.4 एमएम वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 से 26 मई के बीच शहर का तापमान 38 से 36 के बीच रहेगा। ऐसे में गर्मी से भी शहरवासियों को राहत मिलेगी।

# उप्र के अस्पताल से टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

### मुठभेड़ में घायल होने पर भतीजा संग भाग गया था बनारस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड की पलामू पुलिस ने उत्तर प्रदेश में बनारस के एक निजी अस्पताल से इलाजरत टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर अखिलेश यादव उर्फ गौतम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वह गढ़वा जिला अंतर्गत बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा गांव का रहने वाला है।

बता दें कि बीते दिनों मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत बंसकटिया जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के गौतम यादव के पेट में गोली लग गई थी। इस दौरान फरार होने के बाद वह बनारस पहुंचा और वहां के अस्पताल में अपना नाम बदलकर इलाज करवा रहा था। पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गौतम यादव यूपी के बनारस में अपना नाम बदलकर अपने भतीजा आकाश यादव 20 वर्ष की मदद से इलाज करवा रहा है।

इस सूचना के आलोक में एएसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जहां सत्यापन के उपरांत गौतम यादव को गिरफ्तार कर बनारस के कोर्ट में पेश किया गया।

उसके बाद उसको उसी निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है। जहां हालत में सुधार होने की स्थिति में उसको मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया जाएगा।

बीते 15 मई को मनातू थाना क्षेत्र के बंसकटिया जंगल में पुलिस की टीएसपीसी के साथ मुठभेडु हुई थी। जिसमें पुलिस ने एके-47 की मैगजीन समेत कई सामान बरामद किया था। इसी मुठभेड़ में गौतम यादव को पेट में गोली लगी थी। उसके बाद गौतम अपने भतीजा आकाश यादव 20 वर्ष के साथ बनारस में इलाज कराने के लिए भाग गया था।

जहां के निजी अस्पताल में मिथिलेश यादव के नाम से भर्ती होकर अपना इलाज करा रहा था। गौतम यादव पर मनातू थाना में चार, तरहसी थाना में एक, पिपरा थाना में एक और छतरपुर थाना में एक मामला दर्ज था। पुलिस उसके भतीजा आकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बांग्लादेश टी20 के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

## बाबर, रिजवान और अफरीदी बाहर




**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है, जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी शामिल नहीं हैं। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर, रिजवान और अफरीदी को टी20 सेटअप से बाहर किया गया है। इससे पहले अप्रैल में, तीनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन वे वनडे मैचों का हिस्सा थे। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाली तीन मैचों की सीरीज, कोच के तौर पर माइक हेसन की पहली सीरीज होगी, जिसका शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे और ऑलराउंडर शादाब खान उनके डिप्टी होंगे, जबकि अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह भी टीम में शामिल हैं। चोट से जूझने के बाद आक्रामक बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी से पाकिस्तान को मजबूती मिलेगी। फरवरी में दूसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय टखने में फ्रैक्चर होने के बाद अयूब इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही बाहर हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मौजूदा पीएसएल सीजन में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। इस बीच, 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को पीएसएल में उनके प्रदर्शन के लिए 2018 के बाद पहली बार टी20 सेटअप में वापसी का इनाम मिला है। उन्होंने पीएसएल में अब तक अपने 10 मैचों में 154.50 की स्ट्राइक रेट से 394 रन बनाए हैं और इवेंट में रन बनाने वाले चार्ट में सबसे आगे हैं।

### पाकिस्तान टीम-

सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के लिए रवाना हुई। वहां वे चार देशों के एक दोस्ताना हॉकी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट टीम की दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारी का हिस्सा है। इसमें भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें एक-दूसरे के साथ मुकाबला करेंगी और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से 2 जून (भारतीय समयानुसार) तक चलेगा। इस दौरान भारतीय टीम इन तीनों देशों के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। इसका उद्देश्य टीम की तैयारी को परखना, सही टीम संयोजन बनाना और रणनीतियां सुधारना है। इस टीम के कोच तुषार खांडेकर हैं। गोलकीपर निधि टीम की कप्तान होंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी हीना बानो उप-कप्तान होंगी। भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली से, दूसरा 26 मई को उरुग्वे से और तीसरा 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

टीम के रवाना होने से पहले कप्तान निधि ने कहा, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। हम प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास मैचों में दिखेंगे। मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने से हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

## राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने कहा

# अगला साल निश्चित रूप से हमारा होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लीग मैचों के समाप्त होने में अभी एक सप्ताह बाकी है, लेकिन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 14 लीग मैचों का कोटा पूरा होकर उनके आईपीएल 2025 का सफर समाप्त हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनने वाली आरआर अभी भी सीएसके से ठीक ऊपर और अंक तालिका में अंतिम से दूसरे स्थान पर है, जबकि पिछले साल आरआर ने प्ले ऑफ तक का सफर पूरा किया था। टीम के इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा, इस सीजन कई मैच ऐसे रहे, जहां हमने जीतते-जीतते कई करीबी मुकाबले गंवाए। हमने तीनों विभागों, खासकर फील्डिंग में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इसके अलावा हमने पांच बल्लेबाज रिटेन किए थे तो हमें बल्लेबाजों से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन कई मौके ऐसे आए, जहां हमने अच्छी शुरूआत नहीं की। वहीं गेंदबाजी में भी हमने अधिकतर बार 10 से 15 रन अधिक दिए, जो बाद में हार का अंतर साबित हुए। कई मौकों पर हम मैच को अपने पक्ष में समाप्त कर सकते थे, लेकिन हम दुर्भाग्यशाली रहे कि हम ऐसा नहीं कर पाए। यह निराशाजनक है और इससे




तकलीफ होती है, लेकिन यह आपको अगले सीजन के लिए उम्मीद भी देती है। मुझे लगता है कि हम इससे बुरा और नहीं कर सकते और अगले सीजन हम निश्चित रूप से वापसी करेंगे। ये सभी लड़के एक साल और अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट खेलकर और भी बेहतर होंगे, खासकर हमारी बल्लेबाजी इकाई और भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि आरआर ने इस साल चार ऐसे करीबी मुकाबले गंवाए, जिसमें जीत-हार का अंतर 11 रन से भी कम था, वहीं दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मुकाबला भी सुपर ओवर में जाने के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर इन मुकाबलों में से आधे के परिणाम भी आरआर के पक्ष में जाते तो वे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहते। हालांकि राठौड़ ने कहा कि उन्हें इस सीजन से कई सकारात्मक चीजें मिलीं, जो कि अगले सीजन को बेहतर बनाने के काम आएंगी।

वैभव सूर्यवंशी के लिए पूछे जाने पर राठौड़ ने कहा, सूर्यवंशी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके पास निरंतरता है और वह लगभग हर मैच में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी अच्छी पारी खेली थी और बार-बार ऐसा करना दिखाता है कि वह अलग और अनूठे हैं। उनके बल्ले का डाउनस्विंग उन्हें एक विशेष खिलाड़ी बनाता है।

राठौड़ ने कहा, हमने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, जैसे आज सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल ने अच्छा स्पैल डाला। उनको ऐसे गेंदबाजी करते देखना निश्चित रूप से सुखद था। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अच्छी गेंदबाजी की। आज, वनिंदु हसरंगा ने भी वापसी करते हुए अच्छी गेंदबाजी की। हम दुर्भाग्यशाली रहें कि सैंडी (संदीप शर्मा) बीच टूर्नामेंट में चोटिल हो गए, लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं, जिस पर हम निर्भर रह सकते हैं। तो गेंदबाजी में ये सभी सकारात्मक चीजें हैं।

उन्होंने कहा, वहीं बल्लेबाजी में तो बहुतों ने उम्मीद जगाई है। हमारी बल्लेबाजी जिस तरह की है, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए जितना बेकार सीजन हो सकता था, हो चुका है। यहां से चीजें बेहतर ही होंगी। चाहे वैभव (सूर्यवंशी) हों या ध्रुव जुरेल, सब यहां से बेहतर ही होंगे। वहीं रियान पराग एक विशेष खिलाड़ी हैं। संजू (सैमसन) दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस सीजन अधिकतर समय चोटिल रहें, हम उम्मीद करते हैं कि वह अगले सीजन पूरी तरह फिट होकर हमारे लिए पूरा सीजन खेलेंगे। वह न सिर्फ एक अच्छे बल्लेबाज, बल्कि बेहतरीन कप्तान और नेतृत्वकर्ता हैं। वहीं (शिमरॉन) हेटमायर के लिए यह निराशाजनक सीजन रहा, लेकिन जिस तरह के वह खिलाड़ी हैं, वह भी निश्चित रूप से कोशिश करेंगे कि आगे ऐसा ना हो।

सीएसके के खिलाफ दिल्ली में हुए मैच के दौरान युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी का दूसरा पक्ष भी दिखाया और बताने की कोशिश की कि अगर टीम की जरूरत हो तो वह विकेट पर टिककर खेलना भी जानते हैं। आरआर की पारी की शुरूआत में जब जायसवाल आक्रामक होकर खेल रहे थे, तो सूर्यवंशी ने थोड़ा सा टिककर खेलना उचित समझा। पहले ही गेंद से आक्रमण के लिए माने जाने वाले सूर्यवंशी के नाम इस मैच की शुरूआती 10 गेंदों पर सिर्फ 12 रन थे और उन्हें पावरप्ले में बहुत कम गेंदें खेलने को मिली।

हालांकि आठवें ओवर में जब नूर अहमद गेंदबाजी के लिए आए तो सूर्यवंशी ने एक छक्का और दो चौके लगाकर अपने हाथ खोले और फिर रूके ही नहीं। उनके 33 गेंदों की 57 रनों की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के शामिल थे।

## सीएसके की 10वीं हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा...

# शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह लगभग तय है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर समाप्त होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हारने के साथ उनका पतन जारी रहा।

मंगलवार को बड़ी संख्या में भीड़ - जिसमें बच्चे, वयस्क और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे - ने कोटला में कड़ी गर्मी और कामकाजी सप्ताह के दिन का सामना किया और पीली जर्सी पहनकर और हर छोटे अवसर पर सीटी बजाकर एमएस धोनी एंड कंपनी के लिए जोरदार समर्थन दिखाया।

लेकिन सीएसके के उलझे हुए दृष्टिकोण - जैसे कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे से आगे बढ़ाना - और गेंदबाजी में कोई भी पैनापन नहीं होना, ने उन्हें फिर से निराश किया।


मंगलवार के मुकाबले से पहले, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि सीजन को अच्छी तरह से खत्म करने का अवसर उनके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। लेकिन आरआर से हार, जो इस सीजन की उनकी दसवीं हार थी, ने सीएसके को टी20 तालिका में काफी पीछे रहने की याद दिला दी। इसलिए, फ्लेमिंग को यह कहते हुए सुनना आश्चर्यजनक नहीं था कि सीएसके का अंक तालिका में सबसे नीचे रहना 'संभवतः उचित' है।

हमें यहां नीचे रहना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन यह कोई प्रेरणा नहीं है। हम बस एक अच्छा प्रदर्शन चाहते थे। हम कुछ प्रदर्शनों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य दो अच्छे प्रदर्शन करना था। अब बस एक अच्छा प्रदर्शन खत्म करना होगा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं। हमने उस तरह का क्रिकेट खेला है, इसलिए आप इससे दूर नहीं रह सकते। लेकिन हम जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करें, जो टीम की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि सीएसके द्वारा 78 रन पर अपनी आधी टीम गंवाने के बाद 187/8 का स्कोर बनाना सराहनीय था, लेकिन यह स्कोर हमेशा ही आरआर की प्रेरित टीम को चुनौती देने के लिए अपर्याप्त था, जिसने अपने युवाओं के दम पर जीत हासिल की। कुछ खिलाड़ियों ने चेन्नई में भी ट्रेनिंग की थी। बस इसमें थोड़ी यात्रा शामिल थी। बाकी सब अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि यह तालिका में हमारी स्थिति के हिसाब से अधिक है, अगर आप शीर्ष चार या पांच के आसपास हैं, तो वापस आकर प्रेरित होना और खेल में उतरना बहुत आसान है। फ्लेमिंग ने कहा, हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। इन दो मैचों के लिए हमारी प्रेरणा बहुत अधिक रही है। ट्रेनिंग अच्छी रही है। तीव्रता ठीक थी। हम फिर से बीच में प्रदर्शन करने में कमी कर रहे हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच, सीएसके इस बात से खुश होगी कि आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को किस तरह से प्रदर्शन किया, जिन्होंने क्रमशः 43 और 42 रन बनाते हुए कुछ बेहतरीन शॉट दिखाए। हालांकि सीएसके ने पावर-प्ले में 68 रन बनाए, एक ऐसा चरण जो उनके पतन का आधार रहा है, के बाद उन्होंने म्हात्रे सहित तीन विकेट खो दिए, और इससे 200 तक पहुंचने की उनकी इच्छा को चोट पहुंची।

# धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर, किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाले टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रही कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# आईपीएल 2025: 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट

## रोकी गई हैदराबाद की टीम; दो बार आएंगे कोहली

**लखनऊ, एजेंसी।** 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में खेला जाएगा। इसके लिए हैदराबाद की टीम रोक ली गई है। बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं,




बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।

विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को खेलता देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रसंशकों के लिए बोनस है।

मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है।

**प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही** – पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजांयट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगा था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

**बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद** – हम प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

# मलेशिया मास्टर्स: एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत

## दूसरे दौर में पहुंचे; सिंधू पहले ही दौर में बाहर

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंट टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के




पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।




**पुरुष एकल में भारतीयों का जलवा** – प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी।

**सिंधू की खराब फॉर्म जारी** – पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधू की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरुआती दौर ही पार नहीं कर सकीं। सिंधू को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

# चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं

**चंबा, एजेंसी।** चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी। चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं। गत वर्ष राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चंपा ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीता था। यह प्रतियोगिता हैदराबाद में हुई। पिता रमेश ठाकुर ने बताया कि चंपा का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### संगम विहार में बदमाशों ने पैर में गोली मारकर लूट लिए 50 हजार रुपये

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** संगम विहार में सोमवार देर रात बदमाशों ने एक व्यक्ति के पैर में गोली मारकर 50 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। घायल महेश कुमार को को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। संगम विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को रात करीब 12:30 बजे संगम विहार थाना पुलिस को साईं चौक के पास लूटपाट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची, मगर तब तक घायल को एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया जा चुका था।

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि बदमाशों ने संगम विहार निवासी 52 वर्षीय महेश कुमार के पैर में गोली मारकर उनसे दो लाख रुपये लूट लिए हैं, हालांकि रकम 50 हजार रुपये थी।

पुलिस एम्स ट्रामा सेंटर पहुंची तो वहां घायल महेश और उनके स्वजन मिले। पुलिस को घायल महेश कुमार के भांजे ने कॉल कर वारदात की सूचना दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि संगम विहार में रात को उनके मामा को दो लोग मिले थे और उनसे कुछ बात कर रहे थे।

इस दौरान उनसे से एक बदमाश ने मामा के पैर में गोली मारकर उनसे 50 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार हमलावर पीड़ित के जानने वाले हैं और उनकी पहचान कर ली गई है।

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। साथ ही पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपितों की तलाश में जुटी है। बदमाश जल्द पकड़े जाएंगे।

### मोटे मुनाफे का लालच : एक झटके में हड़पीं 36 कारें; अब खुलासा हुआ तो दंग रह गए पुलिस अफसर

**साहिबाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के टैक्सी कंपनी के संचालक से किराये पर कंपनी में लगवाने के नाम पर 36 कारें हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपित ने किराये पर लेकर लोगों के पास गिरवी रख दी। उन्होंने तलाश की तो आरोपित ने मारपीट की। पीड़ित की ओर से फरीदाबाद निवासी आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की अशोक वाटिका के नदीम अख्तर रेंटो कार के नाम से टैक्सी कंपनी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास कुछ अपनी कारें हैं। कई कारें उन्होंने परिचित से ली हुई हैं।

उन्हें किराये पर और मासिक भुगतान पर देते हैं। कुछ समय पहले उनकी मुलाकात फरीदाबाद के अभय पेरीवाल से हुई थी। उसने फरीदाबाद की एक कंपनी में किराये पर कार लगवाने की बात कही। मोटा मुनाफा मिलेगा। आरोपित की बात में आकर उनसे 36 कारें ले ली। यह कारें उन्होंने अपनी, परिचितों की दी। शुरुआत के दो महीने में सही समय पर किराये दिया। इसके बाद रुपये देने बंद कर दिया। उन्होंने काल कर रुपये देने की बात कही। आरोप है कि वह टाल मटोल करता रहा। उन्हें संदेह हुआ तो वह अपने परिचितों के साथ आरोपित से मिलने फरीदाबाद पहुंचे। तब पता चला कि जिस कंपनी में आरोपी ने कार लगवाने की बात कही थी। उस नाम की कोई कंपनी फरीदाबाद में है ही नहीं। तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। कई कारें बेची, कई गिरवी रखीं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित ने उनसे ही नहीं धोखाधड़ी की। उसने एनसीआर के कई लोगों से सैकड़ों कारें किराये पर लगवाने के नाम पर ली। कई कार बेच दीं तो कई को गिरवी रख दिया। कई कार उन्होंने खुद तलाशीं, जिन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा है। आरोप है कि आरोपित से उन्होंने कार मांगी तो उसने मारपीट की। उन्होंने पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन कार्यालय में शिकायत की।

### 5 घंटे तक स्टील की बेंच में फंसी रही बच्ची की दोनों अंगुली, फिर ऐसी निकाली

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-53 ए स्थित फव्वारा पार्क में खेल रही छह वर्षीय बच्ची के दोनों हाथ की एक-एक अंगुली स्टील बेंच में फंस गईं। काफी मशक्कत के बाद भी अंगुलियां नहीं निकलीं लेकिन, इस कवायद में बच्ची के अंगुली की खाल निकल गई और हड्डी दिखने लगी। वहीं, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने बेंच के कुछ हिस्से को छोड़कर बेंच को काटा और बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। बेंच के जिस हिस्से में अंगुलियां फंसी थीं उसको अस्पताल में निकाला गया।

# अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तार अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कथित आपत्तिजनक पोस्ट के सिलसिले में प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि आपको सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अली खान के सोशल मीडिया पोस्ट पर शब्दों के चयन पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों को अपमानित करने और उन्हें असहज करने के लिए किया गया। हालांकि सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन अभी ऐसी टिप्पणी क्यों की गई?

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के डीजीपी को निर्देश दिया कि वे प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ मामले की जांच के लिए आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन करें। साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट लिखने से मना किया है।



ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तारी होने के बाद सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद राहत के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अली खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। उनकी ओर से मामले पर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई गई थी जिस पर कोर्ट ने केस सुनवाई के लिए जल्द ही सूचीबद्ध करने का भरोसा दिलाया था। अली खान ने अपनी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ के समक्ष याचिका का जिक्र किया। सिब्बल ने कहा था कि उन्हें देशभक्ति वाले बयान के लिए गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि इससे पहले, मंगलवार को प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की दो दिन की रिमांड खत्म होने पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आजाद सिंह की कोर्ट ने सात दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था।

उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी बड़ा मुद्दा बन चुकी है। सोशल मीडिया पर उन्हें समर्थन मिल रहा है। 1,100 से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर उनकी रिहाई की मांग की है। यही याचिका सुप्रीम कोर्ट में डाली गई है। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर से भाजपा के पूर्व सांसद रितेश पांडेय ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने नई दिल्ली में कहा था कि मैं अपने देश की किसी बेटी को झुकने नहीं दूंगी। अपने पद पर रहते हुए न कल झुकने दिया, न आज झुकने दूंगी और न ही आगे नहीं झुकने दूंगी। प्रोफेसर अली खान का नाम लेकर कहा था कि जो भी व्यक्ति इस तरह से देश की बेटियों के नाम पर गद्दारी करेगा, उनके खिलाफ मेरा काम चलता रहेगा।

## नोएडा में 4 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की जेब पर बढ़ेगा बोझ, कितनी होगी बढ़ोतरी?

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा जिले में करीब चार लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ने वाला है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के हालिया फैसलों ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। अप्रैल 2025 में बिजली बिलों में 1.24 प्रतिशत ईंधन और ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) जोड़ा गया था, जिसके बाद अब बिजली दरों में और वृद्धि की तैयारी हो रही है। इससे घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की संभावना है।



उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने जनवरी 2025 में बहुवर्षीय टैरिफ नियमन के तहत ईंधन अधिभार लगाने की मंजूरी दी थी। इसके तहत अप्रैल में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के बिलों पर 1.24 प्रतिशत अधिभार जोड़ा गया। उदाहरण के लिए, 1000 रुपये के बिल पर उपभोक्ताओं को 12.40 रुपये अतिरिक्त चुकाने पड़े। अब विभाग एक बार फिर दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला रही हैं।

वहीं, जून 2025 में होने वाली जनसुनवाई में इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी, जिसका उपभोक्ता परिषद पुरजोर विरोध करने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह बढ़ोतरी उपभोक्ताओं के लिए अन्यायपूर्ण है। बिजली कंपनियों ने पहले ही अनुचित तरीके से अतिरिक्त वसूली की है। ग्रेटर नोएडा में 2021-22 तक 1176 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली का मामला सामने आ चुका है।

उन्होंने मांग की कि जब तक कंपनियों का बकाया उपभोक्ताओं को वापस नहीं मिलता, तब तक कोई नई वृद्धि लागू नहीं होनी चाहिए। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल ने इस पर किसी तरह की टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा।

# कुल्हाड़ी से गले पर किए ताबड़तोड़ वार, युवक की हत्या से इलाके में फैली सनसनी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के खांडसा मंडी में आढ़त पर मुंशी का काम करने वाले 42 वर्षीय युवक की सोमवार रात ओल्ड रेलवे रोड पर आरडीएस वाइन शाप के पास गले पर कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। युवक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि शराब के नशे में झगड़े के कारण उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

मृतक युवक की पहचान सुभाष नगर के सतीश उर्फ छंगा के रूप में की गई। उनके भाई मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चार भाई और एक बहन हैं। वह सबसे छोटे हैं। उनसे बड़े भाई सतीश खांडसा मंडी में एक आढ़ती के यहां मुंशी का कार्य करते थे। वह नियमित सुबह पांच बजे जाते थे और दोपहर दो बजे मंडी से वापस घर आ जाते थे।

सोमवार को भी दोपहर दो बजे आने के बाद शाम चार बजे वह घर से अपनी कार लेकर निकले थे। किंतु देर रात वापस नहीं लौटे। रात 12 बजे उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनके भाई सतीश पर ओल्ड रेलवे रोड पर वाइन शाप के पास अनजान व्यक्ति ने गले पर धारदार हथियार से हमला किया है। आसपास के लोग घायल को खांडसा रोड स्थित लावण्या अस्पताल ले गए। परिवार के लोगों के पहुंचने से पहले ही डाक्टरों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया।





गुरुग्राम शहर थाना पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मौके पर सीन आफ क्राइम, थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमों ने साक्ष्य जुटाए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई और सतीश के मोबाइल की जांच की गई। जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार शाम आरोपित को धर दबोचा गया। उसकी पहचान सुभाष नगर के रहने वाले 34 वर्षीय धर्मेंद्र के रूप में की गई। वहीं, प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र और सतीश की जान-पहचान थी। दोनों का कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। हालांकि बाद में फिर से बोलचाल हो गई थी। सोमवार रात सतीश आरोपित के बुलाने पर वाइन शाप के पास पहुंचे थे। यहां दोनों ने शराब पी। इसके बाद दोनों में कहासुनी हो गई।

बताया गया कि झगड़े के दौरान ही आरोपित ने कुल्हाड़ी से सतीश की गर्दन पर वार कर दिया और मौके से फरार हो गया था। शहर थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी पूछताछ के लिए आरोपित को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

# पाकिस्तान में पानी के लिए मचा हाहाकार

### सिंध में गृह मंत्री का घर जलाया; बंदूकें लेकर आए प्रदर्शनकारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया। उधर पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन जारी है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलियां भी चलाई गईं। पुलिस के लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित कुछ अन्य घायल हो गए।

**गृह मंत्री के घर घुसे प्रदर्शनकारी :** इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दो ट्रेलरों में आग लगा दी। उन्होंने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर के घर में भी घुसकर तोड़फोड़ की और कई हिस्सों में आग लगा दी, जबकि कुछ मोटरसाइकिलों को भी आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी गृहमंत्री के घर बंदूकें लेकर पहुंचे हैं। इस वजह से मोरो की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात स्थगित रहा। वहीं पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि बेनजीराबाद के पुलिस उप महानिरीक्षक परवेज चंदियो और नौशहरो फिरोज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संघार मलिक मौके पर पहुंचे स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए विभिन्न थानों के कर्मियों को भी बुलाया गया।

**राजनेता के घर पर हमला कोई साजिश है:** पीपीपी सिंध के सूचना सचिव अजीज धामरा ने एक बयान में घटना की निंदा करते हुए इसे आतंकवादी गतिविधि करार दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के विरोध प्रदर्शन पर कोई बैन नहीं है, लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के घर पर हमला करना कोई साजिश नजर आती है। सिंध के गृह मंत्री ने भी एक बयान जारी किया और नौशहरो फिरोज एसएसपी से घटना की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### माउंट ल्होत्से से लौट रहे भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** हिमालय में दुनिया के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट ल्होत्से पर चढ़ने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। राजस्थान के राके बिश्नोई ने प्रहोत्से के शिखर बिंदु से लौटने के बाद कैंप-4 के पास येलो बैंड में अतिम सांस ली। हिमालयन टाइम्स ने नेपाली गाइड के हवाले से बताया कि बिश्नोई ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अपनी कोशिश को छोड़ने के बाद माउंट ल्होत्से पर चढ़ाई की। लेकिन येलो बैंड के पास उतरते समय वह मारे गए।

## राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा आरोप; बाइडन के कर्मचारियों ने देशद्रोह किया, अमेरिका को खतरे में डाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि बाइडन के सहयोगियों ने उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर अमेरिका की सीमाएं खुली छोड़ दीं, जिससे देश में अपराधी, ड्रग डीलर और मानसिक रूप से अस्थिर लोग बिना किसी जांच के घुसते रहे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, यह अमेरिका के खिलाफ सबसे बड़ा देशद्रोह है।

**ऑटोपेन से फैसले लिए गए- डोनाल्ड ट्रंप:** उन्होंने आरोप लगाया कि बाइडन खुद खुली सीमाओं के पक्ष में नहीं थे, लेकिन उनके कर्मचारियों ने सत्ता संभाल ली और ऑटोपेन (एक इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर उपकरण) से फैसले लिए। ट्रंप ने कहा कि सीमा पार से अपराधियों, ड्रग तस्करों और मानसिक रोगियों का प्रवेश बिना रोक-टोक के होता रहा। इससे देश को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हुआ और राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ी।

**ट्रंप ने की सख्त सजा की मांग:** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो लोग यह सब कर रहे थे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन देशद्रोही लोगों को बहुत कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ये देश को खत्म करना चाहते थे, लेकिन मैं उन्हें रोकने के लिए आया।

**बाइडन की सेहत को लेकर भी निशाना :** ट्रंप के इस बयान से पहले एक नई किताब ओरिजिनल सिन: प्रेसिडेंट बाइडन डिक्लाइन, इट्स कवर-अप एंड हिज डिसट्रॉस वाइस टू रन अगेन में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति बाइडन की शारीरिक हालत काफी खराब हो गई थी। वहीं कुछ समाचार एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन के डॉक्टर ने चेतावनी दी थी कि अगर वह गिरते हैं तो उन्हें व्हीलचेयर की जरूरत पड़ सकती है। इसी कारण उनके स्टाफ ने उनके लिए चलने के रास्ते छोटे कर दिए, रेलिंग लगवाई और सीढ़ियों की जगह छोटे रास्तों का इस्तेमाल किया।

# अफगानिस्तान भी रोकेगा पाकिस्तान का पानी: कुनार नदी पर डैम बना रहा

### अफगान जनरल बोले- ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे

**काबुल, एजेंसी।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने सोमवार को जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा- यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे।

तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा।

**कुनार नदी को लेकर पाक-अफगान में कोई समझौता नहीं:** 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती। यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है।

**काबुल नदी का जल प्रवाह 16-17प्रतिशत घट सकता है:** पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं।



**जयशंकर ने तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की:** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है। इसके लिए भारत 2020 करोड़ रुपए (236 मिलियन डॉलर) की वित्तीय सहायता दे रहा है। यह प्रोजेक्ट तीन साल में पूरा होगा और 4 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करेगा, साथ ही 20 लाख लोगों को पीने का पानी देगा। भारत और अफगानिस्तान ने फरवरी 2021 में शहतूत बांध के लिए एक समझौता किया था। इससे पहले भारत ने 2016 में अफगानिस्तान में सलमा बांध बनाया था, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अफगान राष्ट्रपति अशरफ घनी ने किया था।

# भूमिहीन परिवारों से जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त करें आवेदन : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने राजस्व संबंधित मामलों का बुधवार को समीक्षा किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी पी. भार्गवी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी अंचलाधिकारी (सीओ), राजस्व संबंधित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने भूमिहिन परिवार के सदस्यों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर अंचलाधिकारियों को अंचल कार्यालय में आगामी तीन दिनों तक शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय ग्रामसभा आयोजित कर प्रावधान के अनुरूप ऐसे सभी आवेदनों को तय समय पर निष्पादन करेंगे। इस तरह का कोई मामला प्रकाश में नहीं आना चाहिए कि भूमि नहीं होने के कारण किसी का जाति प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं किया गया। वहीं, जिले में सक्सेशन म्यूटेशन व पार्टिशन म्यूटेशन




(उत्तराधिकार/बंटवारानामा दाखिल - खारिज) का आंकड़ा संतोषजनक नहीं होने को लेकर उपायुक्त ने इसको लेकर भी सभी अंचलों में शिविर लगाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, अंचलाधिकारियों को क्षेत्र में व्यापक प्रचार - प्रसार कराने को कहा। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रद्द आवेदनों को स्पष्ट कारण के साथ रद्द करने को कहा। बेवजह झ्र छोटी कारणों से किसी आवेदन को रद्द नहीं करेंगे। उन्होंने उत्तराधिकार/बंटवारा नामा के लंबित मामलों को निष्पादित करने को कहा। उपायुक्त ने विभिन्न अंचल न्यायालयों/ डीसीएलआर न्यायालयों में लंबित मामलों की भी सुनवाई करने, निष्पादित मामलों के आर्डर को आन लाइन अपलोड करने एवं नियमित रूप से अंचलाधिकारियों को अपने न्यायालय में निर्धारित दिन को मामलों की सुनवाई का निर्देश दिया। साथ ही, निष्पादित मामलों को आन लाइन अपलोड करने को कहा। उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को भू-मापी के मामलों को जल्द निष्पादन को कहा। उन्होंने 90 दिन, 60 दिन एवं 30 दिन तक लंबित आवेदनों की समीक्षा किया। प्रतिदिन भू-मापी का कार्य कराने एवं 90 - 60 दिन के लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन को कहा। राजस्व की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लक्ष्य अनुरूप सभी विभागों को राजस्व संग्रह करने को कहा। उन्होंने अभी से ही माह वार लक्ष्य को निर्धारित करते हुए उसे अर्जित करने को कहा, ताकि वर्षिक लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकें। साथ ही, राजस्व संग्रहण को लेकर रणनीति तैयार कर कार्य करने को कहा। उपायुक्त ने क्रमवार वाणिज्यकर (बोकारो/बेरमो), निबंधन विभाग (बोकारो/बेरमो), खनन, उत्पाद, परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, बाजार समिति (चास/ बेरमो), माप- तौल विभाग (चास/बेरमो), नगर निगम चास, जिला मत्स्य, नगर परिषद फुसरो आदि की अप्रैल माह 2025 के राजस्व संग्रह की जानकारी ली और सुधार को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। इससे पूर्व, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने विस्तार से सभी बिंदुओं पर अंचलवार समीक्षा की। मौके पर राजस्व शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपी तीन युवाओं को किया गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के माराफारी थाना क्षेत्र में हुए दुष्कर्म एक मामले में पीड़िता के द्वारा 20 मई की रात्रि में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए हेडक्वार्टर डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता के द्वारा एसआईटी टीम गठित किया गया। टीम ने 12 घंटे के भीतर 4 में से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। हेड क्वार्टर डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 16 वर्षीय नाबालिग युवती 16 मई को सुबह 10 से 11 बजे के आसपास अपने दोस्त से बात कर रही थी। तभी आरोपियों ने युवती के दोस्त को कमरे में बंद कर मारपीट की। वही एक युवक ने लड़की को पकड़ कर रखा और दूसरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने लिखित आवेदन में कहा है कि वह अपने दोस्त रिषि कुमार के साथ 16 मई को इसके घर पर बातचीत कर रही थी कि उसी क्रम में राकेश कुमार, दीपक कुमार, . विक्की राय एवं . सूरज कुमार शर्मा रिषि कुमार के घर में घुस गए।

# जैक आठवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी, टॉप 07 में बोकारो ने बनाई जगह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड अद्विविद्य परिषद (जैक) द्वारा आहूत 08 वी. की परीक्षा परिणाम मंगलवार देर शाम जारी किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के मार्ग- दर्शन में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में प्री बोर्ड टेस्ट का आयोजन किया गया था। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक क्षमता में बढ़ोतरी हुई। इससे जिले के छात्रों ने पूरे राज्य में टॉप 07 में अपना स्थान अर्जित किया। उपायुक्त ने जिले के छात्रों,शिक्षकों, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अभिभावकों को इस प्रदर्शन के लिए बधाई दी है एवं आगे भी इस क्रम को जारी रखते हुए और बेहतर करने की बात कहीं है। बोकारो जिला पूरे राज्य में 95.28 प्रतिशत अंक लाकर सांतवा स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि 08 वीं की वार्षिक परीक्षा 11 व 12 मार्च 2025 को हुई थी। जिसका कल शाम परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इसमें बोकारो जिले से कुल 21,951 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 20,916 बच्चे प्रमोटेड किये गये हैं। 856 बच्चे मारजिनल हुए है एवं 179 बच्चों का परिणाम अधूरा है। बता दें कि 08 वीं बोर्ड की परीक्षा में कोडरमा जिला 97.76 प्रतिशत रिजल्ट के साथ राज्य में पहले स्थान पर रहा। जबकि 97.71 प्रतिशत रिजल्ट के साथ रांची दूसरे स्थान पर, 96.78 लाकर हजारीबाग तीसरे स्थान पर, 95.71 प्रतिशत के साथ रामगढ़ चौथे स्थान पर, 95.46 प्रतिशत के साथ सरायकेला-खरसांवा पांचवें स्थान पर, 95.33 प्रतिशत के साथ गोड्डा छठे स्थान पर, 95.28 प्रतिशत के साथ बोकारो सातवें स्थान पर, 95.28 प्रतिशत के साथ पलामू सातवें स्थान पर, 95.08 प्रतिशत के साथ गिरिडीह आठवें स्थान पर, 95.06 प्रतिशत के साथ धनबाद जिला नौवें स्थान पर और 94.89 प्रतिशत के साथ गढ़वा दसवें स्थान पर रहा है।

## ांक्षिप्त समाचार

### चास में ऊर्जा मेला का हुआ आयोजन 90 मामलों का किया गया निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार आज बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास कार्यालय परिसर में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं से संबंधित कुल 100 मामले आएं, जिसमें 90 मामलों का त्वरित समाधान किया गया। उक्त ऊर्जा मेला में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत



अभियंता आदि उपस्थित रहें। इसमें शामिल लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन, आरडीएसएस एवं विभाग द्वारा जारी अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि हर माह के तीसरे मंगलवार/बुधवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया जाता है। आगामी 22 मई को तेनुघाट विद्युत प्रमंडल कार्यालय परिसर में ऊर्जा मेला का आयोजन किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ता उक्त मेला में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### मानसून पूर्व नालियों की सफाई में जुटा नगर निगम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जल जमाव की समस्या नहीं हो इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। पिछले दिनों उपायुक्त विजया जाधव ने अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम को कैलेंडर जारी कर विभिन्न वार्डो के बड़े - छोटे नालियों की साफ - सफाई कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद शहर के विभिन्न नालों



की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम चास की ओर से अभियान के तहत कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है। ताकि विभिन्न वार्डो में जलजमाव ना हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके। इसके लिए पिछले कई दिनों से सफाई का काम किया जा रहा है। सफाई कार्य को मजदूरों के अलावा जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के माध्यम से पूर्ण करने का काम किया जा रहा है। स्वयं उपायुक्त एवं अपर नगर आयुक्त द्वारा उक्त सफाई कार्यो का निगरानी किया जा रहा है।

### फ्लाईओवर के एक लेन में आधा से ज्यादा काम हुआ पूरा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक मोड़ फ्लाईओवर के एक लेने में 60% काम पूरा हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि विगत 13 मई से फ्लाईओवर की मरम्मत शुरू हुई। उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य जारी है। अब तक एक लेन में 60% काम पूरा हो गया है। 80



फीट सड़क की ढलाई हो गई है। 12 जॉइंट फिक्स किए गए हैं। जबकि 13 स्लैब में छड़ बिछा दिया है और शेष 5 स्लैब में शीघ्र छड़ बिछाकर 25 मई तक ढलाई पूरी हो जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि फ्लाईओवर मरम्मत की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक दिन जिला स्तर से हो रही है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को तीन शिफ्ट में काम जारी रख समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है।

### भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद


**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में गुप्त सूचना के आधार पर चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुम्हारी गांव



में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। मामले में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में *निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास दल-बल उपस्थित थे।

### बोकारो स्टील प्लांट में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' के व्यावहारिक उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में दिनाँक 21 मई को 'थिंग्स @वर्कः इंटरनेट ऑफ थिंग्स की खोज' विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्टील उद्योग में इंटरनेट ऑफ थिंग्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना था. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री नीता बा, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) तथा श्रीमती देवश्री रानी टोप्पो, महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) उपस्थित



थीं. मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने अपने सम्बोधन में बदलते औद्योगिक परिदृश्य में कð्ळ की भूमिका को रेखांकित किया और इसे प्रचालनिक दक्षता, नवाचार एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने की दिशा में एक अहम कदम बताया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 21 अधिशासियों ने भाग लिया तथा श्री परिचय भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक (सीआरएम-III) ने संकाय के रूप में IoT की मूलभूत अवधारणाओं और संरचना जैसे सेंसर, एक्ट्युएटर, कनेक्टिविटी एवं क्लाउड एकीकरण, सामान्य IoT हार्डवेयर प्लेटफॉर्म और संचार प्रोटोकॉल, स्टील निर्माण में IoT के औद्योगिक उपयोग, सरल IoT प्रोटोटाइप का निर्माण, प्रोग्रामिंग एवं परीक्षण, विभागों में संभावित IoT परियोजना की पहचान करने जैसे विषय पर विस्तृत चर्चा की.

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस की बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बोकारो हवाई अड्डा के समीप राजीव गांधी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर



पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने राजीव गांधी को आधुनिक भारत के निमार्ता और तकनीकी क्रांति के अग्रदूत के रूप में याद किया। विधायक श्वेता सिंह ने कहा, राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर और टेलीकम्युनिकेशन क्रांति की नींव रखी, जिससे आज का डिजिटल भारत संभव हुआ है। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर किया। इस श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने राजीव गांधी के योगदानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, राजीव गांधी ने भारत को आधुनिकता की ओर अग्रसर किया। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व को देश कभी नहीं भुला सकता।

# रघुवर दास का जैनामोड में जोरदार स्वागत

**सीओ से सीएमओ ऑफिस तक भ्रष्टाचार में संलिप्त : रघुवर दास**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर से बोकारो पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जैनामोड में भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। श्री दास बोकारो के नावाडीह थाना क्षेत्र स्थित गांव नारायणपुर पेक जा रहे थे। जहां श्री दास एक आदिवासी युवती के परिजनों से मुलाकात करना था। पिछले दिनों एक मुस्लिम युवक ने उस युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया था। खबर है कि मुस्लिम युवक के परिजन आदिवासी युवती के परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। स्वागत के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब में रघुवर दास ने शराब घोटाला मामले को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, सीओ ऑफिस से सीएमओ तक भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। कहा, भाजपा का आरोप एक बार फिर से सिद्ध हुआ है। बोकारो में पत्रकारों



से बातचीत में रघुवर ने कहा सभी जानते हैं विनय चौबे मुख्यमंत्री का साया थे। सीबीआई जांच में बड़ी मछली का नाम भी उजागर हो जाएगा। उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ में दर्ज मामले में सीबीआई सभी को पकड़ने का काम करेगी। मोदी के राज राज्य में कोई भ्रष्टाचारी बचाने वाला नहीं है। स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार,जिला मंत्री सुभाष चंद्र महतो, विक्रम गोस्वामी, संजय सिन्हा ,शंकर रजक, अनीता गुप्ता ,कृष्णा सिंह, जय नारायण मरांडी, रंजीत महतो, लक्ष्मण नायक ,उत्तम मिश्रा, विनोद महतो, सुनील मंडल ,सुमित जायसवाल ,दीपक सिंह, सुनील सिंह, केदार महतो, रघुनाथ टुडू, मस्तान मिश्रा,रामलाल महतो, राजकुमार गुप्ता शामिल थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रवाना किया चलंत प्याऊ रथ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने हेतु चलंत प्याऊ रथ रवाना किया गया। प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बोकारो अरविंद कुमार न0-2, बोकारो बार एसोसिएशन के प्रभारी सचिव महेश चौधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार न0 -2 के द्वारा न्याय सदन बोकारो से चलंत प्याऊ रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिसमें लोगों के बीच वितरित करने हेतु ओ आर एस, पानी की बोतल इत्यादि सुविधा उपलब्ध थी। उक्त चलंत प्याउ रथ के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वालंटियर्स/अधिकार मित्रों द्वारा बोकारो के जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन के बाहर, उपायुक्त कार्यालय के निकट, गरगा पुल, चेक



पोस्ट चास, तेलीडीह मोड़, धर्मशाला मोड, महावीर चौक, फल मंडी मोड़, गुरुद्वारा के सामने, आईटीआई मोड़, कुरा मोड़, चौवाटांड़ मोड, हरि कीर्तन मेला पिण्ड्राजोरा इत्यादि जगहों पर ओ आर एस एवं बंद बोतल पानी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सरकारी सेवा में लगे ट्रैफिक पुलिस कर्मी, दैनिक कामगार, सड़कों पर ठेला, रेहडी या छोटे दुकान लगाने वाले, खुली धूप में सेवारत कर्मी या अन्य काम करने वाले लोग, छोटे-मोटे दुकानदार एवं अन्य जरूरतमंद लोग जैसे बूढ़े- बुजुर्ग ,बच्चे, महिला इत्यादि को लक्षित कर लोगों को गर्मी में राहत पहुंचाने का कार्य किया गया । यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों के हित संरक्षण हेतु समावेशी विचार के तहत झालसा के माननीय कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन एवं जिला प्रशासन बोकारो के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार द्वारा दी गई।

## इंटक नेता महेंद्र विश्वकर्मा का निधन, शोक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता और सीसीएल के मजदूरों के मसीहा के रूप में जाने जाने वाले महेंद्र विश्वकर्मा का निधन हो गया। इसकी खबर पूरे कोलांचल में कुछ ही समय में फैल गई। उनके निधन से कोयला मजदूरों के साथ-साथ नेताओं में भी मायूसी तथा शोक छा गई। इस संबंध में धनबाद में बीसीसीएल रीजन के तरफ से महेंद्र विश्वकर्मा को नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि हम लोगों ने एक अच्छा साथी को खो दिया और लेबर लॉ के बारे में जितनी जानकारी महेंद्र विश्वकर्मा को थी शायद ही किसी नेता को हो उन्होंने कहा कि वह पूरी जिंदगी मजदूरों के सेवा में लगा दी। यूनियन के वीरेंद्र प्रसाद अंबष्ट मिथिलेश कुमार सिंह रामप्रीत यादव शकील अहमद लग्न देव यादव रणधीर ठाकुर कयूम खान रवि चौबे विमलेश चौबे अमरिंदर चौधरी बम भोली सिंह सुरेंद्र यादव वैभव सिंहा सहित काफी तादाद में नेताओं ने शोक प्रकट किया है

# सरकार व शिक्षा के मापदंड पर खरा उतर रहा है ग्रीन वैली स्कूल : अविनाश वर्मा

**प्रतिभा सम्मान समारोह में 96 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पांकी रोड स्थित ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा, शहर



के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रवीश कुमार सिन्हा, पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी, विद्यालय के निदेशक पंडित प्रदीप नारायण प्रजापति व जेएस कॉलेज में एबीवीपी के अध्यक्ष आकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय के दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं द्वारा अधिकतम 96 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले सभी 21 विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को फूलों की वर्षा के बीच उपहार देकर स्वागत व सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अविनाश वर्मा ने विद्यालय परिवार द्वारा परीक्षा में शानदार परिणाम लाने के लिए छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार के साथ उनके माता-पिता को बधाई दी । उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि वास्तव में अब बच्चों के साथ माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि वर्षो की मेहनत का फल अब आने वाले कुछ वर्षों में मिलने वाला है। अविनाश वर्मा ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों से भी आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के संस्कार पर विशेष जोर देना है। वगैर संस्कार के शिक्षा के उद्देश्य को पूरा नहीं किया जा सकता है। कहा कि ग्रीन वैली स्कूल पलामू जिले का सबसे बड़ा स्कूल बनने की ओर अग्रसर है। मौके पर डॉ रवीश कुमार ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर बच्चों के साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं व अभिभावकों को बधाई दिया। कहा कि इस तरह के आयोजन से अन्य दूसरे बच्चों का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम समाज के लिए सार्थक साबित होता है। इसके पूर्व विद्यालय के निदेशक प्रदीप प्रजापति ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को बुके, शाल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वागतगान के माध्यम से सभी का स्वागत किया।

# नव पदास्थापित मुख्य महाप्रबंध से मिला प्रतिनिधिमंडल कर्मचारियों की बताई समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल, संघ के महामंत्री प्रेम कुमार के नेतृत्व मे बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक, (मानव संसाधन) अनजनी कुमार शरण से शिस्टाचार मुलाकात की। उनको गुलदस्ता देकर स्वगात किया। उनसे आज के ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा की। कहा, कर्मचारी हो या ठेका श्रमिक उनके हितों और अधिकारों की रक्षा की जाए। मांग की सभी कर्मचारियों को कार का गेट पास दिया जाय। कर्मचारियों के बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन और स्कूल फीस में छूट दिया जाय। बी एस एल दवारा संचालित स्कूल फीस मुक्त किया जाय। क्यूंकि कर्मचारियों के आश्रित बच्चे को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सेल. प्रबंधन को देना है। कर्मचारियों का नया पदनाम का उपयोग मे जल्द से जल्द लाया जाय। सभी कर्मचारियों को मोबाइल की सुविधा यथाशीघ्र दिया जाय। कर्मचारियों के बच्चे को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि को बढ़ाया जाय। उपरोक्त सभी मुद्दे पर नये मुख्य महाप्रबंधक ने सकारात्मक रुख रखें है इसका परिणाम जल्द से जल्द दिखेगा। बैठक मे प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक आईआर प्रभाकर कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी, मानव संसाधन संकार्य भी एम बक्षी, आरिफ हुसैन सर, उज्वल सर और संघ की ओर से कार्यकारी महामंत्री सुरेंद्र महतो, संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष राम कुमार श्रीवास्तव, वरीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, सचिव सुशील कुमार और अरुण कुमार उपस्थित रहे।

# टीडीएस एवं टीसीएस के प्रावधान पर संशोधन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयकर विभाग, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस विषय पर एक दिवसीय सेमिनार, आशा लता विकलांग विकाश केंद्र स्थित सभागार में आयोजित किया गया। मौके पर सरकारी विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कार्य क्षेत्र के कटौती कर्ता/लेखा कर्मचारी उपस्थित रहे थे। इस अवसर पर कॉस्ट अकाउंटेंट के चन्द्रपुरा चैप्टर के अधिकारी/सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान आयकर अधिकारी, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो दीपक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि टी डी एस/ टी सी एस के प्रावधानों एवं उसमे लाये गए संशोधन पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने आगे बताया कि टी.डी.एस सही दर से काटने, काटे गए टी डी एस की राशि को सरकारी खाते में सही समय पर जमा करने और नियत तिथि पर त्रैमाषिक विवरण जमा करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही सभी सदस्यों को विभाग की ओर से इस तथ्य से भी अवगत कराया गया कि गलत/अधूरी जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का कटा गया टी डी एस उनके फॉर्म 26 ए एस में परिलक्षित नहीं होता है, जिससे उन्हें अपना आयकर विवरणी दाखिल करने में परेशानी होती है। साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता हैं, जबकि उनका टैक्स कटौती द्वारा पहले से ही काटकर भुगतान किया जा चूका होता है। इस सेमिनार में टी.डी.एस/टी.सी.एस के नये प्रावधानों के अतिरिक्त कर कटौती जमा नहीं करने एवं



जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। वैसे कटौती कर्ता जिनके टी ए एन पर बकाया मांग है। उनसे अविलम्ब बकाया मांग को जमा करने का आग्रह किया गया या अगर संसोधित विवरण अगर नियमानुकूल है तो दाखिल करके बकाया मांग को समाप्त करने के आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त रुपये 50 लाख या उससे अधिक की अचल सम्पति को खरीदने पर 1% की दर से टी डी एस काटकर जमा करने के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। सेमिनार का संचालन एवं धन्यवाद् ज्ञापन मनोज कुमार झा, आयकर निरीक्षिक के द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com